CMYK

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 24°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, रविवार 28 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 44 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 5 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सुप्रीम कोर्ट से हिमालय को आपदाओं से बचाने की अपील पेज 2



भारतीय तीरंदाज शीतल देवी बनीं पैरा विश्व तीरंदाजी चैंपियन खेल टाइम्स



पाकिस्तान पीएम के यूएन में बयान बेतुके: भारत पेज 11




अरशद वारसी की 'भागवत' जल्द होगी रिलीज बॉलीवुड

# तमिलनाडु: एक्टर विजय की रैली में भगदड़, 29 की मौत

## मृतकों में कई बच्चे भी शामिल, 30 से ज्यादा लोग घायल, बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

**नमक्कल।** तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में भगदड़ मच गई। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री एमए सुब्रमणियन ने बताया कि हादसे में 29 लोगों की मौत हो गई। इनमें कई बच्चे भी शामिल हैं। हादसे में 30 से ज्यादा लोग घायल हैं।

बताया जा रहा है कि मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। तमिलगा वेत्री कझगम प्रमुख और एक्टर विजय की रैली में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। भीड़ इतनी ज्यादा बढ़ गई थी कि वहां पर हालात बिगड़ने लगे। अभिनेता से नेता बने विजय लोगों को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों के बेहोश हो जाने से वह भाषण बीच में छोड़कर रैली से निकल गए। शनिवार को विजय की रैली में हजारों की भीड़ पहुंची थी। एक्टर विजय बस पर चढ़कर भाषण दे रहे थे, तभी भगदड़ मची। बताया जाता है कि भीड़ इतनी ज्यादा हो गई थी कि लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल हो गया। अचानक से वहां मौजूद लोग और कार्यकर्ता बेहोश होने लगे। इसके बाद

**■ एक्टर विजय अपना भाषण बीच में छोड़कर रैली से चले गए**

अभिनेता विजय ने अपना भाषण रोक दिया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करने लगे। उन्होंने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वह जरूरतमंदों की मदद करें और उन्हें एंबुलेंस तक पहुंचाएं। भगदड़ मचते ही एक्टर विजय अपना भाषण बीच -शेष पृष्ठ दो पर



# वांगचुक का पाकिस्तान कनेक्शन: लद्दाख डीजीपी

लेह, वार्ता



**सोनम वांगचुक** पर एनएसए लगाने के बाद पुलिस अब उनके पाकिस्तान और बांग्लादेश से संबंधों की जांच करेगी। लद्दाख के डीजीपी एसडी सिंह जामवाल ने शनिवार को कहा कि हमने कुछ दिन पहले पाकिस्तान इंटेलीजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) के एक सदस्य को पकड़ा था। वह वांगचुक से जुड़ी जानकारी पाकिस्तान भेज रहा था।

यही नहीं वांगचुक पाकिस्तान के न्यूजपेपर डॉन के एक इवेंट कार्यक्रम में शामिल भी हुए थे। इसके अलावा वे बांग्लादेश भी जा चुके हैं। वांगचुक को शुक्रवार दोपहर पुलिस ने उनके गांव उल्याकटोपो से गिरफ्तार किया था। उन्हें एयरलिफ्ट कर राजस्थान की जोधपुर सेंट्रल जेल भेजा गया। वांगचुक पर एनएसए लगाया गया है, जिसके तहत लंबे समय तक बिना जमानत हिरासत में रखा जा सकता है। सरकार ने वांगचुक को लेह में 24 सितम्बर को हुई हिंसा का जिम्मेदार बताया था। इस हिंसा में 4 युवकों की मौत हुई थी और 80 लोग घायल हुए थे, जिनमें 40 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। अब तक 60 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लेह में तीन दिन के कर्फ्यू के बाद शनिवार दोपहर चार घंटे के लिए ढील दी गई। लेह हिंसा में प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी ऑफिस फूंक दिया था। सीआरपीएफ की गाड़ी में आग लगा दी थी। सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। जब वे लेह नहीं पहुंचे, तो आयोजकों को -शेष पृष्ठ दो पर

**■ जासूस से संपर्क का दावा, पाक व बांग्लादेश दौरा भी किया, वांगचुक जोधपुर जेल में बंद, एनएसए लगाया**

### घुसपैठ के लिए LOC पार आतंकी मौजूद: बीएसएफ

**श्रीनगर।** कश्मीर में घुसपैठ करने की फिराक में आतंकवादी नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार लॉन्चिंग पैड पर मौजूद हैं। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर के महानिरीक्षक अशोक यादव ने कहा कि कुपवाड़ा, बांदीपोरा और बारामूला जिलों में उनके जिम्मेदारी वाले क्षेत्र (एओआर) के सामने स्थित लांचिंग पैड पर आतंकवादियों की मौजूदगी का पता चला है। श्री यादव ने श्रीनगर में वुलर मैराथन के लिए आयोजित एक टी-शर्ट अनावरण समारोह के बाद कहा कि आतंकवादी हमारी सीमा में घुसपैठ की फिराक में मौका तलाश रहे हैं, आतंकवादी अक्सर खराब मौसम में सीमा पार करने की कोशिश करते हैं और उनकी ये कोशिशें लगातार जारी रहती हैं।

### सेना अनंत शस्त्र एयर मिसाइल वेपन सिस्टम खरीदेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना का एयर डिफेंस सिस्टम अब और मजबूत होगा। सेना ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) को लगभग 30 हजार करोड़ में अनंत शस्त्र सरफेस टू एयर मिसाइल वेपन सिस्टम खरीदने का टेंडर जारी किया है। इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया है। पहले इसे क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल कहा जाता था। अब इसका नाम बदलकर 'अनंत शस्त्र' रखा गया है। अनंत शस्त्र की 5 से 6 रेजिमेंट खरीदी जाएंगी और इन्हें पाकिस्तान-चीन की सीमाओं पर तैनात किया जाएगा। अनंत शस्त्र की खासियत यह है कि यह चलते-फिरते भी दुश्मन के टारगेट को हिट कर सकता है।


### राहुल गांधी चार देशों की विदेश यात्रा पर हुए रवाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी दक्षिण अमेरिका के चार देशों की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री गांधी इस यात्रा के दौरान दक्षिण अमेरिका के ब्राजील कोलंबिया सहित चार देशों के राजनीतिक नेताओं, विश्वविद्यालय के छात्रों और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों से मिलेंगे।

# उप्र में अब न नाकाबंदी और न कर्फ्यू : योगी

## कहा: बरेली में एक मौलाना भूल गया था यूपी में सरकार किसकी है

शाह टाइम्स ब्यूरो



**जो जाति के नाम पर भड़काते हैं, उन्हीं के लिए हमने बुलडोजर बनाया था**

**हमने जो सबक सिखाया है, उससे आने वाली पीढ़ियां दंगे करने से पहले दो बार सोचेंगी**

**लखनऊ।** बरेली में शुक्रवार को हुए बवाल के बाद शनिवार को सीएम योगी ने कहा कि बरेली में एक मौलाना भूल गया कि राज्य में सत्ता किसकी है। उसे लगा कि वो जब चाहे व्यवस्था को रोक सकता है, लेकिन हमने साफ कर दिया कि न तो नाकाबंदी होगी और न ही कर्फ्यू, लेकिन हमने जो सबक सिखाया है, उससे आने वाली पीढ़ियां दंगे करने से पहले दो बार सोचेंगी। 2017 से पहले यूपी में यही चलन था, लेकिन 2017 के बाद हमने कर्फ्यू तक नहीं लगने दिया। उत्तर प्रदेश के विकास की कहानी यहीं से शुरू होती है।

सीएम ने कहा कि जो जाति के नाम पर भड़काते हैं, उन्ही के लिए हमने बुलडोजर बनाया था। पहले दंगाइयों को मुख्यमंत्री आवास में बुलाकर सम्मानित किया जाता था। दंगाइयों की आवभगत होती थी और पेशेवर अपराधी और माफियाओं के सामने सत्ता सेल्यूट करती थी। सत्ताधारी लोग उनके कुत्तों के साथ हाथ मिलाया करते थे। आपने बहुत दृश्य देखे होंगे, कैसे सत्ता का मुखिया एक माफिया के कुत्ते से हाथ मिलाकर अपने को गौरवान्वित -शेष पृष्ठ दो पर

## मौलाना तौकीर रजा समेत आठ गिरफ्तार, 3000 अज्ञात पर केस

**बरेली -ब्यूरो।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बरेली में इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान समेत आठ लोगों को बगैर अनुमति जुलूस निकालने, भड़काऊ नारेबाजी के आरोप में पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हिंसा मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मौलाना तौकीर समेत आठ लोगों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी आठ लोगों को अदालत के आदेश पर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि तीन हजार अज्ञात के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। बगैर अनुमति जुलूस निकालने, हिंसा भड़काने और भड़काऊ नारेबाजी करने के आरोप में कुल दस एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनमें पांच कोतवाली कैंट में, एक किला थाने पर और बारादरी में शामिल है।

**■ एसआईटी का गठन, इंटरनेट सेवा बंद**

## 11 साल के छात्र की सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** 11 साल के जन्मेश सागर ने सीएम श्री स्कूलों में एंट्रेंस एग्जाम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

स्टूडेंट का कहना है कि सीएम श्री स्कूलों में कक्षा 6, 7 और 8 में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम आयोजित करने की दिल्ली सरकार की नीति गलत है। अनुच्छेद 32 के तहत दायर इस रिट पिटीशन में कहा गया है कि यह एंट्रेंस टेस्ट संविधान के अनुच्छेद 21-ए (निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार) और बच्चों के निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई एक्ट) की धारा 13 का उल्लंघन है। आरटीई अधिनियम की धारा 13 स्पष्ट रूप से स्कूल एडमिशन में किसी भी स्क्रीनिंग प्रोसेसर पर रोक लगाती है।

**■ सीएम श्री स्कूलों में एंट्रेंस एग्जाम शिक्षा के अधिकार के खिलाफ**

## एक लाख का इनामी जुबैर उर्फ कालिया ढेर

**रामपुर -ब्यूरो।** गोरखपुर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र दीपक की हत्या का मुख्य आरोपी जुबैर उर्फ कालिया को उत्तर प्रदेश पुलिस की एसटीएफ ने रामपुर जिले के थानागंज क्षेत्र में एक सशस्त्र मुठभेड़ में मार गिराया।

मारे गए बदमाश की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। इस घटना में एक दरोगा और सिपाही भी घायल हुए हैं। पुलिस को चेकिंग के दौरान थानागंज के क्षेत्र चाकू चौराहे पर एक बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रोकने की कोशिश करने पर उन्होंने मोटरसाइकिल मोड़कर भागने का प्रयास किया और खुद को घिरा देखकर पुलिस पर कई राउंड फायर कर दिए। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। पुलिस की गोली से एक युवक मौके पर ही गिर पड़ा, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घायल को पुलिस जिला अस्पताल लेकर आई। जांच पड़ताल में पता चला कि घायल युवक बदमाश जुबैर उर्फ कालिया पुत्र फिरासत उर्फ नौरंगी है। रामपुर का मूल निवासी जुबैर उर्फ कालिया थाना गंज के क्षेत्र घेर मरदान खान का रहने वाला था और उसे पर करीब 17 मुकदमे आयद हैं। इन मुकदमों में हत्या, हत्या का प्रयास, गोकशी आदि मुकदमे शामिल हैं। पुलिस द्वारा जिला अस्पताल घायल अवस्था में ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**■ चेकिंग के दौरान पुलिस की बदमाशों से हुई मुठभेड़, एक फरार**

# कांग्रेस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही: मोदी

भुवनेश्वर, वार्ता

**कहा- हमने टैक्स घटाया, वो अब भी लूट में लगे, टू-जी का दौर भूल गए, जब चुटकुले बनते थे**



**पीएम मोदी** शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा पहुंचे। उन्होंने जनता को करीब 38 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी बचत उत्सव, कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर बात की।

पीएम ने कहा कि टेलीकॉम सेक्टर की शुरुआत हुई तो भारत पीछे रह गया था। सोशल मीडिया पर चुटकुले चलते थे। जाने क्या-क्या लिखा जाता था। अब भारत स्वदेशी 4-जी टेक्नोलॉजी वाला पांचवां देश बन गया है। मोदी ने कांग्रेस शासित राज्यों में जारी लूटतंत्र का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि केंद्र सरकार ने टैक्स घटा दिया, लेकिन हिमाचल में कांग्रेस सरकार जनता तक इसका लाभ नहीं पहुंचा रही है। वे अपना टैक्स लगाकर लूट में लगे हैं। अभी भी हरकत से बाज नहीं आ रहे। प्रधानमंत्री का 15 महीनों में छठा ओडिशा दौरा था। उन्होंने 60 हजार करोड़ रुपये के कई बड़े रेल, एजुकेशन और हेल्थ प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की। साथ ही बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी की शुरुआत की। ओडिशा के झारसुगुड़ा में महिलाओं ने पीएम को स्थानीय कलाकृति भेंट की। पीएम मोदी ने झारसुगुड़ा से 60 हजार करोड़ रुपये के कई प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन और शिलान्यास किया। एनडीए शासित आठ राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री पीएम मोदी के कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। पीएम मोदी ने वर्चुअली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ओडिशा को गुजरात से जोड़ेगी। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है। उनकी सरकारें आपको लूटने में जुटी हैं। मेरे पास सबूत हैं। हमने देश के लोगों को लाभ देने के लिए टैक्स कम किया, सीमेंट से भी टैक्स घटा। हमारा मकसद था लोगों को घर बनाने में कम पैसा खर्च करना पड़े। 22 सितम्बर के बाद बयानबाजी करने वालों की करतूत देखिए। हिमाचल में कांग्रेस की सरकार है, वहां वे आम जनता को सुख देना नहीं चाहते। उन्होंने अपना एक नया ही टैक्स लगा दिया। भारत सरकार की तरफ से जो फायदा दिया जा रहा था वे दीवार बनकर लूट में लगे हैं।

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

**मिरगी**
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना • जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• आंखे पथराना • मुट्ठियां कसना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना • गर्दन टेढ़ी पड़ना
• मुंह से झाग निकलना • अचानक झटका-सा लगना
• मुंह एक तरफ हो जाना • घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### पटियाला में आग में जलकर चार लोगों की मौत

**राजपुरा (पटियाला)।** पंजाब के राजपुरा शहर में शुक्रवार की रात भोगल रोड स्थित एक घर में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में 65 वर्षीय जगदीश कुमार, उनकी पत्नी, 18 वर्षीय साला और 12 वर्षीय नाबालिग बच्चा शामिल है। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले परिवार के चारों सदस्य जलकर मर गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग अचानक लगी और कुछ ही मिनटों में घर के अंदर से धुआं और लपटें उठने लगीं। पड़ोसियों ने मदद के लिए शोर मचाया, तुरंत दमकल और पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

### लखनऊ की गलियों में हथियार लेकर घूमते दिखे संदिग्ध

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में तीन युवकों के हथियारनुमा राइफल के साथ देर रात गलियों में घूमने का वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि घटना 23 सितम्बर की रात की है, जिसका फुटेज कॉलोनी के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। वीडियो सामने आते ही स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई और यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। न्यू हैदरगंज वार्ड की रीफा कॉलोनी में तीन युवक एके-47 जैसी दिखने वाली राइफल लेकर टॉर्च की रोशनी से घर-घर झांकते दिखाई दिए। स्थानीय ने फुटेज देखकर इसे संदिग्ध मानते हुए पुलिस को सूचना दी। इसके बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं और अफवाहें फैल गईं।

## बिलों की अधिक गहराई से होगी पड़ताल


# संसद की स्थायी समितियों का बढ़ेगा कार्यकाल

**नई दिल्ली, वार्ता**

संसद की स्थायी समितियों के कार्यकाल बढ़ाने की तैयारी शुरू हो गई है। लंबे समय से मांग की जा रही थी कि समितियों का कार्यकाल को बढ़ाया जाए, ताकि काम में निरंतरता और सुधार लाया जा सके।

सांसदों की मांग के बाद सरकार संसदीय स्थायी समितियों के कार्यकाल को एक साल से बढ़ाकर दो साल करने पर विचार कर रही है। यह बदलाव खास तौर से समितियों के कामकाज में निरंतरता बनाए रखना और विधेयकों, महत्वपूर्ण मामलों को अच्छे से करने की उनकी क्षमता को मजबूत करने के लिए किया जा रहा है।

हाल में में स्थायी समितियों का गठन हर साल किया जाता है और उनका कार्यकाल 26 सितंबर को पूरा हो जाता है। कई सांसदों ने



■ समितियों का गठन हर साल होता है, 26 सितम्बर को पूरा हो रहा कार्यकाल

चिंता जताई है कि एक साल का छोटा कार्यकाल समितियों के लिए चयनित विषयों के लिए काफी नहीं है और गुणवत्तापूर्ण काम करने में रुकावट है। सांसदों का कहना है कि हर साल नए सदस्यों के आने से काम की निरंतरता टूटती है और काम प्रभावित होता है। अब सांसदों के इस अनुरोध पर सरकार विचार कर रही है और जल्द ही फैसला लिया जा सकता है। अगर समितियों के कार्यकाल दो साल कर दिया गया, तो इसके कई फायदे देखने को मिलेंगे। समितियों के पास विधेयकों, बजट और विभिन्न रिपोर्टों को ज्यादा गहराई से समझने और उनकी छानबीन करने के लिए और ज्यादा समय मिल सकेगा। सदस्यों के दो साल तक बने रहने से समितियों के काम में स्थिरता आएगी और लंबे प्रोजेक्ट बेहतर तरीके से पूरे हो सकेंगे। सदस्यों में ज्यादा समय मिलने से विभागों और विषयों की बेहतर समझ विसकसित हो सकेगी। खबरों के मुताबिक के मुताबिक कार्यकाल बढ़ने के बावजूद ज्यादातर समितियों के अध्यक्ष पद वैसे ही बने रह सकते हैं। हालांकि सरकार कुछ सांसदों की मांगों के आधार पर कुछ समितियों के सदस्यों में बदलाव कर सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट से हिमालय को आपदाओं से बचाने की अपील की

**नई दिल्ली।** हिमालय पर आ रही प्राकृतिक आपदाओं को लेकर प्रबुद्ध नागरिकों ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई को पत्र लिखा है और हिमालय की नाजुक पारिस्थितिकी को तत्काल संज्ञान में लेने की अपील करते हुए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इसका खामियाजा न भुगतना पड़े। देश के इन प्रबुद्ध नागरिकों ने चार धाम परियोजना के तहत सड़कों के चौड़ीकरण की अनुमति देने वाली अदालत के पूर्व निर्णय की समीक्षा की मांग की है। प्रबुद्ध नागरिकों ने हाल ही में उच्चतम न्यायालय के हिमाचल प्रदेश में 'अस्तित्वगत के संकट' की बात स्वीकार करने का जिक्र करते हुए कहा कि इसी तरह की स्थिति से पूरे पश्चिमी हिमालय, विशेषकर जम्मू-कश्मीर में भी गंभीर संकट पैदा हो गया है। यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो पूरे देश को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा उच्चतम न्यायालय को पत्र लिखकर यह अनुरोध पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी, संघ विचारक के एन. गो. विंदाचार्य, पूर्व सांसद डा. कर्ण सिंह, प्रसिद्ध लेखक रामचंद्र गुहा, सांसद कुंवर रेवतीरमण सिंह और रंजीता रंजन, इतिहासकार शेखर पाठक, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा सहित 59 राजनेताओं, पर्यावरणविंदों, भूवैज्ञानिकों, वन क्षेत्र के विशेषज्ञों ने किया है। पत्र में उच्चतम न्यायालय की उस चेतावनी का भी जिक्र है, जिसमें कहा गया है कि हिमाचल में पर्यावरण का जो संकट है यदि उस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो हिमाचल देश के नक्शे से गायब हो जाएगा।

# अलीगढ़ में बाइक शोरूम मालिक के बेटे की हत्या

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में शुक्रवार रात थाना रोरावर क्षेत्र में देर रात बाइक सवार बदमाशों ने बाइक शो रूम के मालिक के बेटे अभिषेक गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी। अभिषेक की मौके पर मौत हो गई। घटना खैरेश्वर चौराहे पर हुई, उस समय अभिषेक अपने पिता और चचेरे भाई जीतू के साथ सिकंद. राराव जाने के लिए बस में सवार हो रहा था।

परिजनों ने हिंदू महासभा की राष्ट्रीय सचिव महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा भारती उर्फ डा. पूजा शकुन पांडे और राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक पांडे पर ब्लैकमेलिंग और पैसे के लेन-देन का आरोप लगाते हुए हत्या का आरोप लगाया है, जिस पर पुलिस ने अशोक पांडे को हिरासत में ले लिया हैऔर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुता. बिक शुक्रवार रात को अभिषेक गुप्ता अपने परिवार के साथ सिकंदराराव के लिए बस का इंतजार कर रहा था। तभी वहां दो



■ पिता ने लगाया ब्लैकमेलिंग का आरोप

बाइक सवार बदमाश पहुंचे और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। गोली अभिषेक के मुंह पर लगी, परिवार के लोगों को भी निशाना बनाया गया, लेकिन वे बाल-बाल बच गए। मौके पर चीखपुकार मच गई। फौरन ही पुलिस को सूचना दी गई। थाना रोरावर की टीम तत्काल मौके पर पहुंची, अभिषेक को अस्पताल ले जाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी फैल गई। एसएसपी नीरज जादौन ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। क्राइम सीन पर फोरेंसिक टीम ने सुबूत जुटाए हैं।

# ग्राम पंचायतें बीएसएनएल से जोड़ीं: योगी

## बीएसएनएल 4-जी नेटवर्क व भारत नेट परियोजना का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की सेवाओं को उत्तर प्रदेश के हर ग्राम पंचायत के साथ जोड़ दिया है।

योगी शनिवार को स्वदेशी तकनीक पर आधारित बीएसएनएल 4-जी नेटवर्क और भारत नेट परियोजना के ऑनलाइन उद्घाटन के अवसर पर लखनऊ में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उड़ीसा में एक विशेष कार्यक्रम के तहत स्वदेशी बीएसएनएल 4-जी नेटवर्क' का उद्घाटन किया, जिसमें देश भर से सभी मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के मंत्री और



अधिकारी ऑनलाइन मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत नेट के स्वदेशी 4-जी इंफ्रास्ट्रक्चर डिजिटल क्रांति को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने पीएम मोदी और बीएसएनएल परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। योगी ने बताया कि 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने हर ग्राम पंचायत को ऑप्टिकल फाइबर और नेटवर्किंग से जोड़ने का संकल्प लिया था, जो भारत नेट ने साकार किया। अब ग्राम सचिवालयों में आय, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे रोजगार सृजन और बैंकिंग सेवाएं ग्रामीण स्तर पर पहुंची हैं। बीसी सखियों के जरिए 100 करोड़ से अधिक का लाभांश ग्रामीणों तक पहुंचा है। बीएसएनएल के 4-जी नेटवर्क को दूर-दराज के क्षेत्रों, खासकर नक्सल प्रभावित चंदौली, सोनभद्र और चित्रकूट में क्रांति लाने वाला है। आने वाले समय में 5जी और 6जी की भी तैयारी है। उन्होंने कहा कि संप्रभु राष्ट्र के लिए स्वदेशी सेना, स्वतंत्र विदेश नीति, स्वदेशी तकनीक और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण जरूरी है, जो नए भारत में मौजूद हैं। आज भारत की सेना को विश्व की शक्तिशाली सेनाओं में शामिल है।

# अतीक-अशरफ जैसे मुझे भी गोली मार दो

## बरेली बवाल के बाद बोले मौलाना तौकीर रजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मौलाना तौकीर रजा ने देर रात एक वीडियो जारी किया। वीडियो में तौकीर रजा कहते दिखाई दे रहे हैं कि अतीक और अशरफ जैसे मुझे भी गोली मार दो, मोहम्मद के नाम पर मरना मुझे कबूल है। मैं नजरबंद हूं और मुझको घर से नहीं निकलने दिया जा रहा है। मौलाना ने इस पूरे घटनाक्रम को साजिश बताया। वीडियो में मौलाना ने पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए।

मौलाना ने कहा कि प्रशासन मुसलमानों को रसूल का नाम लेने से रोक रहा है। यह पूरा मामला एकतरफा है और मुसलमानों पर गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। मौलाना ने कहा हमने अमन का रास्ता अपनाया। हम नमाज पढ़ते रहे, लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते रहे, लेकिन हमें झूठे बयानों से बदनाम किया गया। तौकीर रजा ने कहा कि मेरे नाम से फर्जी लेटरपैड पर बयान जारी कर जनता को गुमराह करने की कोशिश की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यह मामला जितना दबाने की कोशिश की जाएगी, उतना ही ज्यादा सामने आएगा। मौलाना ने इसे पूरी तरह से साजिश करार दिया और कहा कि मुसलमानों को बदनाम करने की योजना के तहत यह सब किया जा रहा है। मौलाना ने कहा कि दंगे के लिए मुसलमान जिम्मेदार नहीं हैं, बल्कि पुलिस-प्रशासन ने माहौल खराब किया है। मुसलमानों ने कोई पत्थरबाजी नहीं की, अगर दंगा नहीं हुआ, तो भी पुलिस-प्रशासन ने मुसलमानों पर फसाद का आरोप लगाया। असल में शांति को नुकसान पुलिस ने पहुंचाया है। मौलाना ने साफ कहा कि एकतरफा कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम मोहम्मद साहब के नाम पर जान देने के लिए भी तैयार हैं, लेकिन प्रशासन का यह रवैया गलत है।

### लखनऊ की सड़कों पर लगी आई लव योगी और आई लव बुलडोजर की होर्डिंग्स

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इन दिनों 'आई लव मोहम्मद' मामला तूल पकड़ रहा है। कई शहरों से इसको लेकर प्रदर्शन की खबरें सामने आई हैं। इसी बीच भाजपा युवा मोर्चा के नेता द्वारा राजधानी लखनऊ में कई जगह 'आई लव योगी आदित्यनाथ' और 'आई लव बुलडोजर' की होर्डिंग्स लगाई गई हैं। यह होर्डिंग्स भाजपा युवा मोर्चा, लखनऊ के महासचिव अमित त्रिपाठी की तरफ से लगाई गई हैं। इसकी तस्वीरें सामने आईं, तो सूबे में राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई। दरअसल विवाद की शुरुआत 9 सितम्बर को हुई थी, जब कानपुर में बारावफात जुलूस के दौरान सार्वजनिक मार्ग पर 'आई लव मोहम्मद' लिखे बोर्ड लगाए गए।



सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70



सोना रु. 113080
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 137467
प्रति किलो



# भारत दूसरे देशों के साथ साझा करेगा अपनी स्वदेशी 4-जी नेटवर्क प्रौद्योगिकी: सिंधिया

**नई दिल्ली, वार्ता**

दूरसंचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र मामलों के मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्वदेशी 4-जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी के विकास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी और साहसी नेतृत्व का सफल बताते हुए कहा है कि यह केवल तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि भारत का 'आत्मनिर्भरता का वैश्विक उद्घोष' है और भारत इसे दूसरे देशों के साथ साझा करेगा।

मोदी ने शनिवार को ओडिशा के एक कार्यक्रम से स्वदेशी 4-जी नेटवर्क प्रौद्योगिकी पर आधारित और देश के दूरद. राज के क्षेत्रों में स्थापित 90 हजार से अधिक मोबाइल टावरों का लोकार्पण किया। सिंधिया ने इस प्रौद्योगिकी पर सार्वजनिक तौर पर साझा किए गए एक लेख में लिखा है, यह प्रौद्योगिकी विक.



सित भारत 2047 की यात्रा में यह उपलब्धि मील का पत्थर साबित होगी। दूरसंच. ार मंत्री ने कहा है कि मोदी द्वारा वर्ष 2020 में लिए गए एक साहसिक निर्णय ने देश के तकनीकी भविष्य की दिशा बदल कर रख दी। इसी निर्णय के चलते देश ने स्वदेशी 4-जीस्टैक विकसित करने का निर्णय लिया जो मोबाइल नेटवर्क का 'मस्तिष्क और रीढ़' है, जो सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर के माध्यम से कॉल और इंटरनेट को सुरक्षित, तेज और निर्बाध बनाता है। उन्होंने कहा कि 4-जी स्टैक के लिए भारत विदेशी कंपनियों पर निर्भर था, लेकिन महंगा और रणनीतिक रूप से जोखिम भरा था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, बीएसएनएल ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिपमॉडल अपनाकर सी-डॉट, उद्योग, स्टार्टअप्स और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से और निजी संस्थान टीसीएस के साथ मिलकर यह स्टैक विकसित किया गया। इसमें सी-डॉट ने कोर नेटवर्क, तेजस नेटवर्क्स ने रेडियो समाधान और टीसीएस ने सिस्टम इंटीग्रेशन संभाला। यह कदम केवल विदेशी निर्भरता कम करने तक सीमित नहीं, बल्कि भविष्य में 5जी और उससे आगे की तकनीक के लिए भी मजबूत आधार तैयार करता है। उन्होंने लिखा है कि चीन, फिनलैंड, स्वीडन और दक्षिण कोरिया के बाद अब भारत स्वदेशी 4-जी एलटीई/आईएमएस स्टैक विकसित करने वाले चुलनदा देशों की इस सूची में शामिल हो गया है। यह केवल तकनीकी प्रगति नहीं, आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और डिजिटल संप्रभुता का निर्णायक कदम है।

### सोना और चांदी की कीमतों में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमत नवरात्र शुरू होते ही कम हो गई है। दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का रेट 1,15,040 रुपये के आसपास रहा है। वहीं चांदी का भाव प्रति किलोग्राम 143100 रुपये रहा। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार शनिवार और रविवार को बाजार बंद रहता है, इसलिए इन दोनों दिन एक ही कीमत मान्य होगी। यानी आप इसी रेट पर सोना-चांदी खरीद सकेंगे। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट का भाव 1,15,040 रहा। मुंबई में 1,14,890, अहमदाबाद में 1,14,940, चेन्नई में1,15,100, कोलकाता में1,14,890, लखनऊ में 1,15,040, बेंगलुरु में 1,14,890 तथा जयपुर में 1,15,040 रुपये रहा। चांदी की बात करें तो दिल्ली में 1,43,000 रुपये प्रति किलो, मुंबई में 14,640.36 , कोलकाता में 1,39,000, लखनऊ में 1,44,100 और पटना में 1,44,622 रुपये प्रति किलो रहा। हालांकि शुक्रवार की अपेक्षा शनिवार के दिन सोने के दामों में मामूली अंतर ही देखने को मिला है।

# 4-जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी का अनावरण किया

**मुंबई।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) और तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड के साथ मिल कर भारत टेलीकॉम स्टैक नाम से 4-जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी का अनावरण किया, जो पूरी तरह से भारत में डिज़ाइन और विकसित एक आधुनिक, सुरक्षित समाधान है।

टाटा कंसल्टेसी ने यहां एक बयान में कहा कि इस शुभारंभ के साथ, भारत दुनिया का पांचवां देश बन गया है, जो 4-जी और उससे आगे के लिए एक आत्मनिर्भर, स्वदेशी दूरसंचार प्रौद्योगिकी स्टैक विक. सित किया है। टीसीएस ने कहा है कि उसने युद्धस्तर पर काम कर के डेटा सेंटर स्थापित किया। कंपनी ने सी-डॉट के ईपीसी कोर एप्लिकेशन, तेजस के बेस स्टेशन और 1,00,000 से अधिक साइटों पर रेडियो इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित और चालू करके और सातों दिन चौबीसो घंटे नेटवर्क प्रबंधन के लिए अपने कॉग्निटिव नेटवर्क परिचालन प्लेटफार्म-टीसीएस सीएनओपीएसटीएम का उपयोग कर इस सफलता में अग्रणी भूमिका निभाई है। कंपनी ने कहा है कि इस



परियोजना का संचालन टीसीएस, बीएसएनएल, दूरसंचार विभाग, सक्रिय मैकिन्से एंड कंपनी, सी-डॉट, तेजस, आई एंड सी पार्टनर्स आदि द्वारा 'मिशन-मोड' में किया जा रहा है। यह काम दो वर्ष के भीतर पूरा हुआ। यह बीएसएनएल के मौजूदा 2जी/3जी नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ पूर्ण एकीकरण के साथ सबसे तेज़ 4-जी नेटवर्क परिनियोजनों में से एक बन गया है। बीएसएनएल के सीएमडी ए. रॉबर्ट जे रवि ने कहा कि आज हम राष्ट्रीय गौरव की एक ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं। टीसीएस, तेजस नेटवर्क्स और सी-डॉट के सहयोग से निर्मित हमारे स्वदेशी 4-जी नेटवर्क का राष्ट्रव्यापी प्रसार, आत्मनिर्भर भारत की एक शानदार घोषणा है। टीम बीएसएनएल के अथक समर्पण से जीवंत यह 'मेड इन भारत' स्टैक हमारे डिजिटल भविष्य को सुरक्षित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि कनेक्टिविटी के फल प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाएं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**तमिलनाडु:...**

में छोड़कर रैली से चले गए। एक्टर विजय की रैली में जुटी भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। लाठीचार्ज के बाद भगदड़ मची, जिससे हालात बिगड़ गए। एक्टर विजय ने 2 फरवरी को अपनी पार्टी लॉन्च की थी। इसके बाद 22 अगस्त को उन्होंने पार्टी का फ्लैग और सिम्बल लॉन्च किया था। चुनाव आयोग ने 8 सितम्बर को उनकी पार्टी को राजनीतिक पार्टी के रूप में आधिकारिक मान्यता दी थी। विजय पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि राजनीति में आने के बाद वे फूल टाइम सिर्फ लोगों की सेवा करेंगे। 30 अप्रैल 2025 को रिलीज होने वाली थलपति 69 उनकी आखिरी फिल्म होगी। थलपति अपने पेरेंट्स समेत 11 लोगों के खिलाफ अपने नाम का गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर शिकायत दर्ज करवा चुके हैं। दरअसल, विजय राजनीति से दूर रहना पसंद करते हैं, हालांकि उनके पिता एस. ए. चंद्रशेखर ने उनके नाम पर राजनीतिक पार्टी आल इंडिया थलपति विजय मक्कल इयक्कम बना ली। इस पार्टी के जनरल सेक्रेटरी भी विजय के पिता ही हैं। जब विजय को पता चला कि उनके नाम का इस्तेमाल कर लोगों को पार्टी से जोड़ा जा रहा है, तो उन्होंने पेरेंट्स समेत 11 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। बता दें कि पार्टी के कार्यालय में विजय का एक विशाल स्टेच्यू भी बनाया गया था। एक्टर विजय थलापति ने 22 अगस्त को अपनी पार्टी का फ्लैग और सिम्बल जारी किया था। विजय थलापति 420 करोड़ रुपये के मालिक हैं साउथ एक्टर विजय फिल्मों और ब्रांड एंडोर्समेंट से सालाना 120 करोड़ रुपये कमाई करते हैं। उनकी कुल नेटवर्थ 420 करोड़ रुपए है। विजय अपने परिवार के साथ चेन्नई स्थित बीच होम में रहते हैं। वहीं उनके कार कलेक्शन में रोल्स रायस घोस्ट भी शामिल है, जिसकी कीमत करीब 2.6 करोड़ रुपए है। ये गाड़ी उन्होंने इंग्लैंड से इम्पोर्ट करवाई है।

**वांगचुक का...**

शक हुआ। बाद में गिरफ्तारी की खबर मिली। इसके बावजूद प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। आयोजकों ने माना, हिंसा उन युवाओं से हुई जो 'काबू से बाहर' हो गए थे, लेकिन इसमें किसी विदेशी ताकत का हाथ नहीं है। लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) के सह-अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पुलिस और सीआरपीएफ ने न तो पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया और न ही चेतावनी के लिए गोलियां चलाईं, बल्कि सीधे अंधाधुंध फायरिंग की। सोनम वांग. चुक को पहले से अंदेशा था कि सरकार उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे पर कभी भी गिरफ्तार होना पड़े तो मुझे खुशी होगी, लेकिन अब उनकी गिरफ्तारी से माहौल शांत होने के बजाय और बिगड़ सकता है। माना जा रहा है कि इससे लद्दाख के प्रतिनिधियों और केंद्र सरकार के बीच चल रही बातचीत पर भी असर पड़ सकता है। वांगचुक पिछले पांच साल से लद्दाख के अधिकारों की लड़ाई का बड़ा चेहरा रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। स्थानीय लोग मानते हैं कि वांगचुक हिंसा भड़काने वाले व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि शांतिपूर्ण आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे।

**उप्र में...**

महसूस करता था। सीएम योगी ने कहा कि हर जिले के अंदर एक माफिया दे दिया था और हर माफिया को जिले के अंदर समानांतर सरकार चलाने की पूरी छूट दे दी थी। उत्तर प्रदेश न केवल बीमारू राज्य था, बल्कि उत्तर प्रदेश के नागरिकों के सामने पहचान का संकट भी था। हर व्यक्ति अपनी पहचान के लिए मोहताज था, न बेटी सुरक्षित न व्यापारी सुरक्षित। खेतीबाड़ी चौपट किसान आत्महत्या करता था, नौजवान की नौकरी पर सेंध लगती थी। उसकी नीलामी होती थी, चाचा-भतीजा दोनों वसूली के लिए निकल पड़ते थे। वसूली का गैंग चलता था, ट्रांसफर पोस्टिंग में इनके दलाल बोली लगाया करते थे और आप भी देखते होंगे जब हम ट्रांसफर पोस्टिंग करते हैं, तो आज भी उनकी पीड़ा झलक उठती है। हम लोगों ने उनके उस अनैतिक अवैध व्यापार पर कैसे प्रहार किया है? उनके सभी चेले चपाटे किस प्रकार से चिल्लाते हुए दिखाई देते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज दे रहे हैं। उन लोगों ने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया दिया था। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब बेईमान और भ्रष्ट लोग सत्ता में आते हैं, तो वे उस सत्ता का शोषण और दुरुपयोग करेंगे, ठीक वैसे ही जैसे उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट पैदा हो गया था। हमने बुलडोजर उन्हीं लोगों के लिए बनाया है, जो जाति के नाम पर लोगों को भड़काते हैं और परिवार के नाम पर उनका शोषण करते हैं। सीएम योगी उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती में एक कार्यक्रम में पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कुछ लोग हैं, जिनको शांति अच्छी नहीं लगती। जब भी कोई हिन्दू पर्व आता है इनको गर्मी लगने लगती है और इनकी गर्मी शांत करने के लिए हमें डेंटिंग पेंटिंग करनी पड़ती है। सबको अपनी आस्था से शांति से त्योहार मनाने का हक है, लेकिन आस्था की आड़ में तोड़ फोड़ करोगे, तो ये सही नहीं है। हमें छेड़ोगे, तो हम छोड़ेंगे नहीं। आई लव मुहम्मद कहकर तोड़ फोड़, आगजनी करते हैं अगर ऐसे आतंक फैलाओगे, तो मां चंडी छोड़ेंगी नहीं, ये मां चंडी का पर्व है। सीएम योगी ने कहा कि अगर किसी ने प्रदर्शन करने का दुस्साहस किया और वो लोग जो कायरों की तरह बच्चों और महिलाओं को आगे किया, तो उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। हमने किसी से भेदभाव नहीं किया। सबका साथ सबके विकास के लिए सरकार काम कर रही है, लेकिन कुछ लोगों को विकास अच्छा नहीं लगता। वो लोग तालिबान व्यवस्था पर विश्वास करते हैं, लेकिन ये उनकी मंशा जन्नत में भी पूरी नहीं होने वाली है, उनको पहले जहन्नुम में जाना होगा। देश विकास कर रहा है, लेकिन कुछ लोग विकास नहीं तालिबानी और दारुल इस्लाम की व्यवस्था चाहते हैं, जो चलेगी नहीं, उन्हें जन्नत नहीं जहन्नुम भी नसीब नहीं होगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गिरफ्तार पांच वन गुर्जरों को कोर्ट से मिली जमानत

## पिटाई के डर से भागा रेहड़ का मुखबिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कथित रूप से टाइगर का शिकार करने के आरोपी पांच वन गुर्जरों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय से जमानत मिल गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कथित रूप से टाइगर का शिकार करने के आरोप में वन विभाग ने शमशेर पुत्र नूर आलम, शराफत व रूस्तम अली पुत्रगण शमशेर निवासीगण नबीगढ़ ठेरी एवं अशरफ अली पुत्र लियाकत अली निवासी केहरीपुर व असलम पुत्र ताज मौहम्मद निवासी अलीगंज, थाना रेहड़ को बीस सितम्बर को गिरफ्तार किया था। इनकी जमानत के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में रेंज केस संख्या 17/अमानगढ़/2025-26 धारा 9, 27, 29, 48ए, 49 बी, 51 (1सी) वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 में आवेदन किया गया था। आवेदकों के अधिवक्ता ने न्यायालय में कहा कि वह निर्दोष है और उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है। उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया गया है। उनसे कोई बरामदगी भी नहीं हुई है। साथ ही उनका कोई आपराधिक इतिहास भी नहीं है। जबकि अभियोजन अधिकारी का कहना था कि अभियुक्तों पर लगाए गए आरोप गंभीर व अजमानतीय प्रकृति के अपराध से संबंधित है। न्यायालय ने इस मामले में समस्त तथ्यों, परिस्थितियों, गंभीरता एवं अभियुक्तगण की जेल में निरूधी को ध्यान में रखते हुए जमानत प्रार्थना पत्र स्वीकार कर लिया।

न्यायालय ने 20 हजार रुपए का एक-एक व्यक्तिगत बंध पत्र एवं इतनी ही धनराशि के दो-दो प्रतिधूप न्यायालय के समक्ष दाखिल करने पर जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। साथ ही कहा कि अभियुक्तगण का नियमानुसार रिहाई परवाना अविलम्ब जारी हो।

गौरतलब है कि वन गुर्जर इस मामले को एक बड़ी साजिश बता रहे है। उनका कहना है कि वह कभी शिकार नहीं करते है। एक युवती के साथ अश्लीलता के मामले में विरोध करने पर रेहड़ के एक दलाल के साथ मिल कर पूरा षड्यंत्र रचा गया है। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में एक रिटायर्ड वनकर्मी भी शामिल है। इस मामले को लेकर भाकियू टिकैत ने आंदोलन की चेतावनी दी थी। जिससे वन गुर्जरों को बड़ी राहत मिली है। कल एक विरोध कार्यक्रम के दौरान साजिश में शामिल रेहड़ का चर्चित दलाल वहां पहुंच गया था। जिसे देख कर आक्रोश भड़कने वाला था और उसकी पिटाई हो सकती थी। पिटाई की भनक लगते ही दलाल वहां से फरार हो गया।

## मिलेनियम में नारी सुरक्षा कार्यक्रम

**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नारी सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ का नगीना सीओ अंजनी कुमार, प्रधानाचार्य अजय कुमार, एडमिनिस्ट्रेटर अब्दुल कलाम व कोऑर्डिनेटर शालिनी चौहान ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान के कार्यक्रम के बारे में सीओ नगीना अंजनी कुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली प्रवेज तोमर ने साइबर हेल्पलाइन, अग्निसेवा, आपात कालीन पुलिस सेवा, वूमेन पावर लाइन, एंबुलेंस सेवा, वीमेन हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में छात्राओं को बताया। कार्यक्रम में छात्राओं से कहा किसी भी अंजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट न स्वीकार करें। ओटीपी के संबंध में बात ना करें। आजकल लोग काफी फ्रॉड कर रहे हैं। उनसे बचने के उपाय बताएं। कार्यक्रम में अलीना मिर्जा, अदिति, वंशिका, जिकरा हया, कशिश ने नारी शक्ति के बारे में अपने विचार व्यक्त किये।

## एसडीएम व सीओ ने किया पटाखों की दुकानों का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आज नगर में एसडीएम शैलेंद्र कुमार, सीओ नितेश प्रताप सिंह एवं अग्नि शमन प्रभारी के.एस. जादौन के द्वारा दुर्गा पूजा एवं दीपावली त्यौहार को देखते हुए अग्निशमन विभाग ने शहर के विभिन्न पूजा पंडालों एवं पटाखों की दुकानों में चैकिंग अभियान चलाया।

दीपावली के अवसर में पटाखे की दुकानों में अग्निशमन विभाग द्वारा निरीक्षण कर जागरूकता अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान अग्निक सुरक्षा को लेकर पानी, बालू बाल्टी रखने की जानकारी दी गई और साथ ही सभी पटाखा दुकानदारों को जागरुक करते हुए सावधानी बरतने के साथ ही लोगों को भी पटाखा फोड़ने को लेकर जागरूक किया गया। बाजार में इस बार तरह-तरह के पटाखे बिक रहे हैं। पटाखा कारोबार को लेकर अग्निशमन विभाग प्रखंड क्षेत्र में अपनी पैनी निगाह बनाए हुए है। बिना लाइसेंस के पटाखों की दुकान का संचालन करते यदि कोई पाया जाता है, तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएंगी।

### बिना लाइसेंस के पटाखे बेचने पर होगी कार्रवाई

## एक नजर

### श्री राम-शबरी मिलन का मंचन



**नजीबाबाद।** श्री रामलीला मंडल नजीबाबाद द्वारा कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत श्री राम जानकी कला परिषद नजीबाबाद द्वारा आयोजित रामलीला मनचंन के अंतर्गत अध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल, मंत्री नरेंद्र कुमार देव के संरक्षण में और हरिओम सिंधल के निर्देशन में बीती रात्रि गणेश वंदना और श्री रामायण पाठ के द्वारा श्री रामलीला का शुभारंभ हुआ। श्री राम शबरी मिलन की लीला ने सभी का मन मोह लिया। भगवान श्री राम को हनुमान जी साधु के रूप में मिलते हैं और भगवान राम से उनका परिचय पूछते हैं। जब भगवान राम ने अपना परिचय दिया तो हनुमान जी उनके चरणों में नतमस्तक हो गये और भगवान राम और लक्ष्मण को अपने कंधे पर बैठाकर महाराज सुग्रीव के पास ले गए, जहां पर महाराज सुग्रीव और भगवान श्री राम की मित्रता हुई। भगवान राम के द्वारा बाली का वध किया गया। राम शिव गोयल, लक्ष्मण शिवम शर्मा, हनुमान आकाश नामदेव, सुग्रीव आयूष, बाली वैभव शर्मा, जामवंत वंश कुशवाह, नल सौरभ सैनी, नील अपार दिवाकर, अंगद मयंक सैनी, तारा वीशाल, वानर गण कृष्ण दिवाकर, शौर्य सैनी, कृष्ण अग्रवाल, कृष्ण भारद्वाज, कार्तिक सैनी द्वारा प्रमुख भूमिका निभाई गई। मंचन के दौरान भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### छात्राओं को किया जागरूक



**नूरपुर।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एंटी रोमियो और मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बालिकाओं व अध्यापिकाओं को जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन नंबर व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। 1098साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना के संबंध में विस्तृ जानकारी दी गई। महिलाओं से कहा गया कि घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं। मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने वालों एवं अश्लील मैसेज भेजने की शिकायतों को लेकर भी जागरूक किया गया।

### मुस्लिमों ने किया राम बारात का स्वागत



**राजा का ताजपुर।** श्रीराम बारात शोभा यात्रा धूमधाम के साथ परम्परागत रास्तों से निकाली गई। जगह-जगह मुस्लिम समाज के लोगों ने राम बारात का जलपान कराकर स्वागत किया। शोभा यात्रा में सैनी अखाड़े व प्रजापति अखाड़े में खिलाड़ियों ने हैरत अंगैज करतब दिखा कर हर किसी को दांतों तले अंगुलियां दबाने पर मजबूर कर दिया। शोभा यात्रा में अखिल भारतीय प्रधान संघ उपाध्यक्ष हाजी शमशाद फरीदी, ग्राम प्रधानी के संभावित प्रत्याशी प्रदीप त्यागी, वरिष्ठ भाजपा नेता अंकित जोशी, पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की कोषाध्यक्ष अलिशा हुसैन सिद्दीकी, समाजसेवी मकसूद अहमद ठेकेदार, नईम अहमद एड., जितेंद्र सिंह चौहान, कमर सिद्दीकी, डॉ. राजपाल सिंह, हरि सिंह चौहान, होरी सिंह त्यागी, वरिष्ठ बसपा नेता डॉ. शमशाद अहमद, मदन सिंह सैनी, शादीराम सिंह, शुभम वालिया, हाजी सुलेमान फरीदी, भगवान दास सैनी, आदिल फरीदी, सुमित शर्मा, पंडित राकेश शर्मा, पूर्व ग्राम प्रधान सुरेश कुमार सैनी, अशोक त्यागी आदि मौजूद थे।

### रामलीला में शानदार प्रस्तुति



**बिजनौर।** श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा रामलीला का मंचन कंठस्थ कला केंद्र मुरादाबाद के कलाकारों द्वारा किया गया। जिसमें धनुष यज्ञ और परशुराम लक्ष्मण संवाद दिखाया गया। सर्वप्रथम गणेश वंदना की गई। संरक्षक संजय गुप्ता, प्रदीप कौशिक, राहुल शर्मा, कपिल चौधरी एड., संदीप चौधरी एड. आदि ने गणेश वंदना कर रामलीला का शुभारंभ किया। आरती में अध्यक्ष अचल अग्रवाल, विनय अग्रवाल, नवदीप सिंह एड., राजीव अग्रवाल, राजेंद्र गौतम, वैभव सिंघल, चिराग अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, आर्यन पंडित, आदित्य पंडित आदि ने सहयोग किया।

### बिलाल मस्जिद में होगा जलसा

**बिजनौर।** स्थानीय मौहल्ला मिर्दगान में स्थित मस्जिद बिलाल में एक जलसा 29 सितम्बर को इशा की नमाज के बाद होगा। तहाफुजे शरीयत हालाते हाजरा पर इसका आगाज होगा। जिस को हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुल समी सम्बोधित करेंगे। यह जानकारी बिलाल मस्जिद के खतीब इमाम मुफ्ती मौहम्मद उवैस ने दी। यह जलसा इस्लाम की रोशनी में होगा। जलसे का सियासत से कोई ताल्लुक नहीं है।

### सड़ रहा शौचालय

**बिजनौर।** डीएम ने बैठक बुला कर सभी जिम्मेदार अधिकारियों को आदेश दिया था कि नगर में साफ सफाई को सुचारू किया जाए। आने वाली गांधी जयंती के मद्देनजर शहर को स्वच्छ एवं गन्दगी से मुक्त किया जाए। श्री रामलीला मैदान के पास गांधी जी की प्रतिमा लगी है। वहीं पर एक सार्वजनिक शौचालय भी है। उसकी दशा देख कर लगता है कि नगर पालि. का के सभी सफाईकर्मी छुट्टी पर चले गए है। वहां पर किवाड़ भी नहीं है। फ्लेश भी टूटी फूटी पड़ी है। इस पर किसी की नजर नहीं पड़ती। जिससे डीएम के आदेश की धज्जियां उड़ रही है। वैसे भी मलिन बस्तियों में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है।

## नूरपुर में यशोदा व उसका पति ब्रजपाल गिरफ्तार

**बिजनौर।** वादी ने 15 मार्च को नूरपुर थाने में तहरीर दी थी कि उसकी बहन को दहेज की खातिर पति शिवा सैनी, ससुर ब्रजपाल सैनी, सास यशोदा, देवर जीतू एवं ननंद मिनाक्षी सैनी के द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। जिससे परेशान होकर उसकी बहन ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने धारा 85 व 80 (दो) बीएनएस एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने आज ससुर ब्रजपाल सिंह व सास यशोदा को गिरफ्तार कर लिया है।

## समाधान दिवस में आए दो मामले

**नगीना।** थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी के समक्ष केवल दो मामले आए। जिनको त्वरित निष्पादन के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष अवनीत मान, नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

## हादसे में बाइक सवार घायल

अफजलगढ़। ग्राम आलमपुर निवासी रमेश पुत्र गनेश सिंह ने बताया कि वह अफजलगढ़ से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे संदीप पुत्र फतह सिंह, निवासी धरमपुर (देहरादून) की बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को सीएचसी ले जाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद संदीप को गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर कर दिया। जबकि रमेश को इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

## एक नजर

### इज्जत का लुटेरा शादान अरेस्ट

**बिजनौर।** वादी ने नौ सितम्बर को थाना नहटौर में तहरीर दी थी कि चांदपुर के मौहल्ला इमामबाड़ा (पठानों का कुआं) निवासी शादान उर्फ सद्दू पुत्र सलीम ने उसकी पुत्री की इज्जत तार-तार कर दी। इज्जत लूटने के बाद वीडियो बना कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी गई। साथ ही अभियुक्त के परिजनों के द्वारा गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 245/2025 धारा 333/65 (1), 352, 351 (3) बीएनएस एवं 5एल/6 पॉक्सो एक्ट में शादान सहित छह अभियुक्तों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने शादान को गिरफ्तार कर लिया है।

### लोकेन्द्र मंडल महासचिव नियुक्त



**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के युवा मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी ने ग्राम सभाचंदपुर भरैकी निवासी मोनू प्रधान को संगठन में मुख्य मंडल महासचिव नियुक्त किया है। संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा।

### सुभान को सांप ने डसा



**अफजलगढ़।** स्थानीय मौहल्ला गौहर अली खां निवासी मौहम्मद सुभान (21 वर्ष) ग्राम मीरपुर मोदीवाला में कबाड़ की फैरी करने गया था। इसी दौरान सांप ने डस लिया। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। सूचना मिलते ही सुभान के भाई ने तुरंत उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉ. मोहित की देखरेख में उसका उपचार चल रहा है। डॉक्टर ने बताया कि सांप के डसने का इलाज अब पूरी तरह सीएचसी में उपलब्ध है। उन्होंने चेतावनी दी कि मरीज को किसी झाड़-फूंक करने वाले के पास नहीं ले जाना चाहिए, अन्यथा गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

### दो बच्चे सकुशल बरामद



**नगीना।** मौहल्ला लुहारी सराय निवासीगण नसीम का 12 वर्षीय पुत्र शोएब व तनवीर का दस वर्षीय पुत्र अरहान शुक्रवार को करीब तीन बजे घर से खेलने के बहाने बिना बताए एक साथ निकले थे। दोनों बच्चों के बहुत देर तक घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और बच्चों की तलाश की गई। बच्चे न मिलने पर परिजन परेशान हो गए और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाते ही पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी। जानकारी करने पर दोनों बच्चो को शाम के लगभग रेलवे स्टेशन पर देखे जाने की पुष्टि हुई। जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। प्रारंभिक जांच में जानकारी मिली कि अरहान व शोएब माता-पिता की डांट से नाराज होकर घर से चले गए थे।

### रेलवे फाटक चार दिनों के लिए बंद

**नगीना।** रेलवे पटरियों के मरम्मत कार्य के चलते कोतवाली देहात मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक चार दिन के लिए बंद कर दिया गया है। वहीं अंडरपास का निर्माण कार्य चलने के कारण कालाखेड़ी फाटक भी पिछले कई महीनों से पूर्णत: बंद है। नगीना कोतवाली देहात मार्ग जो नगर को जनपद मुख्यालय से भी जोड़ता है पर स्थित दोनों रेल फाटकों के बंद होने के कारण नगर में प्रवेश करने व बाहर जाने वाले लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रेल विभाग द्वारा नगीना-कोतवाली मार्ग स्थित रेलवे फाटक को शुक्रवार की सुबह से अगले चार दिनों के लिए पटरियों के मरम्मत कार्य चलने के कारण बंद कर दिया गया है।

# नजीबाबाद के होटलों में देह व्यापार

## हरिद्वार मार्ग स्थित राजन होटल में छापा, मचा हड़कम्प

**सोनू आदित्य**

**नजीबाबाद।** हरिद्वार मार्ग स्थित राजन होटल पर पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस की कार्यवाही से होटल स्वामियों में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आवश्यक दस्तावेज अपने कब्जे में लिए और आगे की जांच में जुट गई।




प्राप्त समाचार के अनुसार आज हरिद्वार मार्ग पर स्थित मालन नदी के निकट स्थित राजन होटल पर पुलिस के द्वारा छापेमारी की गई। पुलिस की कार्यवाही की सूचना मिलते ही अन्य होटल स्वामियों में हड़कंप मच गया। नगर एवं आसपास स्थित होटलों में देह व्यापार की शिकायतें लगातार की जा रही थी। भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के प्रतिनिधि लगभग एक माह पहले ही राजन होटल और अन्य होटलों के खिलाफ ज्ञापन दे चुके है। वह लगातार कार्यवाही की मांग कर रहे हैं।

शिकायतों के आधार पर शनिवार को एसडीएम शैलेंद्र कुमार टीम के साथ होटल पहुंचकर जांच में जुट गए। सीओ नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि शिकायतों के आधार पर होटल पर छापा मार कार्यवाही की गई है। होटल के आवश्यक दस्तावेज पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर गहनता से जांच शुरू कर दी है। हालांकि जांच के दौरान होटल में कोई ऐसी गतिविधियां नहीं मिली व देखी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

गौरतलब है कि नगर व लगर के बाहर मुख्य मार्गों पर स्थित होटल देह व्यापार के लिए चर्चित हैं। आरोप है कि यहां पर ग्राहकों के लिए कॉल गर्ल्स मंगाई जाती हैं। ग्राहक अपने जिस्म की आग बुझाने के बाद मोटी रकम देकर चले जाते हैं। पूर्व में कई बार इस तरह के आरोप लगते रहे है। पुलिस पर भी कार्यवाही न करने के आरोप लगते रहे है। सूत्रों का कहना है कि यहां से बड़ी संख्या में कॉल गर्ल्स हरिद्वार के होटलों में भी जाती है। बिगड़े हुए रईसजादे देहरादून, मेरठ व दिल्ली से भी कॉल गर्ल्स मंगाते है। इनके द्वारा विदेशी कॉल गर्ल्स भी मंगाई जाती है। जिन्हें कोटद्वार, बढ़ापुर व हरिद्वार क्षेत्र में स्थित फार्म हाउसों में लेकर जाते है।

# छात्राओं ने किया थाने का भ्रमण

## मिशन शक्ति की जानकारी दी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एचएमआई इन्टर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं के द्वारा मिशन शक्ति के तहत थाना नहटौर का भ्रमण किया गया।

मिशन शक्ति प्रभारी काशिफ हुसैन, राष्ट्रीय सेवायोजना अधिकारी नौशाद अहमद के नेतृत्व में थाना इंचार्ज धीरज सिंह ने सम्मान के साथ सभी छात्राओं और अध्यापकों का स्वागत किया। इस अवसर पर महिला सिपाहियों द्वारा पूरे थाने का भ्रमण कराया गया। विशेष रूप से मिशन शक्ति कार्यालय का भ्रमण रहा। वहां उपस्थित महिला सिपाहियों द्वारा मिशन शक्ति की पूरी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर महिला हेल्प लाइन की जानकारी दी गई। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान की गारंटी देते हुए थाना इंचार्ज धीरज सिंह ने बताया कि थाना में हर महिला, पुरुष का सम्मान है। लेकिन महिला या छात्राओं के साथ छेड़छाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोतवाल साहब के व्यवहार से प्रसन्न होकर छात्राओं द्वारा महिला सुरक्षा से संबंधित अनेक सवाल पूछे, जिसका कोतवाल साहब ने बड़ी विनम्रता से जवाब दिया और छात्राओं को रिपोर्ट दर्ज कैसे होती है। रजिस्टर में नाम कैसे लिखा जाता है की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर महिला सिपाहियों के साथ सभी इंस्पेक्टर भी मौजूद रहे। अन्त में गर्मी को देखते हुए कोतवाल साहब ने सभी स्वयं सेवकों को जल पान की व्यवस्था कराई। प्रधानाचार्य सैय्यद बिलाल अहमद जैदी के आदेश पर थाने का भ्रमण किया गया।

# 'बुजुर्गों का सहारा-कानून का सहारा'

## विवेक विश्वविद्यालय द्वारा रैली का आयोजन







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लींगल स्टडीज द्वारा आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आह्वान पर 'बुजुर्गों का सहारा-कानून का सहारा' शीर्षक के अन्तर्गत एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार इसके अन्तर्गत ग्राम अगरी में विद्यार्थियों द्वारा एक वृहद रैली निकाली गयी। रैली में विद्यार्थियों ने नारे लगाकर व स्लोगन के द्वारा बुजुर्गों में जागरुकता फैलायी। विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने घर-घर जाकर बुजुर्गों को उनके कानूनी अधिकार के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित किए। रैली का संच. ालन करते हुए हिमांशु आर्य, खुशी शर्मा, मयंक, काजल, कौशल, शिवराम, मौहम्मद हारुन, पीयूष, रिया अग्रवाल, हुमैरा आदि विद्यार्थियों ने विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। रैली का प्रारम्भ वाइस चांसलर प्रोफेसर एन.के. गुप्ता ने हरी झन्डी दिखा कर किया। उन्होंने कहा कि मां-बाप हमारे जीवन में जो स्थान रखते है, उसका कोई विकल्प नहीं हो सकता है।

डीन डॉ. राजीव कुमार चौधरी ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह अपने मां-बाप के साथ दूसरे बुजुर्गों का भी सम्मान करे और समाज से तिरस्कृत बुजुर्गों को कानूनी जानकारी एवं सहायता उपलब्ध कराकर उनका सहारा बने।

रैली को सफल बनाने में विभागाध्यक्ष डॉ. पुष्पा जोशी, डॉ. अरविन्द कुमार, प्रशान्त कुमार दीक्षित, अंकित कुमार, प्रमोद त्यागी, विवेक कुमार, प्राची त्यागी, विकान्त कुमार, विशाल सिंह, प्रिया शर्मा, स्वाति, डॉ. सुरेश, अभिषेक आदि प्रवक्तागणों का सहयोग रहा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### ट्रेन से गिरकर दो युवकों की मौत




**नहटौर।** मौहल्ला सादात सहदरी निवासी मौ.अब्बास अंसारी का 21 वर्षीय पुत्र अमन तथा मौहल्ला सराय तले वाली निवासी जिकरिया अंसारी का 23 वर्षीय पुत्र अफ्फान मुंबई में किसी कम्पनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी के लिए इंटरव्यू देने गए थे। गुरुवार को दोनों दोस्त इंटरव्यू देकर ट्रेन से घर लौट रहे थे। जब ट्रेन मुंबई के मलाड रेलवे स्टेशन के पास पहुंची तो दोनों दोस्त रहस्यमय ढंग से ट्रेन से गिर गए और दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दोनों की जेब में मिली आईडी के आधार पर रेलवे पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। जिसे सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मुंबई में रह रहे अफ्फान के परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और बिना कोई पुलिस कार्यवाही के दोनों के शवों को सुपुर्दगी में लेकर अफ्फान को मुंबई में ही सुपुर्द ए खाक कर दिया। जबकि अमन के परिजन मुंबई से अपने पुत्र का शव वापस नहटौर ला रहे हैं।

### आरएसएम में स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान




**धामपुर।** आरएसएम महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) छात्र एवं छात्रा इकाई के तत्वावधान में शनिवार को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रश्मि रावल शर्मा ने भी स्वयंसेवकों के साथ झाड़ू लगाकर अभियान में भागीदारी निभाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि यह निरंतर जिम्मेदारी है, जिसे प्रत्येक नागरिक को निभाना चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ ने कहा कि इस प्रकार के अभियान युवाओं को समाज और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की सफलता प्रत्येक नागरिक के सहयोग से ही संभव है। अभियान के दौरान माय भारत पोर्टल पर महाविद्यालय सत्र 2025-26 के प्रथम वर्ष के नए स्वयंसेवकों सहित अन्य छात्र-छात्राओं का पंजीकरण भी संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई, प्लास्टिक कचरे का संग्रहण एवं जागरूकता संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस अवसर पर डॉ. विवेक यादव, डॉ. विनय दुआ, डॉ. राजेंद्र चौधरी, डॉ. आशीष, राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमेधा चौहान, सुंदर सिंह विष्ट सहित अनेक शिक्षक एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों में विपिन यादव, प्रीत चौहान, अनुराग, यश राघव, सौरभ सैनी, नितिन आदि सक्रिय रूप से शामिल रहे।

### धूमधाम से निकली राम बारात की शोभायात्रा



**स्योहारा।** नगर के रामलीला मैदान में चल रहे रामलीला आयोजन के अंतर्गत इस वर्ष भी राम बारात धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न, शिव पार्वती, गुरु वशिष्ठ और विश्वामित्र की झांकियां शामिल रहीं। घोड़े बग्गी, बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ बारात का नगर में भव्य स्वागत किया गया। राम बारात की यात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर आरएसपी रोड, रियासत ठाकुर मंदिर सब्जी मंडी, शिवाजी मार्केट, जुमेरात बाजार, मुरादाबाद रोड, थाना रोड, स्टेशन रोड होते हुए पुन: रामलीला मैदान में संपन्न हुई। व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा व अमित वर्मा ने अपने प्रतिष्ठान पर पुष्पवर्षा कर बारात का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि रामलीला का उद्देश्य भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेना और सत्य पर विजय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। वहीं रामलीला मैदान से चलकर आरसीपी रोड रियासत में कमेटी के संरक्षक कुमार पृथ्वीराज सिंह एवं उनकी माता रानी कामिनी सिंह ने बारात का स्वागत किया। इस मौके पर रजत रस्तोगी उर्फ शैंकी रस्तोगी, मोंटी बंसल, अमित कुमार शर्मा, भाजपा की मंडल अध्यक्ष नीरज राणा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नेपाल सिंह, डॉ. भूपेंद्र सैनी, अरुण कुमार, अमित कुमार वर्मा, संजय जैन, रहमान प्रकाश तोमर, पिंटू प्रजापति, सुनील कुमार शर्मा, पप्पू पंडित, महेंद्र कुमार शर्मा, रवि एवं थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजवीर सिंह त्यागी व संचालन राजपाल सिंह प्रजापति ने किया।

### विवादित भूमि की जांच को पहुंची टीम



**नहटौर।** ग्राम पंचायत बैरमाबाद गढ़ी के मौजा बिशनपुरा में खसरा नंबर 41 की भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। पूर्व में खसरा नंबर 41 की भूमि को टंकी निर्माण के लिए ट्रांसफर किया गया था। उक्त भूमि ग्राम प्रधान पति को देकर उससे दूसरे स्थान पर टंकी निर्माण के लिए भूमि ली गई थी, जिसको लेकर शिकायत की हुई थी। शिकायत के बाद राजस्व विभाग ने उक्त भूमि पर सरकारी संपत्ति लिख दिया था। ट्रांसफर प्रक्रिया को निरस्त करने की बात कही थी। खसरा नंबर 41 के पास हो रहे निर्माण को अवैध बताते हुए शिकायत की गई थी। शनिवार को राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार राजकमल सिंह, कानूनगो ओमवीर सिंह, गोविंद सिंह, राजकुमार सिंह, सुरेंद्र यादव, बलराज सिंह, हल्का लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, अनिल कुमार, नरेश कुमार, मनोज कुमार, जीशान अहमद मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। ग्राम प्रधान पति निसार अहमद ने राजस्व विभाग द्वारा की गई पैमाईश में पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए संतुष्ट नहीं होने की बात कही। राजस्व विभाग की टीम एमकेडी अग्रिम एकेडमी में पहुंची और वहां भी जांच पड़ताल की।

### मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**स्योहारा।** मौहल्ला तराई निवासी महेंद्र कुमार सैनी पुत्र बनारसीलाल पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित महेंद्र कुमार ने तहरीर में बताया कि वह 26 सितंबर को अपने घर पर मौजूद थे। शोरगुल सुनकर वह अपने भतीजे दिनेश सिंह के घर पहुंचे। दिनेश उसका पुत्र कार्तिक और अन्य परिजन दिनेश की पत्नी रिंकू के साथ मारपीट कर रहे थे। जब उन्होंने बीच-बचाव करना चाहा तो कार्तिक ने उनके सिर पर डंडे से वार कर दिया तथा मुंह पर भी हमला किया। हमले में महेंद्र कुमार बुरी तरह घायल हो गए और उनके तीन दांत टूट गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# अवैध खनन करने वाले वाहनों पर होगी कार्यवाही : डीएम

## कलक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज शाम पांच बजे कलेक्ट्रेट सभागार में अवैध खनन, परिवहन की रोकथाम के लिए बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, डीएफओ, डीएफओ, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि मिट्टी उठान के लिए केवल आवश्यकता के अनुसार ही इसकी अनुमति प्रदान करें। उन्होंने बताया कि खनन का परिवहन केवल पंजीकृत वाहनों द्वारा ही कराया जाएगा। कोई भी अपंजीकृत वाहन खनन का परिवहन करते हुए संज्ञान में आए, तो तत्काल उसको जब्त कर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देश दिए कि गलत नम्बर प्लेट लगाकर अवैध खन्न करने वाले वाहनों पर भी कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने जिले में अवैध खनन एवं परिवहन पर पूर्णत: अंकुश लगाने के संबंध में सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतर्राज्यीय अथवा अंतर्जिला स्तर पर अवैध रूप से खनन का परिवहन करने वाले वाहनों पर समुचित रूप से नियंत्रण स्थापित करने के लिए गुजरने वाले संभावित मार्गों पर चैकिंग करें तथा वहां पर आवागमन करने वाले वाहनों का रजिस्टर भी मेंटेन रखें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त वाहनों पर भी कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्धारित चेक प्वाइंट्स पर निरंतर कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाएं और उनके कार्यों की मॉनिटरिंग करना भी सुनिश्चित करें।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उत्तराखंड साइड से खनन की सूचना प्राप्त होती है, तो इसलिये बार्डर एरिया सहित निर्धारित एवं आशंकित स्थानों में सख्ती की जाए।

### ब्लैकमेल कर सालों तक करता रहा दुष्कर्म

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी महिला ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मुजफ्फरनगर निवासी नौशाद नाम का व्यक्ति करीब तीन साल पूर्व उनके घर के पास मदरसे में बच्चों को पढ़ाने आया था, जिसके संपर्क में आई पीड़िता के उससे संबंध बन गए। पीड़िता का आरोप है कि उक्त युवक ने पीड़िता की ऑडियो व वीडियो रिकॉर्ड कर ली और उसे ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता ने बताया कि पिछले तीन सालों से ब्लैकमेल करते हुए उक्त नौशाद अपने लखनऊ निवासी दोस्त हाशिम के साथ मिलकर खिरनी गोपालपुर में उसकी इज्जत से खेलता आ रहा है। पीड़िता ने बताया कि वह समाज में बदनामी के डर से खुद को उनके बिस्तर पर बिछाती आ रही थी, परंतु बीते दिनों पुन: बुलाने पर इंकार करने से उक्त जालसाजों ने उसके पति को उसकी ऑडियो व वीडियो भेजकर उसकी इज्जत को तार-तार कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि दबंग और जालसाज दोनों व्यक्ति उसकी ऑडियो वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की भी लगातार धमकी दे रहे है, जिसके बाद पीड़िता ने अब थाने की शरण ली है।

## एसबीडी महिला महाविद्यालय में प्रोफेशनल कोर्स शुरु करने पर जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एसबीडी सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में प्रबंध समिति की प्रथम साधारण सभा का आयोजन किया गया।

समिति की पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रबंधिका रेणु गोयल ने संस्थान के इतिहास और अपने कार्यकाल में किए गए कार्यो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्षेत्र की बालिकाओं को उच्च शिक्षा दिलाने और समाजसेवा हेतू लगभग साढ़े पांच दशक पूर्व महाविद्यालय की स्थापना की गई थी। उन्होंने महाविद्यालय में छात्राओं की लगातार घटती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रोफेशनल कोर्स, नवीन पाठ्यक्रम शुरु कराने, महाविद्यालय को कोऐड करने और तकनीकि सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर दिया। साधारण सभा में कॉलेज के टीन शेड की मरम्मत कराने, छात्रावास को पुन: संचालित कराने आदि बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने महाविद्यालय में शैक्षिक स्तर की गुणवत्ता बनाये रखने को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्राओं की बेहतर शिक्षा और संस्थान हित के लिए जो भी प्रस्ताव होगा उसे अवश्य पारित किया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने कॉलेज में नवीन कम्प्यूटर लैब का भी उद्घाटन किया। संचालन कॉलेज प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने किया। इस अवसर पर एसडीएम स्मृति मिश्रा, तहसीलदार धनराज कुमार, उपाध्यक्ष सुनील कुमार, अजय माहेश्वरी, पवन अग्रवाल एडवोकेट, अभय गोयल, नलिन कंसल, राजीव अग्रवाल, सौम्य अग्रवाल आदि रहे।

## बदलते मौसम से बच्चों की सेहत पर खतरा : डॉ. जानिब हाशमी

### सावधानी बरतने की सलाह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** बरसात का मौसम खत्म होते ही धीरे-धीरे ठंडक का असर बढ़ने लगा है। ऐसे में मौसमी बदलाव से सबसे ज्यादा प्रभावित छोटे मासूम बच्चे हो रहे हैं।

मौहल्ला मिल्कियान निवासी वरिष्ठ चिकित्सक हाशमी नर्सिंग होम के संचालक डॉ. जानिब हाशमी ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि बदलते मौसम में बच्चों को खांसी, जुकाम, बुखार, गले में खराश और नजले जैसी बीमारियां तेजी से पकड़ लेती हैं। इन बीमारियों से बच्चों को जहां तकलीफ होती है। वहीं परि. जनों को भी चिंता और परेशानियों का सामना करना पड़ता है। डॉ. जानिब हाशमी ने बताया कि कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले बच्चों में इस समय संक्रमण फैलने का खतरा सबसे अधिक रहता है। ऐसे में माता-पिता को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को साफ-सफाई का ध्यान रखना, उन्हें ठंडी चीजों से दूर रखना और मौसम के अनुसार हल्के-गर्म कपड़े पहनाना बेहद जरूरी है। इसके अलावा बच्चों को पौष्टिक आहार देना चाहिए ताकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनी रहे। उन्होंने यह भी सलाह दी कि यदि बच्चों को लगातार खांसी-जुकाम, तेज बुखार या सांस लेने में तकलीफ की समस्या हो तो तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें। लापरवाही बरतने पर यह मौसमी बीमारियां गंभीर रूप भी ले सकती हैं। डॉ. जानिब हाशमी ने दोहराया कि बदलते मौसम में बच्चों को सुरक्षित रखना परिजनों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। समय पर सावधानी और उपचार से ही बच्चों को इन मौसमी बीमारियों से बचाया जा सकता है।

## जिला पर्यावरण समिति की बैठक

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज शाम स्थानीय कलेक्ट्रेट सभागार में गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर अपर डीएफओ, उपयुक्त मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने डीएफओ को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी बैठक में गुलदार प्रकरण को अनिवार्य एवं नियमित रूप से शामिल किया जाए ताकि गुलदार से संबंधित अद्यतन घटनाओं के दृष्टिगत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जा सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की वन विभाग वन मित्रों की ब्लॉकवार प्रशिक्षण कार्यक्रम का रोस्टर जारी कर उसके अनुसार प्रशिक्षण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने गंगा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मालन नदी की जीर्णोद्धार का जो भी कार्य हुआ है। फोटोग्राफ सहित उसको निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यदाई संस्था को कड़े निर्देश दिए की सभी निजी अस्पतालों पर बायोमेडिकल वेस्ट से संबंधित बारकोड लगवाना सुनिश्चित करें और जिन अस्पतालों द्वारा उक्त कार्य में सहयोग नहीं किया जाता, उनको तत्काल नोटिस जारी करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की शहरों का कूड़ा किसी भी अवस्था में सड़कों के किनारे डिस्पोजल न किया जाए। उसके लिए शहर से और सड़क से दूर डंपिंग ग्राउंड में ही उसका निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत विभागीय लक्ष्य के सापेक्ष जिओ टैगिंग करना और उसकी रिपोर्ट वन विभाग को भी उपलब्ध कराएं।

## धामपुर में व्यापक सफाई अभियान चला कर गंदगी को हटाया

**धामपुर।** स्वच्छता ही सेवा-2025 के अंतर्गत नगर में चल रहे 156 घंटे निरंतर महा-स्वच्छता अभियान के तहत आज अपराह्न 1 बजे से सायं 5 बजे तक की शिफ्ट में सफाई मित्रों द्वारा विशेष साफ-सफाई कार्य किया गया। इस दौरान नगर के प्रमुख मार्गों पर व्यापक सफाई अभियान चलाकर गंदगी को हटाया गया। अभियान के अंतर्गत सफाई मित्रों की टीम ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थल से कार्य प्रारंभ किया। इसके बाद रोडवेज बस स्टैंड, पालिका कार्यालय होते हुए रेलवे स्टेशन तक के मार्ग की साफ-सफाई की गई। इस दौरान विशेष रूप से गंदगी से प्रभावित स्थलों की पहचान कर वहां पड़े कूड़े-कचरे का एकत्रीकरण एवं निस्तारण किया गया। पालिका प्रशासन की देखरेख में चलाए जा रहे इस महा-अभियान का उद्देश्य नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है। अधिकारियों ने बताया कि 25 सितंबर की सायं 5 बजे से प्रारंभ हुआ यह अभियान 2 अक्टूबर की प्रात: 9 बजे तक लगातार जारी रहेगा। इस अवधि में नगर के विभिन्न वार्डों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चरणबद्ध तरीके से सफाई कार्य किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत न केवल मार्गों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की जा रही है, बल्कि नागरिकों को भी गंदगी न फैलाने और कचरे को निर्धारित स्थान पर डालने के लिए जागरूक किया जा रहा है। सफाई मित्रों ने श्रमदान करते हुए नगरवासियों से अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और गंदगी फैलाने से परहेज करें। नगर के कई सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय नागरिकों ने भी इस अभियान का समर्थन करते हुए कहा कि निरंतर चल रहे इस प्रयास से नगर की तस्वीर में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है।

## बाइक से गिरकर छात्रा घायल

**नहटौर।** ग्राम ककराला निवासी सुरेंद्र सिंह की 16 वर्षीय पुत्री गुनगुन बाइक द्वारा अपने भाई के साथ महुआ स्कूल में पढ़कर अपने घर लौट रही थी। बाइक से गिरकर वह घायल हो गई। भाई ने राहगीरों की मदद से उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

## दशरथ का विलाप देख भावुक हुए दर्शक

**बरुकी।** ग्राम शादीपुर में राम वनवास लीला का शुभारंभ भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष विनीत मोर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान राम, लक्ष्मण, सीता तथा कैकई ने सुंदर रागनियां प्रस्तुत की। राम वनवास तथा दशरथ का विलाप देखकर उपस्थित जन समूह भावुक हो गया। राम केवट संवाद पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई। रामलीला मंचन में राम का चरित्र सचिन मौर्य, लक्ष्मण गगन भारद्वाज, सीता विकास शर्मा, दशरथ विपिन मौर्य, कैकेई हेमेंद्र कश्यप, सुमंत गुड्डू कश्यप तथा केवट का चरित्र कमल कश्यप ने निभाया। रामलीला मंचन में नितिन मौर्य, बज बहादुर सिंह, नवनीत मौर्य, प्रशांत मौर्य, मोहन कश्यप, मंगलू कश्यप, दिनेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

## झोलाछाप चिकित्सक पर कार्यवाही की मांग

**अफजलगढ़।** ग्राम हिदायतपुर निवासी प्रेम सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि एक झोलाछाप डाक्टर की लापरवाही से उनके भाई की मौत हो गई। प्रेम सिंह के मुताबिक उनके भाई मेहर सिंह की तबियत अचानक बिगड़ गई थी। इलाज के लिए वह उन्हें गांव टांडा हिदायतपुर निवासी जावेद के पास लेकर गए। आरोप है कि जावेद जो खुद को डॉक्टर बताता है, उसने पहले इंजेक्शन लगाया और फिर ड्रिप चढ़ा दी। इसी दौरान मरीज की हालत और बिगड़ गई। परिजनों का कहना है कि जब मेहर सिंह की हालत गंभीर हो गई तो जावेद ने बोतल निकाल दी और मौके से फरार हो गया। उसने परिवार से कहा कि मरीज को कहीं और ले जाओ। काशीपुर अस्पताल ले जाते समय रास्ते में जसपुर के पास मेहर सिंह ने दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि आरोपी झोलाछाप डाक्टर जावेद के पास न तो कोई मेडिकल डिग्री है और न ही अनुभव। इसके बावजूद वह इलाज करता है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि पहले भी वह ऐसे मामले कर चुका है लेकिन कार्रवाई न होने से उसके हौसले बुलंद हैं। परिवार ने प्रशासन से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## समाधान दिवस में तीन शिकायतें दर्ज

**किरतपुर।** थाना किरतपुर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने जनसामान्य की समस्याएं सुनते हुए तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित आम नागरिकों की प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निपटारा सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को वास्तविक राहत मिले। डीएम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण को औपचारिकता न समझा जाए, बल्कि इसे जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान एवं लंबित शिकायतों के समाधान में गुणवत्ता के साथ-साथ शिकायतकर्ता की संतुष्टि को भी आख्या में दर्ज करना अनिवार्य किया जाए। समाधान दिवस के दौरान राजस्व विभाग से संबंधित तीन शिकायतें दर्ज की गईं। जिलाधिकारी ने राजस्व अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भूमि संबंधी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और शीघ्र निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सहित लेखपाल एवं कानूनगो मौजूद रहे।

## अनावासीय प्रशिक्षण का समापन

**बुढ़नपुर।** पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान एवं उपनिदेशक (पं) मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद के निर्देशन में डिस्ट्रिक्ट पंचायत रिसोर्स सेंटर (डीपीआरसी) गजरौला जनपद अमरोहा में जनपद बिजनौर के विकासखण्ड नजीबाबाद एवं कोतवाली के पंचायत सहायक/एकाउंटेंट- कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर का चार दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण का समापन किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। इस प्रशिक्षण में पंचायत सहायकों को पंचायती राज व्यवस्था-73 संविधान संशोधन, ग्राम पंचायत एवं ग्राम प्रधान व उनके दायित्व, ग्राम सभा के कार्य दायित्व एवं महत्व, ग्राम पंचायत की समिति एवं कार्य, पंचायत सिटिजन चार्टर, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) 15वां केंद्रीय वित्त आयोग एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, बहुउदेशीय पंचायत भवन, अंत्येष्टि स्थल निर्माण, पंचायत कल्याण कोष उ.प्र., मातृभूमि योजना, ग्राम पंचायत की स्वयं के आय स्त्रोत (ओएसआर) सतत विकास लक्ष्य एवं उनका स्थानीयकरण (एलएसडीजी), पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) ई-ग्राम स्वराज, पंचायत पुरस्कार आदि विषयों पर पंचायत सहायकों को पंचायती राज विभाग के राज्य प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## एक नजर

### दिन-रात चल रहा सफाई अभियान



**शेरकोट।** अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाये जा रहे अभियान में नगर पालिका कार्यालय, टेम्पो स्टैण्ड एवं अमृत सरोवर व नगर के समस्त वार्डो में साफ-सफाई स्वच्छता अभियान चलाया गया। पालिका के सफाई नायक नन्द किशोर के नेतृत्व में सफाई कर्मियों के साथ नगर में शाम 5 बजे से सुबह 5 बजे तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सफाई नायक नंद किशोर ने बताया कि सरकार के निर्देश पर नगर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हमारा मकसद कस्बे को स्वच्छ रखना है। नगर पालिका का मकसद है कि शेरकोट स्वच्छता अभियान में प्रथम नम्बर पर रहे। इस मौके पर पालिका अधिशासी अधिकारी कृष्णा मुरारी, पालिका लिपिक ताहिर हुसैन, फईम अहमद, अरशद हुसैन के साथ-साथ सफाई कर्मी नंद किशोर, राजेन्द्र, रिंकु, मोनू, आकाश, अंकुर, मोनू, राजेन्द्र, चन्द्रपाल सहित सफाई कर्मी मौजूद रहे।

### सिविल बार एसोसिएशन की बैठक



**चांदपुर।** सिविल बार एसोसिएशन की बैठक हाजी सिराजुद्दीन एडवोकेट के चेंबर में हुई। इस बैठक मे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही कुछ नये सदस्यों को भी सदस्यता दिलाई गईं। इस बैठक में एड. रविन्द्र सिंह को बार अध्यक्ष, शमशाद अहमद एडवोकेट एवं महासचिव हरिश्वर सिंह एडवोकेट ने सदस्यता ग्रहण कराई। बैठक में सिविल बार एसोसिएशन के संगठन विस्तार पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सुनील कुमार शर्मा एड., रियाज आलम एड., विपिन कुमार एड., हर्ष कुमार एड., विशाल कुमार एड., ललित कौशिक एड, तुलाराम सिंह एड., जसवंत सिंह एड., रविन्द्र कुमार एड., मनोज कुमार एड., नौशाद अहमद एड., मोनू कुमार एड., छत्रपाल सिंह एड.आदि उपस्थित रहे।

### विवेकानंद में विश्व फार्मेसी दिवस मनाया




**चांदपुर।** विवेकानंद कॉलेज आफ फार्मेसी में विश्व फार्मेसी दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के कोषाध्यक्ष पीयूष कुमार, सचिव अतुल कुमार चौहान ने सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. शिवेंद्र अग्रवाल ने बताया कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस की स्थापना 2009 को अंतर्राष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल फेडरेशन, एफआई पी द्वारा की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य में फार्मासिस्टों का योगदान एवं उनको बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली, पोस्टर, ड्रामा, प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिता की गई। स्पीच कंपटीशन में ईजला परवीन प्रथम स्थान पर, मौहम्मद द्राक्षान द्वितीय स्थान पर और अंकित कुमार तृतीय स्थान पर रहे। रंगोली कंपटीशन की विजेता रानी और शिवानी क्विज रही। क्विज कंपटीशन में मौहम्मद द्राक्षान प्रथम स्थान पर और ईजला परवीन द्वितीय स्थान पर रहे। मनीष कुमार तृतीय स्थान पर रहे। पोस्टर प्रेजेंटेशन में निखिल भटनागर प्रथम स्थान पर अंकित कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में दीपक कुमार, खलील उर रहमान, अशोक कुमार, डॉ. रेखा रानी, डॉ. माहे सफिया, डॉ. शेर सिंह कटारिया, दीपक कुमार, प्रियंका सिंह, डॉ. प्रियक कुमार, विनीत कुमार, भूदेव सिंह, शिप्रा अग्रवाल, डॉ. रेशमा सैलानी व शाहिन परवीन, सृष्टि त्यागी, डॉ. अमित कुमार, जॉनी राजपूत, सुशील कुमार सहित छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मौहम्मद सोहेल द्वारा किया गया।

### शराब देने से मना करने पर पीटा

**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर निवासी धर्मवीर पुत्र लल्लू सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है कि वह गांव हादकपुर स्थित सरकारी शराब के ठेके से शराब लेकर अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में उसे गांव के ही विनीत त्यागी और शैंकी त्यागी पुत्रगण राजपाल त्यागी मिले और उससे शराब मांगने लगे। आरोप है कि जब धर्मवीर ने शराब देने से मना किया तो दोनों भाइयों ने गालियां देते हुए पास ही स्थित गन्ने के खेत से गन्ना तोड़कर उसे मारा-पीटा। आरोप यह भी है कि दोनों भाइयों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। धर्मवीर ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### युवती को भगा ले जाने का आरोप

**शेरकोट।** एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी पुत्री अलसुबह अचानक घर से गायब हो गई। युवती को तलाश किये जाने के दौरान पता चला कि उसकी पुत्री को ग्राम मीमला थाना धामपुर निवासी लक्की पुत्र सूरज सिंह अपने साथ ले गया है। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।

## संबंध विच्छेद सूचना

मैं अपने पुत्र मुकीम नसीम अहमद मलिक व पुत्रवधू निशा परवीन को गलत व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करती हूं। उनके किसी भी कृत्य कि मैं जिम्मेदार नहीं होंगी। दोनों अपने कृत्य व लेन-देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **नफीसा खातून पत्नी नसीम अहमद ग्राम फूलसंदा खाकम, थाना नहटौर, जिला बिजनौर**

## नाम परिवर्तन

**मैंने अपना नाम HAFIJULLA से बदलकर HAFIZULLA रख लिया है। अब मुझे HAFIZULLA इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।**

**HAFIZULLA S/O SAMIULLA**
R/O MOH. KASSABAN, BIJNOR, DISTT. BIJNOR

## एक नजर

### छात्राओं को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण




**धामपुर।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय खटाई में मिशन शाक्त फेस-5 के अंतर्गत छठे दिन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को सेल्फ डिफेंस का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंचार्ज वार्डन डोली चौहान ने की। जबकि शिक्षिका सुरुचि रानी ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। छात्राओं को सेल्फ डिफेंस पर आधारित फिल्म दिखाई गई और इसके आधार पर उनसे चर्चा कर उन्हें सुरक्षा के प्रति सजग और साहसी बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में थाना नूरपुर से आई इंस्पेक्टर विनिता तोमर ने छात्राओं को थाने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी और हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में समस्त स्टाफ डोली चौहान, साक्षी चौहान, मो. निका चौहान, ममता, संजय कुमारी, सुकाचे रानी, सुधा रानी, सोनाली और दिलशाद अली उपस्थित रहे। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण लिया और कार्यक्रम सफल रहा।

### सीता हरण की लीला का मंचन



**नजीबाबाद।** रामलीला मैदान में रामलीला मंच पर सीता हरण में जटायु उद्धार की लीला का मंचन किया गया आपको बता दें कि सर्वप्रथम गणेश वंदना और श्री रामायण पाठ के द्वारा श्री रामलीला का शुभारंभ हुआ। शूर्पणखा द्वारा भ्रमण करते हुए राम लक्ष्मण को देखा गया और उनकी सुंदरता पर मोहित होकर रावण की बहन शूर्पणखा उनसे शादी करने के लिए आग्रह करने लगी, श्री राम भगवान जी के बार-बार मना करने पर भी वह नहीं मानी। उन्होंने बताया कि मेरा विवाह सीता जी से हुआ है। इस बात को सुनकर वह क्रोधित हो गई और वह सीता की तरफ झपटी। यह देख कर लक्ष्मण द्वारा शूर्पणखा के नाक कान काट दिए गए। इस बात से क्रोधित होकर शूर्पणखा अपने भाई खर और दूषण से जाकर सारी बात बताती है। खर और दूषण भगवान श्री राम के द्वारा मारे जाते हैं। शूर्पणखा अपने भाई लंकेश रावण के पास जाती है और सारी बात बताती है। जिस पर रावण द्वारा अपने मामा मारीच को सोने का हिरण बनाकर सीता हरण कर लेता है। सीता हरण के दौरान जटायु द्वारा सीता की रक्षा की जाती है, लेकिन वह असफल हो जाते हैं और रावण के द्वारा मारे जाते हैं। रामलीला मंचन के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ देखी गई।

### प्राथमिक विद्यालय में घुसा गुलदार



**बिजनौर।** बिजनौर के बरुकी क्षेत्र के ग्राम इस्लामपुर बेगा स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार सुबह बच्चों की जान खतरे में पड़ गई। स्कूल की रसोईया ने अचानक परिसर में एक गुलदार को घूमते देखा। उसने तुरंत शोर मचाया, जिसके बाद अध्यापकों ने समझदारी दिखाते हुए बच्चों को क्लास रूम में बंद कर दरवाजे लगा दिए। शोर सुनकर गुलदार पास के गन्ने के खेत की ओर चला गया। घटना के बाद स्कूल में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में अभिभावक मौके पर पहुंच गए। बच्चों में भय का माहौल बना रहा।

### राम वनवास का मंचन



**नांगल सोती।** रामलीला के मंचन में बीती रात अयोध्या नरेश महाराज दशरथ ने विचार किया कि राम को अयोध्या का राजा बनाया जाए। उन्होंने अपने मंत्री सुमंत को बुलाकर बड़े बेटे राम को राजा बनाए जाने के लिये राज्याभिषेक की तैयारी करने का आदेश दिया। यह सूचना जैसे ही महारानी कैकेयी की दासी मंथरा को प्राप्त हुई। मंथरा ने महारानी कैकेयी के कान भरना शुरू कर दिया। महारानी कैकेयी मंथरा की बातों को मानकर राजा दशरथ से पूर्व में दिए गए अपने पुराने दो वरदान मांगे। राजा दशरथ ने महारानी कैकेयी को दोनों वरदान देने का निर्णय करते हुए कहा कि हम रघुवंशी हैं, हम अपने दिए गए वचन को निभाने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। कैकेयी ने अपने पुत्र भरत को राजतिलक और कौशल्या पुत्र राम को चौदह वर्ष का वनवास मांगा। यह सूचना जैसे ही भगवान राम को मिली, भगवान राम तुरन्त आज्ञा का पालन करते हुए वन जाने को तैयार हो गए। जैसे ही भगवान राम के वन जाने की सूचना महराज दशरथ को हुई, वो विचलित और व्याकुल हो गए। भगवान राम, सीता और लक्ष्मण के साथ वन को प्रस्थान किया, वैसे ही राजा दशरथ फूट-फूट कर रोने लगे और पूरी अयोध्या नगरी में शोक छा गया।

### चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों की समीक्षा

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अंशिका दीक्षित की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में चकबन्दी प्रक्रियाधीन सभी 21 ग्रामों की धारावार समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में गत माह तक 6 ग्रामों में भूचित्र संशोधन, 7 ग्रामों में पड़ताल, 4 ग्रामों में धारा-9 एवं 3 ग्रामों में धारा-10 तथा एक-एक ग्राम में धारा-23 एवं 24 के अंतर्गत प्रगति की गयी है। उन्होंने सभी 21 ग्राम चकबन्दी प्रक्रिया में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्रचलित हैं। धारा-9, 10 व 20 के स्तर पर लंबित ग्रामों में माह-अक्टूबर, 2025 में कार्य पूर्ण कराने के लिए संबंधित सहायक चकबन्दी अधिकारी / चकबन्दी अधिकारी को निर्देशित किया। धारा-27 के स्तर पर लंबित ग्रामों में भी अवशेष कार्य पूर्ण कराकर समयान्तर्गत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। धारा-52 के स्तर पर 2 ग्राम काफी दिनों से लंबित हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त ग्रामों के कब्जा सत्यापन का कार्य पूर्ण कराकर अनिवार्य रूप से माह-अक्टूबर, 2025 में धारा-52 कराना सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में ग्रामवार कार्य पूर्ण करने हेतु दिये गये समयान्तर्गत कार्य पूर्ण करने में शिथिलता एवं लापरवाही पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों / कर्मचारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित कर सक्षम स्तर से अनुशासनिक कार्यवाही कराने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये।

# भाई ने भाई को मौत के घाट उतारा

## संपत्ति विवाद में कंबल से गला दबाया, पुलिस ने लिया हिरासत में





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा में बीती रात हुई एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया। शराब के नशे में बड़े भाई रवि सैनी ने अपने छोटे भाई दिव्यांग मोनू सैनी (26 वर्ष) का गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की सूचना शनिवार सुबह मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी रवि को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

मौहल्ले और परिजनों के अनुसार मोनू और रवि के बीच लंबे समय से संपत्ति और घरेलू विवाद चल रहे थे। दोनों शराब के आदी थे और अक्सर आपसी झगड़े होते रहते थे। शुक्रवार रात भी नशे की हालत में दोनों में विवाद हो गया और गुस्से में रवि ने छोटे भाई मोनू का कंबल लपेटकर गला दबा दिया। पुलिस ने बताया कि उसने तब तक दबाए रखा जब तक मोनू के प्राण नहीं निकल गए। मृतक मोनू सैनी परिवार का चौथा बेटा था। वह दाहिने पैर से पोलियो ग्रस्त था और टेलरिंग का काम करता था। मोनू अविवाहित था और आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद परिवार की जिम्मेदारियों को निभाता था। उसका बड़ा भाई रवि हलवाईगिरी का काम करता है और पांच साल पहले उसने एक पुत्री को गोद लिया था।

मृतक मोनू की बहन आरती देवी ने बताया कि मोनू शांत और सरल स्वभाव का था। उसने कभी किसी को तकलीफ नहीं दी। हमें यह कभी भी नहीं लगा था कि हमारा भाई ही उसका कातिल बन जाएगा। मोनू की मौसी ममता देवी ने कहा कि दोनों भाइयों में हमेशा बनती नहीं थी और दोनों शराब के आदी थे।

घटना की जानकारी माहल्ले वालों ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौहल्ले में घटना की खबर फैलते ही लोग स्तब्ध और आक्रोशित हो गए। परिजन शव का अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने शव कब्जे में लेकर प्रक्रिया रोक दी।

मौहल्ले और परिवार में घटना से गहरा शोक और भय व्याप्त है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हैं। मौहल्ले के लोग भी इस वारदात से सदमे में हैं। मृतक मोनू का जीवन संघर्ष, दिव्यांग होने के बावजूद अपने परिवार की आर्थिक मदद, और उसकी मासूमियत को देखते हुए इस हत्या ने सभी को अंदर तक झकझोर दिया है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आरोपी रवि के खिलाफ कार्रवाई और कानूनी प्रक्रिया तेज कर दी जाएगी।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने बताया कि आरोपी रवि ने पूछताछ में हत्या की सच्चाई स्वीकार कर ली है। उन्होंने बताया कि शराब के नशे में मोनू ने उनके साथ गाली-गलौज की। गुस्से में उसने कंबल से मोनू का गला दबा दिया और तब तक दबाए रखा जब तक उसकी मौत नहीं हो गई।

## श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज एंड हॉस्पिटल में फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज एंड हॉस्पिटल में फार्मासिस्ट दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसमें डॉ. हरि सिंह एवं डॉ. पल्लवी ने भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. हरि सिंह ढिल्लो तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. पल्लवी उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने विद्यार्थियों को औषधि विज्ञान के महत्व और समाज में फार्मासिस्ट की भूमिका पर अपने विचार साझा किए।

कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. एन.पी. सिंह ने कहा कि फार्मासिस्ट दिवस हमें यह संदेश देता है कि स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्ट एक अहम स्तंभ हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ-साथ समाज सेवा में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में फार्मासिस्ट संस्थान के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से फार्मेसी क्षेत्र के महत्व को दर्शाया।

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. ममता सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन चंचल सैनी ने किया। सभी फैकल्टी और कर्मचारियों ने अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

## गांधी जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों के सम्बंध में बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने निर्देश दिए कि 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को पूर्ण गुणवत्ता एवं गंभीरता के साथ संचालित करें और इस अवसर पर विशेष रूप से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान का संचालन करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर कलक्ट्रेट सभागार स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जूम मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को अंतिम रूप प्रदान करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित कर रही थीं। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को गांधी जी की 156 भी जयंती के अवसर पर कलक्ट्रेट परिसर में उनके द्वारा प्रात: 9:00 बजे झंडा रोहण किया जाएगा। उसके बाद राष्ट्रीय गान का गायन होगा और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर प्रात: 6.15 बजे से 7.15 बजे तक जिला मुख्यालय तथा अन्य

### डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रमुख स्थानों के समस्त मार्गों पर स्कूली बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकाली जाएगी। प्रात: 8:00 से 9:00 बजे तक सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी भवनों पर कार्यालयाध्यक्षों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरांत समस्त कार्यालयों, विद्यालयों में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया जाएगा तथा शिक्षण संस्थाओं, स्कूल एवं कॉलेजों में गांधीवादी जीवन का प्रचार तथा उनके जीवन के पहलुओं पर गोष्ठियां/वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस अवसर पर पंचायतों एवं सार्वजनिक संस्थानों में गांधी जी के साम्प्रदायिक सदभावना एवं अस्पृश्यता निवारण विषयों पर गोष्ठियों का आयोजन भी किया जाएगा तथा उसके पश्चात बाल्मिकी बस्ती मौ. जाटान बिजनौर में दलित बस्तियों की महिलाओं एवं बच्चों का साफ सफाई एवं पालिथिन का प्रयोग न करने के बारे में महिलाओं द्वारा गोष्ठी का आयोजन कर प्रेरित किया जाएगा।

## भाकियू पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों द्वारा थाना अध्यक्ष कोतवाली देहात को ज्ञापन सौंपा। जिसमें गांव हरियावाले की नजमा खातून पत्नी अनवर की लगभग 2 वर्ष पहले अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा हत्या कर दी गई थी, जिसका पुलिस द्वारा अभी तक कोई खुलासा नहीं किया गया। गांव रोशनपुर प्रताप में एक किशोर की मृत्यु के विरोध में एक अन्य किसान संगठन के कार्यकर्ताओं ने मृतक के परिजनों के साथ मिलकर नेशनल हाईवे को लगभग 6 घंटे तक जाम कर दिया था। जिसमें भाकियू अराजनैतिक संगठन के निर्दोष कार्यकर्ताओं के नाम भी पुलिस ने मुकदमे में लिख दिए हैं। निर्दोष कार्यकर्ताओं के नाम मुकदमे से निकाले जाने की मांग की।

## शेरकोट में तीन जगह चोरी



**शेरकोट।** चोरों द्वारा एक ही रात में दो दुकानों व एक चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। बीती रात चोरों ने फैजान की हार्डवेयर और जनरल स्टोर में पिछले दरवाजे से घुसकर 15 हजार रुपये की नकदी और हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। शहजाद की चाय कैंटीन से चोरों ने तीन सिलेंडर, बीड़ी-सिगरेट के पैकेट और 4 हजार रुपये चोरी कर लिए। इसके अलावा रिजवान के कोल्ड ड्रिंक के गोदाम से चोरों ने 50 से अधिक पेटियां कोल्ड ड्रिंक की चोरी कर ली। सूचना पर पंहुचे थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने पीड़ितों से जानकारी हासिल की और बताया कि जल्द ही तीनों चोरियों का खुलासा किया जाएगा।

## स्वर्ण पदक विजेता भव्य सम्मानित

**धामपुर।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र भव्य प्रताप ने क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अर्जित कर विद्यालय सहित जनपद एवं मेरठ प्रांत का गौरव बढ़ाया है। एटा में आयोजित प्रतियोगिता में भव्य प्रताप ने 4×100 मीटर रिले तथा 110 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के आधार पर उनका चयन आगामी अखिल भारतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता हेतु हुआ है, जो नवम्बर माह में कर्नाटक राज्य के हासन में आयोजित की जाएगी। स्वर्ण पदक प्राप्त करने के उपरांत जब भव्य प्रताप विद्यालय पहुंचे तो वंदना सभा में उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर हेमेन्द्र सिंह, पीटीआई कृष्णवीर सिंह, योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक



### टीकाकरण फीडिंग सही से करने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अपने दायित्वों का उल्लंघन करने तथा सरकारी अस्पताल के बजाए प्राइवेट नर्सिंग होम में प्रसव कराने वाली आशाओं की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जननी सुरक्षा योजना सहित स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने में संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिले में जो भी आरोग्य मंदिर बंद पाया जाए उसके सीएचओ के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उनकी भी सेवाएं समाप्त करने की कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देश दिए कि थेलीसीमिया रोगियों के शत प्रतिशत कार्ड बनाना एवं उक्त रोग के प्रति लोगों को जागरूक करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से थेलीसीमिया रोगियों को पोषण कीट दिलाना भी सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जनसामान्य को उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग का मुख्य कार्य हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण पारदर्शिता, निष्ठा और ईमानदारी से अपनी दायित्वों का निर्वहन करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पूर्ण गुणवत्ता के साथ जन सामान्य को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी सहित सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों का लाभ आमजन को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पहुंचाएं और इस महत्वपूर्ण कार्य में कदापि लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का रूटीन टीकाकरण, बच्चों में कुपोषण के स्थिति की जांच आदि की विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा करें। उन्होंने वीएचएनडी सत्र की समीक्षा करते हुए एमओआईसी को निर्देशित किया कि सेशन में जहां कमी है, उसे चिन्हित करते हुए तत्काल उसे दूर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने U&WIN प्लेटफॉर्म पर महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण फीडिंग सही से करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान जननी सुरक्षा योजना के व्यवस्थित संचालन, ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकत्रियों जैसे-आशा एवं एएनएम की कार्य प्रणाली एवं उनका प्रशिक्षण, संस्थागत प्रसव आदि से सम्बंधित चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचा. लित जितनी भी सेवाओं/योजनाओं का संबंध ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्त्रियों (आशा/एएनएम) से है, उनके कार्यों की प्रगति की समीक्षा अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिला चिकित्सालय सहित जनपद के सभी सीएचसी/पीएचसी में आधारभूत सुविधाओं में यदि कोई कमी है, तो उसे तत्काल सुधारने की दिशा में कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उन्होंने चिकित्सालयों में सभी जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ एन्टी स्नेक व एन्टी रैबीज के इंजेक्शन उपलब्धता, आशाओं का भुगतान, आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाए जाने वाले आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना में लाभार्थी का भुगतान की समीक्षा सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अन्तर्गत जिले में संचा. लित कार्यक्रमों/योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को पूर्ण मानक के अनुसार क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीआर सिंह, महिला अस्पताल डॉ. प्रभा रानी सहित सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी तथा एमओआईसी मौजूद थे।

## एक नजर

### सलीम अहमद जिलाध्यक्ष मनोनीत



**चांदपुर।** राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ संगठन द्वारा सलीम अहमद को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। सलीम अहमद ने संगठन के सभी पदाधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर सलीम अहमद के शुभचिंतकों व मित्रों में खुशी का माहौल देखा गया है। इस मौके पर सलीम अहमद ने कहा कि मैं संगठन हित में इमानदारी से कार्य करूंगा और जिला बिजनौर में संगठन को मजबूत बनाने का काम करूंगा।

### आजम खां से मिले आसिफ असलम



**चांदपुर।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी राष्ट्रीय सचिव मौहम्मद आसिफ असलम ने रामपुर पहुंचकर सपा के कद्दावर नेता मौहम्मद आजम खान से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पूरे 23 महीने बाद हुई मुलाकात को एक यादगार मुलाकात बताते कहा कि जनाब मौहम्मद आजम खां समाजवादी आंदोलन के स्तंभ, संघर्ष के प्रतीक, हमारे मार्गदर्शक रहे है। आसिफ असलम ने कहा कि यह मुलाकात सिर्फ एक भेंट नहीं, बल्कि विचारों और संघर्ष की नई ऊर्जा का संचार है। आसिफ असलम ने कहा कि आजम साहब का साहस और हौसला हमेशा हम सबको समा. जवादी आंदोलन के रास्ते पर मजबूती से चलने की प्रेरणा देता रहेगा। आसिफ असलम ने समाजवादी पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सर्व समाज से सपा से जुड़ने का आह्वान किया।

### चांगीपुर गन्ना क्षेत्र का भ्रमण



**चांदपुर।** डालमिया शुगर मिल बघौली चीनी मिल क्षेत्र से 50 प्रगतिशील किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बिंदल शुगर मिल, चांगीपुर क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों के गन्ने के खेतों का भ्रमण किया । भ्रमण के दौरान से किसानों को केन सप्लाई हेड वीरेन्द्र सिंह, राहुल सिंह व अब्दुल मोइन (अधिकारी) लेकर पहुंचे। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य किसानों को गन्ना खेती की उन्नत तकनीकों और आधुनिक कृषि उपायों से अवगत कराना है। भ्रमण के दौरान किसानों को उन्नत गन्ना प्रजातियों की खेती, जैविक खाद के उपयोग की प्रक्रिया सहित अन्य नवीन कृषि पद्धतियों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। किसानों को संबोधित करते हुए बी. एम. पाठक (ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक), इन्द्रवीर सिंह (मुख्य गन्ना प्रबंधक) व वीरेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसे भ्रमण से कृषकों की जानकारी में वृद्धि होती है और उन्हें अपने खेतों में नई तकनीकों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि किसान इस अनुभव से लाभान्वित होकर अपने क्षेत्र में आधुनिक गन्ना उत्पादन पद्धतियों को अपनाएंगे तथा अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ने की बुवाई कर अधिक उपज का लाभ प्राप्त करेंगे।

### खारी में मिशन शक्ति कार्यक्रम



**झालू।** नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी के सम्मान को लेकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत नगर क्षेत्र के ग्राम खारी में मुख्य आरक्षी सुधा के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका संचालन महिला कांस्टेबल अनु ने किया। मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य आरक्षी सुधा और अनु ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को 1090, 1081, 1076, 112, 108, 102 आदि सरकार द्वारा जनहित में चलाए गए टोल फ्री नंबरों के बारे में जानकारी महिया कराई। कार्यक्रम में गांव खारी की महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

### पुलिस प्रशासन रहा सतर्क



**नगीना।** जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। जिसके चलते पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने पैदल मार्च निकाला। इसके साथ ही चिंहित स्थानों के साथ ही जामा मस्जिद के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था दिखाई दी। नमाज को सकुशल व शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट दिखाई दिया और ऐसे में उसकी ओर से कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। क्योंकि कई जिलों में आई लव मौहम्मद के पोस्टर को लेकर विवाद हो चुका है। इसी को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है, जिससे नगर में शांति व्यवस्था बनी रहे। सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने पैदल मार्च निकाला। जो कि मुख्य बाजार से होते हुए प्रमुख चिंहित स्थान से होता हुए जामा मस्जिद पर जाकर संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति शांति व कानून व्यवस्था में खलल पैदा करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं पुलिस द्वारा बनाए गए कंट्रोल रूम से भी शहर में निगेहबानी की जा रही थी।

### नगीना सीएचसी में स्वास्थ्य शिविर 30 को

**नगीना।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत 30 सितंबर को प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ, दन्त रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन उपस्थित होकर रोगियों का परीक्षण कर नि:शुल्क दवा का वितरण करेगें। उन्होंने नागरिकों से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्थात सरकारी अस्पताल स्टेशन रोड नगीना में आयोजित उक्त कैंप में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की।

# बिजली चोरी रोकने के लिए चलाएं चेकिंग अभियान

○डीएम एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी समस्याएं,

○सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों पर भूमाफिया कार्रवाई के दिए निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल थाने पर फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण योजना के तहत थाना समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने समस्याओं को सुनाजबकि शिकायतों को गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के साथ बिजली चोरी रोकने को अभियान चलाकर चैकिंग कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

शासन के मंशानुरूप थाना समाधान दिवसका आयोजन जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में थाना जुनावई और महिला थाना बहजोई में किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आयी जन सामान्य की शिकायतों को शीघ्र एवं गुणवत्ता पूर्ण किया जाए निस्तारण। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि एक अभियान चलाकर विद्युत चोरी चेक किया जाए और आवश्यक कार्रवाई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जमीनी विवाद को गंभीरता से लें। जिलाधिकारी ने कहा कि अगर कहीं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा है तो उस पर भूमाफिया की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। थाना समाधान दिवस के अंतर्गत महिला थाना बहजोई में 05 मामले आए। इनमें से 04 का निस्तारण कर दिया गया जबकि थाना जुनावई में 04 शिकायतें मिली। जिनमें से 02 का शिकायत का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार एवं महिला थाना बहजोई एवं थाना जुनावई के निरीक्षक सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



सम्भल- थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण करते डीएम व एसपी।

# इकाई स्थापित को करें आवेदन

○जिले के लिए लक्ष्य किया निर्धारित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश खादी बोर्ड द्वारा रोजगार सृजन कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसके तहत जनपद को मिले लक्ष्यानुरूप इकाईयों को स्थापित किया जायेगा।

खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा पीएम रोजगार सृजन योजना के अन्तर्गत जनपद के लिये वित्तीय वर्ष 2025-20 में इकाईयो की स्थापित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। कुल निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अनुसूचित जाति (एस.सी.) वर्ग 03 इकाई मार्जिन मनी 14.80 एवं एस.टी. वर्ग हेतु 03 इकाई मार्जिन मनी 11.17 लाख की धनराशि का लक्ष्य निधारित किया गया है। उद्यम की स्थापना के लिये 50.00 लाख तक का लोन बैंको के माध्यम से दिलाये जाने का प्रविधान है। लाभार्थियों को प्रोजेक्ट काष्ट का 35 प्रतिशत एस.सी. एवं एस.टी. को अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है। उक्त योजना के अर्न्तगत 15 अक्टूबर 2025 तक आनलाईन आवेदन किया जायेगा। जबकि अनुदान प्राप्त होने की व्यवस्था भी आनलाईन योजना के अन्तर्गत स्वरोजगार हेतु उत्पादन/सेया इकाई स्थापित करने हेतु आवेदन किया जा सकता है।

## क्रांति रथयात्रा की सफलता को सभा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अक्टूबर दिल्ली जंतर मंतर से लखनऊ भारत स्वाभिमान क्रांति रथ यात्रा सफल बनाने को लेकर जनसभा का आयोजन किया। जनसभा को राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार अधाना ने सम्बोधित किया।

# हड़ताली अधिवक्ता एडीएम कार्यालय पर देंगे धरना

○ 22 सितम्बर से कार्य बहिष्कार कर हड़ताल पर है अधिवक्ता

○ डीएम ने लिया वार्ता के लिए पहल न करने पर निर्णय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पीठासीन अधिकारियों की हठधर्मिता और राजस्व परिषद के विपरीत कार्य करने के विरोध में सभी बारों से जुड़े अधिवक्ता एक मंच पर आ गये। अब तक हड़ताल पर जमे अधिवक्ता एडीएम कार्यालय पर धरना देंगे।

शनिवार को सभी बारों के अधिवक्ताओं की संयुक्त बैठक में बताया कि भारत सरकार और राजस्व न्यायालयों के पीठसीन अधिकारी राजस्व सहिंता 2006 एवं राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश के प्रावधानों के विपरीत कार्य कर रहे है तथा उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टालरेन्स की नीती के विपरीत कार्य करके जनता का आर्थिक एवं मानसिक शोषण कर रहे है। राजस्व न्यायालयों में कई कई माह तक नए बाद दर्ज नहीं किये जाते है। कई कई माह तक आदेश पारित नहीं किये जाते है। राजस्व परिषद एवं उत्तर प्रदेश सरकार के आदेशों की अवमानना करते हुए नामांतरण की अविवादित पत्रवलिया खारिज की जा रहीं है। बार एसोसिएशन के द्वारा सभी वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर उक्त समस्याओं से कई बार अवगत कराया गया था साथ ही यह भी कहा गया था कि अगर शीघ्र उक्त समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है अथवा कोई वरिष्ठ अधिकारी बार एसोसिएशन से बरता की पहल नहीं करता है तो मजबूरन राजस्व न्यायालयों के पूर्व कार्य वाहिष्कार पर जाना होगा। इसके बावजूद किसी स्तर से कोई पहले नहीं हुई जबकि 22 सितम्बर से अधिवक्ताओं के हड़ताल पर रहने के बावजूद जिलाधिकारी की ओर से वार्ता की पहल नहीं करने पर रोष्या जताया। अधिवक्ताओं ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सर्वम्मति से 29 सितम्बर से एडीएम कार्यालय परिसर में विधाल धरना-प्रर्दशन करने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रदीप कुमार गुप्ता ने तथा संचालन डा. अमित कुमार उठवाल ने किया बैठक में मुख्य रूप से रामपाल सिंह, शरद चंद्र भारद्वाज, माधव मिश्रा, उमेश शर्मा, मुस्तहसीन रजा जैदी, राजेंद्र सिंह सैनी, प्रमेंद्र सिंह. रमेश सिंह, अरविन्द सिंह, रवि चौधरी, मनीष आर्य, अली सादिक, मनोज कुमार, सचिन चौहान, खालीक अहमद, अशोक कुमार, सुभाष त्यागी, अजेंद्रपाल सिंह, नीरज गुप्ता, भूपेश कुमार आदि अधिवक्ता शामिल हुए।

# जगत जननी ही जगदम्बा ही जगत की पालन हार, तारनहार

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** आध्यात्मिक गुरु पं. राधेश्याम श्रीमाली के नेतृत्व मे दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पंजू सराय में स्थित श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत माँ दुर्गा स्तवन की 91 वीं कडी के छठे दिन आनंद सैनी व राजवती सैनी द्वारा माँ दुर्गा के पांचवे स्वरुप स्कंद माता को पांच वर्ष की कन्या का पूजन कर पान सुपारी ध्वजा नारियल फल मेवा अष्टगंधा शुद्ध घी व शहद से इक्कीस हजार छ सौ आहुतियाँ प्रदान कर विश्व शान्ति भारत राष्ट्र की समृद्वि श्रीकल्कि के प्राकटय को प्रार्थना की। इस अवसर पर यज्ञाचार्य डा. योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा की बृह्माण्ड के महरूलोक व देव दुर्लभ मानव शरीर के कंठ प्रदेश मे स्थित स्कंद माता अक्षरों से शब्द और शब्दो से वाक्यो का निर्माण कर भाषा की जननी है। उन्होंने कहा वृह्म की दस महा विध्याऐ है। जिनमें नवदेवी नवरात्रि में पूजी जाती है। जबकि वृह्म की दशमी महाविध्या आदिशक्ति प्रकृति स्वरुपा जगदम्बा जगत जननी है।

# पिता के वचन का मान रख राम ने किया वन को गमन

○पुत्र पीड़ा में राजा दशरथ को डूबे देख भर आयी आँखे

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** रामलीला मंचन में भगवान श्रीराम, माता सीता और भाई लक्ष्मण की वनवास यात्रा का भावुक एवं मार्मिक मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। राम वन गमन का मंचन किया गया। मंथरा कैकेयी के बीच संवाद से शुरू हुए मंचन में राम को 14 वर्ष का वनवास के वरदान से अत्यंत दुखी राजा दशरथ को पुत्र पीड़ा में डूबे देख दर्शकों की आँखे भर आयी।

नगर पालिका परिषद,श्री रामलीला कमेटी, द्वारा आयोजित मंचन से पूर्व भगवान गणेश जी का पूजन किया गया। तत्पश्चात जिसमें मंचन का प्रारम्भ मंच पर मंथरा और कैकयी के बीच संवाद से शुरू हुआ। मंथरा, कैकयी को श्रीराम के राज्याभिषेक के विरुद्व उकसाती है। कैकयी अपने दो वरदानों का उपयोग करके दशरथ से भरत के लिए राजसिंहासन और राम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांगती हैं। राजा दशरथ, पुत्र वियोग के कारण पीड़ा में डूबे हुए दिखाई देते हैं। वे कैकयी के वरदान की बात सुनकर अत्यंत दुखी होते हैं और राम को वनवास जाने से रोकने की कोशिश करते हैं। इस ख्रश्य में दशरथ का विलाप देखकर दर्शक भावुक हो जाते हैं। राम अपने पिता के वचन का मान रखने के लिए खुशी-खुशी वनवास जाने का निर्णय लेते हैं। मंच पर वह एक आदर्श पुत्र के रूप में दिखाई देते हैं, जो अपनी भावनाओं को नियंत्रित करते हुए अपने कर्तव्य को प्राथमिकता देते हैं। जिसे देखकर उपस्थित श्रृद्वालुओं की आंखें नम हो जाती हैं। फिर माता सीता और भाई लक्ष्मण राम के साथ वन जाने का हठ करते हैं। मंच पर इन संवादों को दिखाया जाता है, जहाँ राम उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं, लेकिन सीता और लक्ष्मण उनके साथ ही जाने पर अड़े रहते हैं। यह दृश्य प्रेम, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा को दर्शाता है। राम, सीता और लक्ष्मण राजसी वस्त्रों को त्यागकर संन्यासी वेश धारण करते हैं। वे पैदल ही वन की ओर निकल पड़ते हैं। वन मां सीता के पैरों में कंटक चुभ जाते हैं जिसे देखकर भगवान श्री राम भावुक हो जाते हैं। यह दृश्य रामलीला का सबसे भावुक हिस्सा होता है। गंगा पार करते समय, राम और केवट के बीच का संवाद मंचन का एक और महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। केवट राम के चरण धोकर उन्हें गंगा पार कराता है। इस संवाद में केवट का प्रेम और भक्ति झलकती है। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल ने श्री रामलीला का महत्व बताते हुए कहा' रामलीला से हमें सत्य, धार्म और नैतिक मूल्यों का पालन करने, माता-पिता का सम्मान, भाइयों से प्रेम, गुरुजनों का आदर, पत्नी से निष्कपट प्रेम और कर्तव्य-परायणता तथा विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने जैसी अनेक महत्वपूर्ण शिक्षाएं मिलती हैं। अभी उन्होंने कहा आज कि श्री राम वनवास यात्र का मंचन इतना मार्मिक था कि दर्शक भावुक हो गए और कई लोगों की आँखों में आँसू आ गए साथ ही उन्होंने बताया रामलीला यह दृश्य बताता है कि त्याग और कर्तव्य का पालन करना कितना महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में अभिनंदन शर्मा, अनुराग गुप्ता अनु ,मनोज मित्तल, नितेश अग्रवाल, श्रृषभ ठाकुर, अभिषेक गुप्ता, कमल दिवाकर, हर्षित शर्मा, शोभित शास्त्री, राजकुमार शर्मा, टिंकू त्यागी, शोभित गुप्ता आदि ने सहयोग किया।

## जीएसटी बचत पर जिलाध्यक्ष ने किया संवाद

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जीएसटी बचत उत्सव के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं संग मुख्य बाजार जाकर दुकानदारों से संवाद किया और व्यापारियों को मोदी सरकार का अनमोल तोहफा बताया।

जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं से मिलकर संवाद किया व्यापरियों को जीएसटी के जनहितकारी पत्रक वितरित किए। संवाद के दौरान व्यापरियों ने इसे मोदी सरकार का अनमोल तोहफा बताया उन्होंने कहा कि इससे व्यापार में लागत का भी फायदा व्यापरियों को मिलेगा वहीँ उपभोक्ताओं को भी कम दर पर बाजार में समान उपलब्ध होगा यही है। बचत उत्सव, यह सिर्फ टैक्स सुधार नहीं बल्कि हर घर में त्योहार जेसा उत्सव है। सभी के द्वारा केंद्र सरकार के जीएसटी योजना की सराहना करते हुए कहा कि जिनकी दूरदर्शी नीतियों ने महंगाई घटाई, खुशियां बढ़ायी और हर दिल में विश्वास जगाया। इस अवसर पर विरलेश यादव प्रभात शर्मा, मुकुल कुमार रस्तोगी, कशिश कोशल, सौरभ गुप्ता, सोनू चाहल, शिल्पी गुप्ता, शोभित गुप्ता, राजकुमार, सतीश, रिफिल चौधरी आलोक भारती आदि मौजूद रहे।

# बाइक सवार को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा, मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में हाइवे पर बीती देर रात ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवार एक युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शिनाख्त के बाद पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक, परिचालक फरार हैं। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार की रात करीब डेढ़ बजे पुलिस को गुन्नौर चौराहे के समीप हाइवे के पास बाइक सवार के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही रात में ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटनास्थल का मौका मुआयना किया। क्षतिग्रस्त बाइक पुलिस ने कब्जे में ले ली। घायल आकाश पुत्र राजबहादुर निवासी थाना क्वार्सी मोहल्ला चन्दनियाँ जिला अलीगढ़ को एंबुलेंस की मदद से गुन्नौर सीएचसी पहुंचाया। यहां आकाश को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। जबकि चालक व परिचालक फरार हैं। सूचना के बाद मृतक व घायल के परिजन भी अस्पताल आ गए। युवक को मृत देखकर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## उत्तर प्रस्तिकाओं के मूल्यांकन का पारिश्रामिक भुगतान करने की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उप्र. माध्यमिक शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष नसीम हुसैन और जिला संरक्षक नवाब हसन के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार से भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने इण्टर और हाईस्कूल परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन व कक्ष निरीक्षक कार्य के पारिश्रमिक का भुगतान कराने की मांग की।

## एक नज़र इधर भी

### सुलह समझौता केन्द्र पर रूठे दम्पत्ति कराए एक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग पुलिस क्षेत्रधिकारी डा. प्रदीप कुमार की देखरेख में पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई। बैठक में पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरो द्वारा किया गया। बैठक में कुल 163 पत्रावली सुनकर 30 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 17 परिवारों को मिलाया गया। तथा 13 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संस्तुति की गई।

### छात्रा को बनाया प्रधानाचार्य

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** बाबूराम सिंह इंटर कलेज बबराला में मिशन शक्ति फेज 5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तीकरण का अन्तर्गत छात्र तनिष्का वार्ष्णेय को विद्यालय की एक दिवसीय प्रधनाचार्या बनाया गया। जबकि छात्रा रुक्मिणी को उप प्रधानाचार्य का कार्यभार दिया। छात्रा तनिष्का व रुक्मिणी ने प्रधानाचार्या और उप प्रधानाचार्या के सामान्य कार्यों को निर्वहन किया। उन्होंने समस्त कार्यों को कुशलता के साथ अपने दायित्वों को निभाया। अध्यापिकाओ के रूप में अध्यापन कार्य करके महिला सशक्तिकरण का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। इस दौरान राधेश्याम शर्मा व स्टाफ मौजूद रहा।

### स्वच्छता मित्रों की जांच को लगा शिविर

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर पंचायत गुन्नौर में स्वच्छता मित्रों हेतु स्वच्छता ही सेवा 2025 कार्यक्रम के तहत सफाई मित्रों को स्वास्थ्य सुरक्षा एवं जांच शिविर का आयोजन किया गयास। जिसमें उनकी जांच की गयी। ईओ अमरेश तिवारी ने बताया कि स्वच्छता मित्र को स्वच्छता सेवा का अर्थ है स्वच्छता कर्मियों, जिन्हें सफाई मित्र भी कहा जाता है। उनके लिए विशेष पहल और सहायता प्रदान करना। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ऐसे स्वास्थ्य शिविर, चित्रकला प्रतियोगिताएँ और सुरक्षा किट वितरण गतिविधियाँ शामिल हैं, जिनका उद्देश्य इन सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण को सुनिश्चित करना है, साथ ही उन्हें समाज की स्वच्छता में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। सभी भी स्वास्थ्य जांच स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा की गयी।

### गणित प्रदर्शनी में प्रतिभा का प्रदर्शन

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** राजकीय कन्या इण्टर कालेज खिजरपुर, गुन्नौर में बच्चों द्वारा गणित-विज्ञान प्रदर्शनी-2025 का आयोजन किया गया। जिसमे बुच्चो ने स्वचलित मॉडलो का प्रदर्शन किया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमे विज्ञान में प्रथम- मौ जुनैद, द्वितीय रिंकू, तृतीय गोपाल व गणित में प्रथम-मोहित, द्वितीय- वीकेश व तृतीय-दीपक व गोपाल ने स्थान प्राप्त किया ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य अंशुल चौधरी व अध्यापक परवीन माथुर, सरिता सरोज, गति, उरमान सिंह, अक्षित शर्मा उपस्थित रहे।



बबराला- नगर के मुख्य मार्ग पर जाम लगाकर खड़े ई रिक्शा।

### ई-रिक्शा बने जाम की वजह

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** क्षेत्र में पुलिस प्रशासन का खौफ नहीं होने से अनफिट वाहन चालकों द्वारा आये दिन जाम लगने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पूरे क्षेत्र में ऑटो चालक और ई-रिक्शा बबराला बदायूं रोड,राजघाट चन्दौसी रोड व अन्य सभी रोड पर अनफिट वाहन चालकों द्वारा आये दिन जाम लगने से लोग परेशान रहते है। ऑटो चालक थाने के सामने भी जाम लगा देते है। इन ऑटो चालकों को पुलिस प्रशासन का बिल्कुल खौफ नहीं है। आए दिन रोड पर जाम लगा रहता है और एंबुलेंस भी जाम में फंसी रहती है लेकिन इन ऑटो चालकों को इन सब बातों से कोई मतलब नहीं इनको सिर्फ अपनी सवारी से मतलब है। अधिकारी कर्मचारी संज्ञान नहीं ले रहा है। चालक और टेंपो चालकों का आतंक बढ़ता जा रहा है। इन लोगों की बजह से जगह-जगह जाम की स्थिति पैदा हो जाती है जिससे घंटो तक लोग जाम में फंस जाते है। इसमें स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है और जो लोग घर से डयूटी आते जाते है उन्हें भी बहुत तकलीफ होती है। इनमे बहुत से ऐसे वाहन है जिनके कागज ही नहीं है। परेशान लोगों ने उच्चाधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की है।

### योजनाओं की दी जाएगी जानकारी

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विपणन विकास सहायता योजना के अन्तर्गत जनपद की तीनों तहसीलों में शीघ्र ही जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग की रोजगारपरक एवं लाभार्थीपरक योजनाओं के साथ सरकारी योजनाओ की जानकारी दी जाएगी।

# महिला चिकित्सालय में लगा जांच शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** भारत सरकार और उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत महिला चिकित्सालय बबराला में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रतिदिन जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाकर परिवार व समाज को सशक्त करना है। अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की विशेषज्ञ चिकित्सकों ने जांच की। मरीजों को आवश्यक परामर्श के साथ-साथ नि:शुल्क दवाइयां और जांच की सुविधााएं उपलब्धा कराई गईं। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान डा. विनय गंगवार ने बताया कि अभियान के दौरान प्रतिदिन महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष धयान दिया जा रहा है पोषण, स्वच्छता, टीकाकरण और स्वास्थ्य जांच संबंधी कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। फार्मेसिस्ट लक्ष्मीकांत शर्मा ने लोगों को योग के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम ही नहीं, बल्कि तन-मन को संतुलित रखने का प्रभावी साधान है। नियमित योग से व्यक्ति स्वस्थ, तनावमुक्त और ऊर्जावान रह सकता है। इस दौरान फार्मेसिस्ट लक्ष्मीकांत शर्मा, मानवेन्द्र शर्मा, विशेष कुमार, नन्दकिशोर, रामबाबू, मंजू आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच पर 'मेरे नबी मेरे नबी' की गूंज



शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जहां आई लव मौहम्मद पर रिपोर्ट दर्ज की गई। वहीं आरएसएस के आनुषांगिक संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच पर मेरे नबी मेरे नबी की की नात को मंच से लेकर नीचे बैठे हर किसी को गुंनगुनाने पर मजबूर कर दिया।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच बैनर तले महासम्मलेनका आयोजन किया गया था। ताल कटोरा स्टेडियम में इस भव्य आयोजन में शामिल होने के लिए भारतीय सदभावना मंच के राष्ट्रीय संयोजक व पूर्व चैयरमेन नगर पालिका परिषद हाजी नुसरत इलाही को भी बुलाया गया था। अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ चार बसों और आधा दर्जन कारों के लम्बे चौड़े काफिले संग महासम्मेलन में भाग लेने पहुंचे हाजी नुसरत इलाही ने शिरकत की। मंच पर जहां डा. इंद्रेश, पूर्व सीएम जगदम्बिका पाल, भाजपा नेता जमाल सिददीकी के अलावा अनेको नामचीन हस्तियां मौजूद थीं। मंच पर सम्बोधन करने से पूर्व एक धर्म गुरू को सम्बोधन के लिए बुलाया गया। अपने सम्बोधन से पूर्व उन्होने मंच पर ये मेरे नबी मेरे नबी मेरे नबी है नात सुनायी। आरएसएस के मंच पर मेरे नबी मेरे नबी की नात सुनकर वहां मौजूद सभी इसे गुनगुनाने पर मजबूर हो गए। जबकि मेरे नबी की गूंज स्टेडियम से लेकर बाहर तक सुनायी देने लगी।इस दौरान नुसरत ईलाही ने डा. इन्द्रेश कुमार आरएसएस को चांदी की गाय भेंट की। साथ ही इमाम कौंसिल के अध्यक्ष मौलाना उमर इल्यिासी, सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री जगदम्बिका पाल, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकि आदि से मुलाकात की। इस मौके पर सैयद शान अली निवर्तमान जिलाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सम्भल, मुर्शीद उस्मानी, इकरान अंसारी, गुलजार अंसारी, कासिम अली, सरताज बेगम, अजरा परवीन, उजरा परवीन, इलमा परवीन, मोहम्मद अय्यूब, इमरान अंसारी, अरमान अंसारी, अकरम अंसारी, साहिल खान, जावेद सैफी, नसीम अहमद, खालिद अली, मुशर्रफ अली, शाहरुख अली, जुबेर अली, मुन्ना खान, जहीर अहमद, आकिब अली, मंजूर अली, फरमान अली, फरमान अली, फहीम अली, अनवर हुसैन आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं को दिया गुड और बैड टच का ज्ञान

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मिशन शक्ति अभियान 5 के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को बेड टच एवं गुड टच का ज्ञान कराया।

एमजीएम पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मिशन शक्ति प्रभारी डा. रितु भटनागर ने छात्राओं को बेड टच एवं गुड टच की जानकारी देते हुए कहा कि यदि आपको कोई अनजान व्यक्ति किसी भी प्रकार से टच करता है है तो आपको उसके प्रति सचेत रहना चाहिए कि कहीं वह आपको गलत नीयत से तो टच नहीं कर रहा। यदि आपको कोई बुरी नीयत से टच करता है या आपके पास चिपक कर बैठता है तो उसके प्रति निडर होकर उसको डांटे और उससे कहें कि वह आपसे दूर बैठे। इसमें आपको डरने की जरूरत नहीं है। आपको अपनी सुरक्षा को पहचानने की जरूरत है। प्राचार्य प्रोफेसर निरंकार सिंह ने छात्राओं को कहा कि यदि कॉलेज में या सफर करते हुए अथवा कहीं बाहर सड़क पर आपको कोई बुरी नीयत से देखता है तो महिला हेल्पलाइन नंबर पर तुरंत फोन करके पुलिस को बुलाकर उस व्यक्ति की शिकायत की जा सकती है। जागरूकता कार्यक्रम में कॉलेज की शिक्षिकाएं डा.प्रीति, डा. अनुभा गुप्ता डा. पूजा गुप्ता



सम्भल- एमजीएम पीजी कॉलेज में छात्राओं को गुड टच बैड टच की जानकारी देती।

# विजन डॉक्यूमेंट के लिए करें जागरूक

○डीएम की अध्यक्षता में बैठक में मांगे गए सुझाव

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश/2047 के विजन डॉक्यूमेंट को लेकर युवा कल्याण विभाग के अन्तर्गत युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दलों के साथ बैठक में सुझाव के लिए जागरूक करने पर ज़ोर दिया गया।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू रहे। बैठक में जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार ने समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश/2047 के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट 2047 के लिए कोई भी व्यक्ति क्यूआर कोड स्कैन कर सुझाव दे सकता है। उन्होंने बताया कि 12 सेक्टर कृषि एवं संबद्व सेक्टर, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास ,आईटी, पर्यटन ,नगर एवं ग्राम्य विकास अवस्थापना, संतुलित विकास ,समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा ,सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर पर सुझाव दिये जा सकते हैं। कोई भी व्यक्ति एक मोबाइल सिम से तीन सुझाव दे सकता है। सुझाव अधिकतम 150 शब्दों में दिया जा सकता है। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने कहा कि उत्तर प्रदेश 2047 के लिए विजन डॉक्यूमेंट बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांवों में जाकर मोबाइल से चिन्हित 12 सेक्टर में सुझाव देने के लिए लोगों को जागरूक करें। सुझाव व्यापक परिप्रेक्ष्य में होना चाहिए। उन्होंने फर्टिलाइजर को लेकर भी चर्चा की उन्होंने कहा कि किसान मानक के अनुसार खाद का प्रयोग करें। मुख्य विकास अधिकारी ने मंगल दल के सदस्यों को इस पर लोगों से चर्चा करने को कहा। उन्होंने कहा कि कीटनाशकों का भी कम से कम प्रयोग किया जाए।

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरी जन्म तिथि 01.01.1988 है और मेरा नाम MOHAMMAD SUFIYAN दर्ज है, जबकि मेरी शुद्व जन्म तिथि 03.02.1996 है और नाम MOHD SUFIYAN है। मेरी जन्म तिथि 03.02.1996 है और नाम MOHD SUFIYAN ही सही है।

मौ. सुफियान पुत्र मौ. मुखतियार नि. निकट ओसामा मस्जिद के पास सरई तरीन कस्सवान, जिला सम्भल। (244302)

# नाले में मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के गलशहीद थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव नाले में पड़ा मिला, क्षेत्र के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से निकलवाया और छानबीन करने के साथ ही मृतक की पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया, मगर मृतक की पहचान नहीं हो स्की है, पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही युवक की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। नाले में युवक का शव मिलने की इस घटना से क्षेत्र के लोगों में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। बताया जा रहा है कि शनिवार को थाना गलशहीद क्षेत्र ईदगाह चौराहे क्रीसेंट स्कूल के पास लगभग 40 वर्षीय एक युवक का शव नाले में मिलने से क्षेत्र के लोगों में हड़कंप मच गया।शव मिलने की जानकारी क्षेत्र के लोगों ने पुलिस को दी, घटना की जानकारी लगते ही गलशहीद थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को नाले से निकलवाया और मृतक की पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया, पुलिस ने क्षेत्र के लोगों की मदद से मृतक की पहचान करने का काफी प्रयास किया मगर पुलिस को सफलता हाथ नहीं लगी,फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि युवक की मौत का कारण क्या है, पुलिस मृतक की पहचान कराने के साथ ही मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।



## आगामी त्योहारों को लेकर तैनात किए गए मजिस्ट्रेट

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** अष्टमी विजयदशमी और दशहरा आदि त्योहारों को लेकर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। जिसके चलते बिलारी थाना क्षेत्र में मजिस्ट्रेट तहसीलदार अंकित गिरी अतिरिक्त मजिस्ट्रेट खंड विकास अधिकारी बिलारी, थाना मैनाठेर क्षेत्र में मजिस्ट्रेट तहसीलदार न्यायिक कमलेश कुमार, थाना कुंदरकी क्षेत्र में मजिस्ट्रेट खंड विकास अधिकारी कुंद. रकी तथा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट बाल विकास परियोजना अधिकारी बिलारी, थाना सोनकपुर क्षेत्र में मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव तथा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट खंड शिक्षा अधिकारी कुंदरकी को बनाया गया है, साथ ही जिम्मेदारी दी गई है कि वह अपने क्षेत्र में रहकर भ्रमण करें।

# चलती रही बिजली, फूटती रही चिंगारी विभाग पर लगे अनदेखी के आरोप

**कांठ (शाह टाइम्स)।** सलेमपुर गांव के मीना बाजार में रात को बिजली के तारों में फाल्ट हो गया जिसकी वजह से केबिल जलने लगे और उनमें से चिंगारी फूटने लगी आवाज सुनकर काफी लोग इकट्ठा हो गए देखने में नजारा आतिशबाजी जैसा लगा लेकिन गांव के लोगों ने बिजली विभाग पर अनदेखी का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना था कि काफी बार शिकायतों के बाद भी विभाग ने तारों एवं कमजोर केबिलो को बदलवाना जरूरी नहीं समझा है जिसकी वजह से आए दिन तारों में फॉल्ट होते हैं और आने जाने वाले लोगों को जान का खतरा बना रहता है। रात यह घटना करीब 1:30 बजे की है घंटो तक बिजली के तारों से चिंगारी फूटती रही लोगों का जमावबाड़ा लगया रहा। बिजली बंद हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन पड़ रही गर्मी की वजह से बिजली का जाना भी लोगों के लिए परेशानी लेकर ही आया ग्रामीणों का कहना है कि विभाग को शायद किसी बड़ी घटना का इंतजार है। उन्होंने इस मामले को लेकर कई अधिकारियों को ट्वीट करते हुए खराब तार और केबिल बदलवाए जाने की मांग उठाई है।



## एक नजर

### शिक्षक राष्ट्र का निर्माता उनके बताए मार्ग पर चलने से ही होगा छात्रों का भविष्य उज्जवल: दीपक बिश्नोई



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भारत विकास परिषद स्थानीय शाखा द्वारा शनिवार को ष्गुरु वंदन -छात्र अभिनंदनष कार्यक्रम नगर के यश पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ शिक्षण कार्य करने के लिए शिक्षिका पल्लवी को सम्मानित किया गयास बार एसोसिएशन के महासचिव एडवोकेट दीपक बिश्नोई ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र का निर्माता है उनके बताएं मार्ग पर चलने से ही विद्यार्थियों का उज्जवल भविष्य होगास डॉ अशोक चौहान ने कहा कि भारत विकास परिषद सामाजिक कार्य करने के लिए पूरे देश में जानी जाती है उन्होंने संस्था के विभिन्न कार्यों का विस्तार से वर्णन कियास कॉलेज की विभिन्न कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने पर यशवर्धन राजपूत,रानी देवांशी राणा, आकांक्षा पूर्वी, मनस्वी, प्रिया एवं सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका कुमारी,पल्लवी को परिषद के लोगों ने प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित कियास इस अवसर पर सचिन चौहान उर्फ बंटी, सुरेश चौहान, डॉ अशोक चौहान, एडवोकेट दीपक बिश्नोई, प्रद्युम्न बिश्नोई, दीपक चौहान, महेश चौहान आदि उपस्थित रहे स आगंतुकों का आभार विद्यालय के प्रबंधक ने व्यक्त किया।

### सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने रामलीला मंचन कर दिया प्रतिभा का परिचय



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में रामलीला मंचन का आयोजन किया गया।जिसमे छात्रों ने रामायण की कहानी को मंच पर जीवंत बनाया और दर्शकों को एक यादगार अनुभव प्रदान किया।

रामलीला मंचन में छात्रों ने विभिन्न पात्रों राम, सीता, लक्ष्मण, रावण, और हनुमान आदि की भूमिका निभाई । धनुष यज्ञ,राम- सीता स्वयंवर, सीता हरण, सुपर्णखा नाक कटन,लक्ष्मण मूर्छा, राम - रावण युद्ध, भरत मिलाप आदि का सुंदर मंचन किया। उप प्रधानाचार्य विवेक चौहान ने विजय दशमी पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। स्कूल चौयरमैन जितेंद्र विश्नोई, मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने सभी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन में समस्त शिक्षक - शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

### भाजपा की सरकार केवल जनता को लॉलीपॉप देने और झूठे वादे करने का कर रही काम: जयवीर यादव



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनता से झूठे वादे करते हुए लॉलीपॉप देने का काम कर रही है उक्त विचार समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जयवीर यादव ने उमरी चौराहा स्थित कयामुद्दीन सैफी के आवास पर आयोजित बैठक के दौरान व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि आज लोग अखिलेश सरकार को याद कर रहे हैं महंगाई की मार से आम आदमी परेशान है महिला असुरक्षित है युवक बेरा. `जगारी के जाल में फंसते जा रहे हैं पढ़े लिखे नौजवानो के पास कोई काम नहीं है। अव केवल दलित और पिछड़े लोग मिलकर ही 2027 में अखिलेश यादव की सरकार बनाकर लोगों को इन परेशानियों से मुक्ति दिला सकते है। इस मौके पर कयामुद्दीन सैफी फुरकान अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

### महिला ने पति सहित दो लोगों पर लगाया मारपीट का आरोप, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** महिला ने पति सहित दो लोगों पर जंगल में उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है थाना छजलैट छेत्र की निवासी महिला का कहना है कि शुक्रवार को वह अपने खेत पर पशुओं का चारा लेने गई थी तभी वहां घात लगाए बैठे उसका पति और एक रमपुरा के व्यक्ति ने उसे दबोच लिया और गंदी नियत के साथ बदतमीजी करने लगे विरोध किया तो उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। दोनों से छूटकर भागी तो इन्होंने फाबड़े से सर पर वार कर दिया पति पर महिला ने तमंचा ताने रखने का आरोप लगाया महिला का कहना था कि फाबड़े से बार करने पर उसका सिर फट गया और वह घायल हो गई शोर सुनकर पड़ोस के खेतों में काम कर रहे लोगों ने आकर बचाया तो हमलाबर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। महिला ने दोनों से अपनी व अपने बच्चों की जान माल की हिफाजत करने की पुलिस से गुहार लगाई। पुलिस ने दोनों हमलावरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

# गन्ना समिति में सट्टा प्रदर्शन मेले का समापन, 594 शिकायतों में 150 का मौके पर निस्तारण



**कांठ( शाह टाइम्स )** समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेला का समापन चेयरमैन गन्ना समिति सुरेंद्र सिंह तथा ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अगवानपुर द्वारा किया गया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने शिकायतों के गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन के 10 वें एवं अन्तिम दिन कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 10 शिकायतों का निस्तारण किया गया। 10 दिवसीय सट्टा प्रदर्शन मेले में कुल 594 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 150 का निस्तारण हुआ शेष शिकायतों का निस्तारण 30 सितम्बर तक किए जाने के निर्देश अध्यक्ष ने दिए। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अगवानपुर द्वारा सभी गन्ना पर्यवेक्षकों को शीघ्र शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए गए । सट्टा प्रदर्शन मेले के अन्तिम दिन चीनी मिल अगवानपुर, स्योहारा मिल से हिमांशु चौधरी तथा चीनी मिल रानी नांगल से राजू और सभी राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक, चीनी मिल फील्ड स्टाफ तथा डायरेक्टर गौरव कुमार उपस्थित रहे।

# महर्षि दयानन्द में एक दिन की प्रधानाचार्य बनीं श्रद्धा यादव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ में मिशन शक्ति फेज 0.5 कार्यक्रम के अंतर्गत शासन, प्रशासन, तथा विभाग के निर्देशों के अनुपालन में कक्षा 11 की छात्रा श्रद्धा यादव को विद्यालय में एक दिन के लिए प्रधानाचार्य बनाया गया श्रद्धा यादव ने छात्राओं को घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, अथवा मारपीट संबंधी समस्याओं से मुक्ति पाने हेतु शासन द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090 व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 आदि के बारे में बताया श्रद्धा यादव ने सभी छात्र-छात्राओं को निर्देश दिए कहा कि सभी कक्षाओं में अनुशासित रहे।

विद्यालय में समय से आए समय से जाएं तथा अध्ययन पर विशेष ध्यान दें पढ़ाई भविष्य के लिए बहुत जरूरी है शिक्षा की सबसे बड़ी पूंजी है अगर हम शिक्षित बनेंगे तो हम भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे। प्रधानाचार्य श्रद्धा यादव ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया उन्होंने कहा विद्यालय विद्या शिक्षा का मंदिर होता है और इसको स्वच्छ रखना हम सब का दायित्व है परीक्षा प्रभारी हरीश चंद्र तिवारी ने अर्धवार्षिक परीक्षा कार्यक्रम को प्रधानाचार्य श्रद्धा यादव को चेक कराया कुछ छात्र-छात्राएं अस्वस्थ थे।

उनको घर जाने की अनुमति प्रधानाचार्य श्रद्धा यादव ने प्रदान की प्रधानाचार्य की कुर्सी पर बैठने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह एवं समस्त विद्यालय स्टाफ ने प्रधानाचार्य श्रद्धा यादव को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, ऊषा सिंह, अतवीर सिंह त्यागी, हरीश चंद्र,तिवारी संतोष कुमारी दीपक सिंह आदि शिक्षक शिक्षकों के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



## प्रधान ने किया जमीन कब्जाने का प्रयास

**कुंदरकी।** थाना कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर में ग्राम प्रधान पर एक गरीब ग्रामीण की जमीन पर जबरन कब्जा करने और रात के समय मकान की दीवारें गिरवाने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित ग्रामीण नौवत सिंह ने प्रधान के खिलाफ थाने में शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। नौवत सिंह ने बताया कि वह भट्टे पर मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। उसका एक बेटा हरियाना गांव में मजदूरी करता है, जबकि दूसरा बेटा मानसिक रूप से अस्वस्थ है। परिवार पहले ही आर्थिक और मानसिक रूप से परेशानियों का सामना कर रहा है। पीड़ित के अनुसार, उसके मकान के ठीक पीछे ग्राम प्रधान का खेत है। प्रधान वहां रास्ता निकालना चाहता है। इसी उद्देश्य से उसने देर रात अपने प्रभाव और पद का गलत इस्तेमाल करते हुए जेसीबी मशीन बुलवाई और नौवत सिंह के मकान की दीवारें जबरन गिरवा दीं। पीड़ित ने विरोध किया लेकिन उसकी एक न सुनी गई। घटना के बाद से पीड़ित परिवार में डर और तनाव का माहौल है। नौवत सिंह ने ग्राम प्रधान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। गांव में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। कई ग्रामीणों ने प्रधान की इस कार्रवाई को गलत और पद का दुरुपयोग बताया है।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो की आयोजित प्रदर्शनी का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, मुरादाबाद द्वारा पोषण माह, स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन चित्रगुप्त इंटर कॉलेज मुरादाबाद में किया गया। इस कार्यक्रम का समापन अन्नप्राशन और गोद भराई के साथ हुआ, जिसे जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर शेफाली सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया और साथ ही योजना के बारे में बताया गया।

पीएसआई इंडिया से मोहम्मद रिजवान और ममता सैनी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ पीताम्बर सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा पर आयोजित प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत पोषण से संबंधित बिंदुओं जैसे बौनापन, कुपोषण, गर्भवती महिलाएं और पूरक पोषण पर विस्तृत चर्चा की गई। पोषण माह: पोषण से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई।

**स्वच्छता ही सेवा:** स्वच्छता की आवश्यकता और महत्व पर बल दिया गया। आयुष्मान कार्ड: लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। ओआरएस कॉर्नर: ओआरएस का घोल तैयार करने और वितरण किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सागर कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष विषय पर आयोजित चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर शेफाली सिंह ने किया था।



# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की मंडल कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** भारतीय जनता पार्टी दलपतपुर एवं स्योंडारा मंडल द्वारा मूंढापांडे ब्लॉक सभागार में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की मंडल कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना था। कार्यशाला में मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक ठाकुर रामबीर सिंह ने कहा कि यह अभियान स्वदेशी को प्रोत्साहन देने के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती तक चलने वाले 90 दिवसीय महाअभियान में हर घर-घर स्वदेशी पहुंचाना है। कार्यशाला के पश्चात कुंदरकी विधायक ठाकुर रामबीर सिंह ने दलपतपुर बाजार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कटौती के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बचत उत्सव अभियान चलाया। इस दौरान व्यापारियों और ग्राहकों को कम हुई जीएसटी दरों से मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। विधायक कुंदरकी ने कहा कि केंद्र सरकार ने आवश्यक उत्पादों पर जीएसटी घटाकर या समाप्त करके जनता को सीधी राहत दी है। इसका लाभ 22 सितंबर से ही बाजार में दिखने लगा है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे घटे हुए दर पर ही सामानों की बिक्री करें ताकि आमजन को इस फैसले का वास्तविक फायदा मिल सके। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मुंडापांडे महेंद्र सैनी, मंडल अध्यक्ष दलपतपुर नीरज चंद्रा, ब्लॉक प्रमुख नवदीप यादव, जिला मंत्री चकित चौधरी, रामकिशोर लोधी, नूरी मौलाना और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने श्घटी जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकारश जैसे नारे लगाकर अभियान को जोरदार बनाया।



# टीएमयू में थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट थीम पर फार्मेसी की स्टॉल प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फार्मेसी कॉलेज की ओर से विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर स्टॉल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। फूड एंड फन के ड्रग बूथ में रोशन शॉ एंड टीम, नेचर मिक्स में गगन एंड टीम और गेमस में आदित्य भूमि एंड टीम विजेता रहे। फार्मेसी स्टुडेंट्स की ओर से इस प्रदर्शनी में ड्रग बूथ जागरुकता, फूड एंड फन स्टॉल्स और रचनात्मक गेम्स के एक दर्जन से अधिक स्टॉल लगाए गए।

स्टॉल्स पर छात्रों ने औषधीय गुणों से युक्त व्यंजनों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। विश्व फार्मासिस्ट दिवस की थीम थिंक हेल्थ थिंक फार्मासिस्ट रही। इससे पूर्व वीसी प्रो. वीके सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि, डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में डेंटिस्ट्री विभाग के एचओडी प्रो. आकाश गोपी ने बतौर विशिष्ट अतिथि, एसोसिएट डीन-रिसर्च डॉ. अनुराग वर्मा, फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. अशु मित्तल, उप प्राचार्य डॉ. मयूर पोरवाल आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जलित करके विश्व फार्मासिस्ट दिवस का शुभारम्भ किया। सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। वीसी प्रो. वीके जैन ने कहा, एक आदर्श शिक्षक और विद्यार्थी में विचारशीलता, प्रोत्साहन देने की क्षमता, मेहनत, लगन और संसाधनशीलता जैसी खूबियाँ अनिवार्य हैं। डेंटिस्ट्री विभाग के एचओडी प्रो. आकाश गोपी ने डेंटिस्ट्री में उपयोग होने वाली औषधियों, दंत पीड़ा और संक्रमणों के उपचार में फार्मासिस्ट की भूमिका पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। फार्मेसी कॉलेज प्रिंसिपल प्रो. आशु मित्तल ने भारत की फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री की वैश्विक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा, भारत आज विश्व में दवा निर्यातक देशों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर स्टॉल प्रदर्शनी में शिरकत करने वाले स्टुडेंट्स के संग-संग जैन पर्व पर्युषण में भाग लेने वाले छात्रों को कुलपति, एसोसिएट डीन और प्राचार्य ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. हरिबाबू, डॉ. आशीष सिंघई, डॉ. अनुराधा पवार, डॉ. फूलचंद्र, डॉ. पुष्पेंद्र, डॉ. प्रेमशंकर के संग-संग फैकल्टीज और स्टुडेंट्स शामिल रहे।

संचालन विवेक स्वर्णकार और इशिता रोहिला ने किया।



**नामपरिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री तनवी राठौर के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम शिशराम SHEESHRAM त्रुटिवश दर्ज हो गया है जोकि गलत है। मेरा सही नाम शिशराम SHISHRAM है जोकि सही है। अब मुझे इसी नाम से जाना जाए। शिशराम पुत्र रामवीर सिंह, मकान नंबर 521, सेक्टर 10, आवास विकास, बुद्धि विहार मुरादाबाद।

**भगवन्त सिंह महाविद्यालय**

कुआखेड़ा खालसा, मुरादाबाद।

(सम्बद्धः गुरू जम्भेश्वर विश्व. विद्यालय, मुरादाबाद)

**बी0ए0, बी0एस0सी0**

**पाठ्यक्रम हेतु निम्नलिखित प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।**

1. हिन्दी, 2. अंग्रेजी, 3. समाजशास्त्र, 4. भूगोल, 5. चित्रकला, 6. गृहविज्ञान, 7. राजनीति शास्त्र, 8. संस्कृत, 9. शिक्षाशास्त्र, 10. अर्थशास्त्र, 11. रसायन विज्ञान, 12. भौतिक विज्ञान, 13. जंतु विज्ञान, 14. वनस्पति विज्ञान, 15. गणित,

**शैक्षिक योग्यता**- यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

**नोटः**-इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्वः प्रमाणित प्रतियां, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड व पैन कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाइल नम्बर सहित 21 दिन में रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजे।

**संपर्क सूत्रः 9412143382**

**भगवन्त सिंह इन्स्टीटयूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

(संबद्धः गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद)

**बी0ए0, बी0एस0सी0 एवं बीकॉम**

**पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।**

1. हिन्दी, 2. अंग्रेजी, 3. समाजशास्त्र, 4. भूगोल, 5. चित्रकला, 6. गृहविज्ञान, 7. उर्दू, 8. रसायन विज्ञान, 9. भौतिक विज्ञान, 10. जंतु विज्ञान, 11. वनस्पति विज्ञान, 12. गणित, 13. कोमर्स।

**शैक्षिक योग्यता**- यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार

**नोटः**- इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्वः प्रमाणित प्रतियां, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड व पैनकार्ड की छायाप्रति एवं मोबाइल नम्बर सहित 21 दिन में रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजे।

**संपर्क सूत्रः 9412143382**

**हरकली देवी गर्ल्स महाविद्यालय**

लौंगी कलां, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।

(सम्बद्धः गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद)

**बी0ए0, बी0एस0सी0**

**पाठ्यक्रम हेतु निम्नलिखित प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।**

1. हिन्दी, 2. अंग्रेजी, 3. समाजशास्त्र, 4. भूगोल, 5. चित्रकला, 6. गृहविज्ञान, 7. शिक्षाशास्त्र, 8. रसायन विज्ञान, 9. भौतिक विज्ञान, 10. जंतु विज्ञान, 11. वनस्पति विज्ञान, 12. गणित,

**शैक्षिक योग्यता**-यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

**नोटः**-इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्वः प्रमाणित प्रतियां, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड व पैन कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाइल नम्बर सहित 21 दिन में रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजे।

**संपर्क सूत्रः 7534802060**

# मिशन शक्ति अभियान के तहत कशिश यादव बनीं एक दिन के लिए थाना प्रभारी



**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** शनिवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना कुढफतेहगढ़ पुलिस द्वारा ओपीएस इंटरनेशनल अकादमी कुढ़फतेहगढ़ की कक्षा 09 की छात्रा कशिश यादव को एक दिन के लिए थाना प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया। इस विशेष अवसर का उद्देश्य युवाओं में पुलिस कार्यप्रणाली और कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा महिलाओं और बच्चों को प्रशासनिक जिम्मेदारियों का अनुभव देना था।

थाना प्रभारी के रूप में कशिश यादव ने अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए शिकायतकर्ता मां-बेटे धर्मपाल और जसोडा निवासी कुढ़फतेहगढ़ की भूमि से संबंधित शिकायत को सुना। इसके बाद उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि शिकायत का त्वरित और उचित समाधान हो। इस दौरान छात्रा ने सक्रिय और समझदारीपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे उपस्थित अधिकारियों ने उनके प्रदर्शन की सराहना की।

इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र कुमार त्यागी, मिशन शक्ति प्रभारी ओमवीर सिंह बालियान, एसआई आकाश यादव एवं हेड कांस्टेबल प्रीती लाठियान सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने छात्रा को उनके उत्साह और जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहार के लिए प्रशंसा पत्र और शुभकामनाएँ दीं। इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल कशिश यादव को पुलिस कार्य की झलक देखने का अवसर मिला, बल्कि स्थानीय युवाओं और छात्राओं में पुलिसिंग के प्रति सकारात्मक सोच और समाज में कानून का सम्मान बढ़ाने का संदेश भी गया।

## राजकीय इंटर कॉलेज में लगा स्वास्थ्य कैंप

**बिलारी।** नांगलिया जट स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को स्वास्थ्य कैंप आयोजित किया गया। कैंप में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान चिकित्सकों ने छात्रों की आँख, दाँत, रक्तचाप, वजन, लंबाई आदि की जांच की और बच्चों को स्वच्छता, संतुलित आहार व व्यायाम के महत्व के बारे में बताया। प्रधानाचार्य रघुपति देव ने स्वास्थ विभाग का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ती है। कैंप में झरना राजपूत, डा पूजा, फिजियोथैरेपिस्ट के पी सिंह, ऑप्थोमेटिक विशाल आदि मौजूद रहे।

## मारपीट के मामले में पति पर दर्ज कराया मुकदमा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जरगांव की रहने वाली महिला पिंकी ने कोतवाली पहुंचकर पति रोहित के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमे के मुताबिक उसका पति 23 सितंबर को शाम के समय शराब पीकर घर आया और गाली गलौज करने लगा। जब गाली देने से मना किया तो उसके पति ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# स्वच्छता सेवा पखवाड़े के अंतर्गत ग्राम पंचायत में एंटीलार्वा का छिड़काव कर चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**भगतपुर।** विकासखंड भगतपुर की ग्राम पंचायत रुस्तमपुर तिगरी में शनिवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सफाई अभियान और एंटी लारवा का छिड़काव किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी विनय आशीष और ग्राम प्रधान पति शकील अहमद ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

ग्राम पंचायत में विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें गलियों, नालियों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए एंटी लारवा का छिड़काव किया गया। विनय आशीष ग्राम पंचायत अधिकारी ने ग्रामीणों को अपने घर और आस पड़ोस को साफ सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।



## एक नजर

### पूर्व चेयरमैन कस्तूरचंद जैन के पुत्र राजेश जैन का निधन



**बिलारी।** नगर के पूर्व चेयरमैन कस्तूरचंद जैन के पुत्र राजेश जैन का मधुबनी मुरादाबाद में निधन हो गया। इसकी सूचना मिलने पर नगर में शोक की लहर दौड़ गई। बिलारी निवासी उनके परिजन एवं नगर के अन्य काफी लोग उनके अंतिम दर्शनों को पहुंचे। उनके भ्राता राकेश जैन ने बताया कि उन्होंने नेत्रदान का संकल्प लिया था, उसके अनुसार सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट की टीम ने उनके आवास पर जाकर उनके नेत्र सुरक्षित कर लिए ताकि कोई नेत्रहीन उनकी आंखों से इस दुनिया को देख सके। उनके इस संकल्प को लेकर लोग उन्हें साधुवाद दे रहे हैं। व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन,सुरेंद्र कुमार चुग, सुधीर अग्रवाल आदि ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

### श्री कृष्ण लीला में कालिया नाग नाथन का सजीव मंचन



ठाकुरद्वारज्ञ। नगर के रामलीला मैदान में चल रही रासलीला के दौरान श्री राधा रानी रासलीला मंडल के कलाकारों द्वारा कालिया नाग कथा का मंचन किया गया। शनिवार को रामलीला मैदान में चल रही रासल. ीला के दौरान कलाकारों ने दर्शाया कि राजा कंस अपने दरबार में श्री कृष्ण को मारने के लिए अपनी सेना के साथ विचार विमर्श कर रहा है तभी नारद जी प्रकट होते हैं और कालिया नाग के विषय में बताते हैं इस पर कंस अपने सैनिकों को भेज कर कालिया नाग को संदेश भिजवाता है उधर यमुना नदी में कालिया नाग के निवास करने से पानी जहरीला हो चुका था जिससे कोई पशु पक्षी नदी के पानी का सेवन करता तो मर जाता , एक दिन श्री कृष्णा बाल बाल के साथ नदी के किनारे खेल रहे थे तभी श्रीकृष्ण ने जानबूझकर बोल यमुना जी में फेंक दी तब ग्वाल कृष्ण से यमुना से गैर लाने को कहते हैं ग्वाल के बाल मांगते ही श्री कृष्ण यमुना में कूद जाते हैं यमुना में जाने के बाद श्री कृष्णा सो रहे कालिया नाग को उठते हैं उसके नहीं उठने पर उसकी पूंछ पर पैर रखकर उसको जागते हैं इससे कालिया नाग कृष्ण का वध करने को जुट जाता है कालिया नाग और श्री कृष्णा मैं बहुत समय तक युद्ध चलता है कुछ समय बाद कालिया नाग श्री कृष्ण से हार मान लेता है। हार मान लेने के बाद श्री कृष्ण कालिया नाग के फन पर पर रख नित्य करते हुए यमुना जी से बाहर आते हैं इस दृश्य को देख भगवान श्री कृष्ण की जय जय कर लगने लगती है। इस दौरान अवनीश कुमार शर्मा दिनेश कुमार पुठिया गौरव चौहान आयुष अजय सक्सेना कातिब शरद पुठिया पंकज गुप्ता आदि मौजूद थे।

### गाँव की जमीन को लेकर विवाद, समाधान दिवस के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम सुरजननगर में जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है। ग्रामीण वीरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. किशोरी सिंह का कहना है कि वह गाटा संख्या 61 की जमीन में एक-तिहाई हिस्से का मालिक है और लंबे समय से उसी पर काबिज है। वीरेन्द्र सिंह का आरोप है कि उनके ही परिवार के गनेश सिंह पुत्र कल्लू सिंह जमीन में अपने हिस्से से ज्यादा कब्जा करने की को. शिश कर रहे हैं। आरोप है कि गनेश सिंह प्रार्थी के हिस्से में रखे कृषि यंत्रों को जबरन हटाने और बाहर फेंकने की धमकी दे रहा है।

वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि उन्होंने 8 सितंबर को समाधान दिवस में भी इसकी शिकायत की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि वह चाहते हैं कि हल्का लेखपाल से पैमाइश कराकर सही हिस्से की जमीन तय कर दी जाए, मगर विपक्षी मानने को तैयार नहीं है। पीड़ित ने अब उपजिलाधिकारी से शिकायत कर जमीन पर कब्जा रोकने और सुरक्षा की गुहार लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### सम्पूर्ण थाना दिवस में आठ शिकायतें दर्ज, मौके पर एक का निस्तारण

**ठाकुरद्वारा।** नगर में सम्पूर्ण थाना दिवस का आयोजन तहसीलदार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। कुल 8 शिकायतें दर्ज की गईं, मौके पर 1 का निस्तारण किया गया। नगर में शनिवार को सम्पूर्ण थाना दिवस का कोतवाली परिसर में नयाब तहसीलदार आदित्य कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें फरियादियों ने राजस्व विभाग से जुड़ी समस्याओं के साथ-साथ पुलिस से संबंधित मामलों की भी जानकारी दी। शिकायतकर्ताओं का कहना था कि वे कई बार विभागीय दफ्तरों के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन समाधान नहीं मिला, जिस कारण वे सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे।हालांकि मौके पर एक ही शिकायत का निस्तारण किया गया। जिसमें नयाब तहसीलदार आदित्य कुमार ने वाकी शेष शिकायतो की तत्काल जांच कर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी फरियादी को परेशान न किया जाए और सभी मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी संजय पांचाल , वरिष्ठ उपनिरीक्षक बृजेन्द्र सिंह, सहित राजस्व, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### नगर में दूध की डेरियों पर खाद्य विभाग का छापा, नमूने लैब भेजे

**ठाकुरद्वारा।** नगर के मोहल्ला छीपीयान में शुक्रवार को खाद्य विभाग की टीम ने दूध की डेरियों पर छापेमारी कर नमूने भरे। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही डेरी संचालकों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार शटर गिराकर मौके से फरार हो गए। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य डेरी संचालक भी सतर्क हो गए। नगर के मोहल्ला छीपीयान पर खाद्य विभाग की टीम ने दूध की डेरियों पर छापेमारी कर नमूने भरे। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही डेरी संचालकों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार शटर गिराकर मौके से फरार हो गए। जिला मुख्यालय से आई टीम का नेतृत्व डॉ. राजीव और खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र ने ने मोहल्ला छीपीयान स्थित मुस्कान डेरी संचालक कासिम और पास ही स्थित दानिश की डेरी पर छापेमारी की।

टीम ने मौके पर रखे दूध के नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र ने बताया कि नगर निवासी एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से शिकायत की थी कि कुछ डेरियों पर घटिया और मिलावटी दूध बेचा जा रहा है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए विभाग ने टीम गठित कर छापेमारी की। उन्होंने कहा कि दूध के नमूनों को जांच के लिए लैब भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद अगर दूध की गुणवत्ता में गड़बड़ी पाई गई तो संबंधित डेरी संचालकों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस छापेमारी की चर्चा पूरे नगर में रही। लोगों ने खाद्य विभाग की इस कार्रवाई को सराहा और कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहनी चाहिए।

## रामगंगा नदी में डूबे युवक का शव मिला

**ठाकुरद्वारा।** ग्राम बल्लभगढ़ के पास शुक्रवार को मछली पकड़ने गए दो युवकों में से 42 वर्षीय फिरोज पुत्र निसार की डेड बॉडी सुबह नदी से बरामद हुई। तेज बहाव में बहने के कारण वह डूब गया था। स्थानीय गोताखोरों और पुलिस की मदद से एक अन्य युवक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार, उत्तराखंड के थाना जसपुर के गांव रायपुर निवासी 23 वर्षीय गुफरान पुत्र इरफान, 45 वर्षीय उस्मान पुत्र अब्दुल रहीम और 42 वर्षीय फिरोज मछली पकड़ने नदी किनारे गए थे। शाम करीब पांच बजे गुफरान और फिरोज दूसरी ओर मछली पकड़ने गए, लेकिन पैर फिसलने से दोनों गहरे पानी में चले गए।सूचना पाते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय पांचाल और चौकी इंचार्ज ओंकार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और खोज अभियान चलाया।

परिजन और ग्रामीण भी नदी में युवक की तलाश में जुटे थे। सुबह फिरोज की डेड बॉडी बरामद हुई, जिसे परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए सुपुर्दे खाक कर दिया। हादसे की खबर से गांव में शोक की लहर फैल गई।

## लापता महिला का शव गांव के निकट मिलने से हड़कंप



**ठाकुरद्वारा।** चार दिन घर से लापता महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गां माधोवाला निवासी मनोज कुमार पुत्र राजपाल सिंह ने 23 सितम्बर 2025 को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अपनी माता 58 वर्षीय फूलवती देवी पत्नी राजपाल दोपहर 3.30 बजे अपने घर से ठाकुरद्वारा बाजार को आयी थी। देर शाम तक घर वापस न आने पर काफी तलाश की थी। लेकिन कोई पता नही चल सका। महिला के पुत्र मनोज कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराए जाने की मांग की। पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर दी। शनिवार को घर से लापता फूलवती देवी का शव कमालपुरी माधोवाला मार्ग पर मिलने से पुलिस प्रशासन और परिजनो में हड़कंप मच गया। सूचना पर परिजनों और पुलिस मौके पर पहुंचे। जहां पर पुलिस ने महिला के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है।

## गाली-गलौज से मना करने पर ई-रिक्शा चालक ने पीटकर किया घायल

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सतारन के रहने वाले जागन सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसका बेटा जगदीश बिलारी से स्टेशन रोड तक ई रिक्शा चलाता है। 25 सितंबर को दोपहर 3 बजे कुछ सवारियां बैठाकर मिल पर ले जा रहा था। तभी ई रिक्शा मिल पर ई रिक्शा मुंशी अमन व उसके पिता दानवीर निवासी ढकिया नरु ने उसके लड़के के साथ सवारी को लेकर गाली-गलौच शुरू कर दी। जब बेटे ने गाली देने से मना किया तो उसके बेटे को लाठी डंडों से बुरी तरह से पीट डाला जिससे उसके बेटे के शरीर पर खुली व गुम चोटें आई और जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में तहरीर पर अमन और उसके पिता दानवीर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# विकास खंड कुंदरकी में संचारी रोग अभियान के अंतर्गत बैठक आयोजित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** शनिवार को विकासखंड कुंदरकी सभागार में संचारी रोग अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में यूनिसेफ से पुष्पेंद्र त्रिपाठी जी और सहायक विकास अधिकारी पंचायत कुंदरकी कुलदीप सिंह ने सभी उपस्थित व्यक्तियों को संच. ारी रोगों से निपटने के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में विभिन्न ग्राम सचिव, प्रधान, पंचायत सहायक और सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। इनमें सुरेंद्र सिंह, सतीश सागर, राशिद हुसैन, रईस आलम, फिरोज आलम, इरशाद हुसैन, नरेश सिंह, अंकित सिंह, विवेक चौधरी, अनुज कुमार सिंह, राम प्रकाश, नित्यानंद, नरेश कुमार, राखी भारती और कुलबीर यादव जैसे प्रमुख लोग शामिल थे। बैठक में संचारी रोगों से निपटने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई और सभी उपस्थित लोगों को इन उपायों के बारे में जानकारी दी गई। इस बैठक का उद्देश्य संचारी रोगों के प्रसार को रोकना और लोगों को स्वस्थ रखना था।इस बैठक का आयोजन संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इन रोगों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए किया गया था।

बैठक में दिए गए सुझावों और निर्देशों का पालन करके संच. ारी रोगों के प्रसार को रोका जा सकता है और लोगों के स्वास्थ्य में सुधार किया जा सकता है।

## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक

**चन्दौसी/कुढफतेहगढ।** मिशन शक्ति-5.0 के अन्तर्गत कुढफतेहगढ पुलिस द्वारा शनिवार को स्कूली छात्राओं को मिशन शक्ति के मुख्य उद्देश्यों महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने, नारी सम्मान एवं महिला हेल्पलाइन नंबर आदि की जानकारी दी। छात्राओं को थाने में कार्यालय, बंदीगृह आदि का भ्रमण कराया साथ ही महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम के लिए हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। बता दें कि मिशन शक्ति के पांचवे चरण की शुरुआत नवरात्रि के अवसर पर की गई है। जिसके जरिए योगी सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके अधिकारों को बढ़ावा देने का संदेश दे रही है। इस बार मिशन शक्ति की थीम है 'सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश' यह अभियान महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र कुमार त्यागी, मिशन शक्ति प्रभारी ओमवीर सिह बालियान, एस आई आकाश यादव, महिला हेड कांस्टेबल प्रीति शामिल रहे।

## चन्दौसी में संकुल स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का दूसरे दिन आयोजन



**चन्दौसी।** शनिवार को चन्दौसी इंटर कॉलेज चन्दौसी में संकुल स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का दूसरे दिन भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चंदौसी संकुल के चंदौसी इंटर कॉलेज, नानक चंद आदर्श इंटर कॉलेज, सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरौली तथा वली मौ० सेवक समाज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुमथल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंडर-14 बालक वर्ग में लंबी कूद में अनुराग प्रथम रहे। अंडर-17 बालक वर्ग में 1500 मीटर दौड़ में सो. हेल, 3000 मीटर दौड़ में जय प्रताप, हैमर थ्रो में सोहेल, लंबी कूद में अमन यादव, ऊंची कूद में दुष्यंत कुमार, त्रिकूद में दुष्यंत कुमार एवं 3000 मीटर वॉक में भुवनेश ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अंडर-19 बालक वर्ग में 1500 मीटर दौड़ एवं 3000 मीटर दौड़ में हरि प्रकाश, 3000 मीटर वॉक में भुवनेश, 110 मीटर पगबाधा में पंकज, लंबी कूद में अमन सैनी, हाई जंप में नरदेव तथा त्रिकूद में आकाश कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में चंद्रप्रकाश, धनंजय आर्य तथा चंद्रकांत ने न्यायपूर्ण निर्णय दिए। इस आयोजन को सफल बनाने में जटाशंकर, फरमान एवं समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। चयनित छात्र खिलाड़ी दिनांक 07, 08 एवं 09 अक्टूबर 2025 को एस.एम. डिग्री कॉलेज चंदौसी के मैदान में आयोजित होने वाली जनपद स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जनपद स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर-17 एवं अंडर-19 का आयोजन क्रमश: 29 व 30 सितंबर 2025 को प्रात: 09 बजे से चंदौसी इंटर कॉलेज चंदौसी में किया जाएगा। साथ ही सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हमारे विद्यालय, चंदौसी इंटर कॉलेज, चंदौसी में दिनांक 29/09/2025 को प्रात: 11रू00 बजे किया जाएगा।

# सांप्रदायिक हिंसा फैलाने की कोशिश: यूपी में 'आई लव मुहम्मद' के नाम पर झड़पें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** हाल ही में बरेली, कानपुर, काशीपुर और उन्नाव में 'आई लव मुहम्मद' अभियान के नाम पर फैल रही हिंसा ने राज्य और समाज में भारी चिंता पैदा कर दी है। यह घटनाएँ ऐसे समय में सामने आई हैं जब लेह-लद्दाख में आगजनी और पड़ोसी देश नेपाल में तख्तापलट जैसी घटनाएँ क्षेत्रीय अस्थिरता का संकेत दे रही हैं। स्थानीय प्रशासन ने झड़प और तोड़फोड़ की घटनाओं को गंभीरता से लिया है।

सोशल मीडिया और अफवाहों का उपयोग कर माहौल भड़काने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे धार्मिक भावनाओं के आधार पर सांप्रदायिक तनाव फैलाया जा सके।

अधिकारियों ने प्रभावित इलाकों में अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात कर नियंत्रण स्थापित किया है और दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की चेतावनी दी है। नागरिक और सामाजिक संगठन लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील कर रहे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि इस प्रकार की मुहिम का उद्देश्य सिर्फ स्थानीय अशांति नहीं, बल्कि दीर्घकालिक सामाजिक दूरी और अविश्वास पैदा कर देश की एकता को कमजोर करना है। सुरक्षा विशेषज्ञों का सुझाव है कि सोशल मीडिया जागरूकता अभियान, शिक्षा संस्थानों में संवेदनशीलता प्रशिक्षण और समुदायिक संवाद जैसी पहलकदमियाँ इस प्रकार की साजिशों को नाकाम करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। प्रशासन और नागरिकों को मिलकर अफवाहों के फैलाव को रोकना, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सतर्कता बढ़ाना और आपसी संवाद को मजबूत करना होगा, ताकि देशविरोधी ताकतों की योजनाएँ विफल रहें और समाज में शांति कायम रहे। हालांकि स्वयं को शांतिप्रिय समुदाय से बताने वाले लोग ही 'आई लव मुहम्मद' के नाम पर हिंसा में भाग ले रहे हैं। शुक्रवार को नमाज के दिन बरेली में मस्जिद के बाहर जो हुआ वह इस बात का सबूत है कि दंगा करने वाले एक ही मजहब के थे अर्थात् मुस्लिम थे और अफवाहों को आधार मानकर सड़कों पर उतर आए परंतु वे यह भूल गये कि उत्तरप्रदेश में वर्तमान मेंअ योगी आदित्यनाथ की सरकार है और उत्तम प्रदेश बनाने का कार्य निरंतर जारी है। इसका टैण्डर उसी दिन से शुरु हो गया था जिस दिन योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की सत्ता संभाली।

उत्तरप्रदेश जो पहले दंगाईयों के नाम से जाना था, आज आधुनिकता की ओर बढ़ता हुआ नये आयामों को छू रहा है। हालांकि कुछ लोगों को अब भी शांति मंजूर नहीं हैं जबकि स्वयं को शांतिप्रिय समुदाय बताते हैं। कुछ असामाजिक तत्व जो मजहब के नाम पर भारी भीड़ को बरगला देते हैं और भीड़ अफवाहों के सहारे चल देती है। प्रदेश के कई बड़े शहरों में वर्तमान में 'आई लव मुहम्मद' के नाम पर हिंसक प्रदर्शन किये जा रहे हैं। बरेली में पुलिस को मजबूरन लाठी चार्ज करना पड़ा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट संदेश है कि यदि उत्तरप्रदेश में दंगा करने या कराने की सोचा तो सात पीढिघ्यां याद रखेंगी। इसी प्रकार 24 नवंबर 2024 को संभल में मस्जिद की सर्वे करने गई टीम पर दंगाईयों ने हमला बोला था।

हिंसक दंगे कराना किसी अकेले के बस की बात नहीं है, विदेशी फण्डिंग व एजेन्सियों के सहारे दंगाई आक्रोशित हो जाते हैं। साथ ही अब तो महिलाओं व बच्चों को भी इन अभियानों में शामिल किया जा रहा है। फिलहाल प्रदेश सरकार को इन हिंसक घटनाओं की जांच कर माहौल बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए।

# मशरूम उत्पादन तकनीकी पर प्रशिक्षण संपन्न

## ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित




**ठाकुरद्वारा।** कृषि विज्ञान केंद्र पर ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से मशरूम उत्पादन तकनीकी पर छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में युवाओं को बटन, ढींगरी, वॉलवैरिल्ला एवं मिल्की मशरूम की वैज्ञानिक तरीके से खेती के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान केंद्र के मशरूम विशेषज्ञ दीपक कुमार ने मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया, स्पान की उपलब्धता, रोग प्रबंधन तथा विपणन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मशरूम उत्पादन एक लाभकारी कृषि आधारित उद्योग है, जिसे कम लागत में शुरू कर स्थायी आय प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर केंद्र के प्रभारी डॉ. रविन्द्र कुमार ने प्रतिभागियों को स्वरोजगार के लिए मशरूम उत्पादन को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मशरूम उत्पादन से ग्रामीण युवा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने केवीके द्वारा संचा. लित अन्य कृषि संबंधित गतिविधियों की जानकारी भी दी। प्रशिक्षण के दौरान अविनाश चौहान ने जैविक खाद, उन्नत बीजों तथा फसल उत्पादन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी साझा की। प्रशिक्षण में योगेश कुमार, अशोक कुमार, उदयवीर, शेर सिंह सहित कुल 10 ग्रामीण युवक-युवतियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र के कर्मचारी का सराहनीय योगदान रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सब्जीपुर**
**विकास खण्ड-कुंदरकी ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: /ग्राम निधि/राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग/2025-26 दिनांक: 25.09.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सब्जीपुर विकास खण्ड कुन्दरकी (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम ग्राम निधि/राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक। पंजीकृत आपूर्तिकर्ता। ठेकेदार दिनांक: 26.09.2025 से 30.09.2025 दोपहर 12.00 बजे तक अपनी अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्र। सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाए अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 30.09.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | अनुमानित धनराशि (सामग्री आपूर्ति | जमानत राशि2% (रूपये में)। | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | होली चौक से प्राथमिक विद्यालय तक मिटटी भराव कार्य एवं सी.सी. टाईल्स कार्य। | 473273/- | 9466/- | 200/- | 2 माह |
| 2 | होली चौक से प्राथमिक विद्यालय तक नाली निमार्ण कार्य। | 147916/- | 2959/- | 200/- | 2 माह |
| 3 | पंचायत भवन से राहत अली के घर तक मिट्टी भराव एवं खड़ंजा मरम्मत कार्य। | 317098/- | 6342/- | 200/- | 2 माह |
| 4 | मुंशी रमजानी के घर से मुनब्बर के घर तक मिट्टी भराव एवं सी.सी. टाईल्स मरम्मत कार्य। | 139684/- | 2794/- | 200/- | 2 माह |

1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा।
2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आशिंक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सब्जीपुर**
**विकास खण्ड कुंदरकी, मुरादाबाद**

**कार्यालय ग्राम पंचायत चकरपुर**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 27.09.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत चकरपुर विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2025 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 10.10.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 10.10.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सोनू के घर से ओमप्रकाश के घर तक नाली मरम्मत/ इंटर लॉकिंग कार्य। | ईंट, सीमेंट, रोड़ा आदि। | 98 मी0 | 355399/- | 500 | 2% | 8 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत चकरपुर**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

### संक्षिप्त खेल समाचार

## एमसीए नवम्बर में चुनाव कराएगा

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) नवंबर में अपने चुनाव कराएगा। अभी तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन शुक्रवार (26 सितम्बर) को हुई शीर्ष परिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया। एमसीए ने एक बयान में कहा कि मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन की शीर्ष परिषद ने फैसला किया कि एसोसिएशन के चुनाव नवंबर 2025 में होंगे। यह समय-सीमा अक्टूबर में दिवाली की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए तय की गई है। एमसीए ने चुनाव कराने के लिए जेएस सहारिया को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है।

## इगा ने चाइना ओपन में अपना अपराजित अभियान जारी रखा

**बीजिंग, वार्ता।** विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियाटेक ने शनिवार को चाइना ओपन में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उन्होंने महिला एकल के दूसरे दौर में घरेलू खिलाड़ी युआन यू को 6-0, 6-3 से हराकर नेशनल टेनिस सेंटर में अपना अपराजित रिकॉर्ड कायम रखा। 24 वर्षीय स्वियाटेक पहले सेट में अजेय रहीं और उन्होंने तीन ब्रेक के साथ सभी छह गेम जीतकर बेसलाइन पर अपना दबदबा कायम रखा। यह बीलजग में उनके शानदार रिकॉर्ड का एक और उदाहरण है, क्योंकि उन्होंने 2023 में अपने पहले ही टूर्नामेंट में जीत हासिल की थी। 58वें नंबर की 25 वर्षीय युआन ने दूसरे सेट में कड़ी टक्कर दी। चीनी खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में सर्विस ब्रेक करके 1-0 की बढ़त बना ली, लेकिन शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने तुरंत वापसी करते हुए लगातार तीन गेम जीतकर 3-1 की बढ़त बना ली। स्थानीय प्रबल दावेदार ने छठे और आठवें गेम में अपनी सर्विस बचाए रखी।

# विस्फोटक खिताबी मुकाबले को तैयार भारत-पाक

- **भारत टूर्नामेंट में अजेय है और पाक पर दो जीत पहले ही हासिल कर चुका है**

**दुबई, वार्ता।** अपनी सीट बेल्ट बांध लीजिए! क्रिकेट की दुनिया की सबसे बड़ी जंग यहीं है। रविवार रात दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट के फाइनल में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा-इससे बड़ा मुक.ाबला और क्या हो सकता है। भारत इस मुकाबले में पूरी ताकत से उतरेगा, टूर्नामेंट में अजेय है और पाकिस्तान पर दो जीत पहले ही हासिल कर चुका है।

वे एक मिशन पर लगी टीम की तरह दिख रहे हैं। शीर्ष क्रम में, अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है-309 रन, 200 से ज्यादा का स्ट्राइक रेट और लगातार तीन अर्द्धशतक। शुभमन गिल का धैर्य, सूर्यकुमार यादव की आतिशी बल्लेबाजी, और तिलक वर्मा व संजू सैमसन का आक्रामक अंदाज-यह बल्लेबाजी विकल्पों से भरी हुई है। और अगर आपको लगता है कि बात यहीं खत्म हो जाती है, तो शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल का निचला क्रम डेथ ओवरों में धमाकेदार प्रदर्शन कर सकता है।

गेंदबाजी? कमाल की। जसप्रीत बुमराह नई गेंद से आग उगल रहे हैं, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल बल्लेबाजों को बांधे हुए हैं, और वरुण चक्रवर्ती अपनी रहस्यमयी स्पिन से घातक साबित हुए हैं। भारत के पास विविधता, संतुलन और गहराई है - एक फाइनल में आपको जो कुछ भी चाहिए। हालांकि, पाकिस्तान यहां संयोग से नहीं है। वे लड़खड़ा भी चुके हैं - बांग्लादेश से पूछिए, जिसने 71 रन पर उनका स्कोर 6 विकेट कर दिया था, उसके बाद पाकिस्तान ने वापसी की। लेकिन फाइनल उनके अंदर की लड़ाई को उजागर करता है। फखर जमान एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो अगर लय में आ जाएं तो बेकाबू हो सकते हैं।

### एशिया कप-2025 फाइनल मुकाबला आज




साहिबजादा फरहान एंकर हैं। कप्तान सलमान आगा, मोहम्मद हारिस और मोहम्मद नवाज के साथ मिलकर टीम को संभालने की कोशिश करेंगे। लेकिन असली ताकत उनकी गेंदबाजी में है। **नई गेंद से शाहीन** अफरीदी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं, हारिस रऊफ किसी भी लाइन-अप को तहस-नहस कर सकते हैं, और युवा सैम अयूब ने अपने आठ विकेट लेकर कमाल कर दिया है। नवाज और अबरार अहमद के समर्थन से, यह एक ऐसा आक्रमण है जो भारत को नुकसान पहुंचा सकता है अगर वे अपनी लय हासिल कर लें। **यहां एक दिलचस्प मोड़ है:** भारत अभी ऊंचाइयों पर है, लेकिन फाइनल में इतिहास पाक के पक्ष में झुकता दिख रहा है। इन दोनों के बीच हुए 12 फाइनल मुकाबलों में से पाकिस्तान ने आठ जीते हैं। यही वह आंकघ है जो इस प्रतिद्वंद्विता को जीवंत और जीवंत बनाए रखता है। दुबई की पिच? शुरुआत में तेज गेंदबाजों के लिए थोड़ी मदद की उम्मीद करें, बीच में स्पिनर खेल में आएंगे, और फिर ओस लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए काम आसान कर देगी। 180-190 के आसपास का स्कोर जादुई संख्या होगी। मौसम साफ, नम है, और दूधिया रोशनी में धमाकेदार मैच के लिए एकदम सही है।

**भारत की संभावित एकादश**

**अभिषेक शर्मा**, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुम. राह, वरुण चक्रवर्ती

**पाक की संभावित एकादश**

**सैम अयूब**, साहिबजादा फरहान, फखर जमान, सलमान आगा (कप्तान), हुसैन तलत, मोहम्मद हारिस (विकेट कीपर), मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, अबरार

संभावनाएं भारत की ओर इशारा करती हैं। फॉर्म भारत की ओर इशारा करता है। लेकिन भारत-पाक फाइनल में, आप इन सब बातों को नजरअंदाज कर देते हैं। एक बड़ा ओवर, एक तेज स्पेल, और पल भर में कहानी पलट सकती है।

# अभिषेक ने तोड़ा कोहली-रिजवान का रिकॉर्ड




- **एक टी-20 एशिया कप में सबसे ज्यादा रन, भारतीय टीम बनी सुपर ओवर की चैंपियन**

**दुबई, वार्ता।** टीम इंडिया ने एशिया कप में जीत का सिल. सिला कायम रखा। भारत ने शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ सुपर ओवर में जीत हासिल की। दुबई स्टेडियम में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम ने भी इतने ही रन बनाए और मैच टाई हो गया। सुपर ओवर में श्रीलंका ने भारत को 3 रन का टारगेट दिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली ही बाल पर तीन रन बनाकर भारत को जीत दिला दी। भारतीय टीम अब लगातार 6 सुपर ओवर जीत चुकी है। टीम इंडिया दुनिया की इकलौती ऐसी टीम है जो कभी टी-20 का टाईब्रेकर नहीं हारी है। इसके अलावा अभिषेक शर्मा किसी एक टी-20 एशिया कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने मोहम्मद रिजवान और विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा है। सुपर ओवर में भारत की लगातार छठी जीत भारतीय टीम ने अब तक का अपना सातवां टाई मैच खेला। इन सभी मैचों के टाईब्रेकर में भारतीय टीम ने जीत हासिल की। एक मैच में बालआउट के जरिए विजेता का फैसला हुआ था। बाकी के 6 मैचों में सुपर ओवर के जरिए। भारत ने अपना पहला टाई मैच 14 सितम्बर 2007 को डरबन में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। तब बाल आउट के जरिए विजेता का फैसला हुआ। भारत ने बाल आउट में जीत हासिल की। इसके बाद भारत ने 6 और मैच टाई खेले और हर बार सुपर ओवर में जीत हासिल की है। भारतीय टीम दुनिया की इकलौती टीम है जो 7 टाई मैच खेली है और एक का भी टाईब्रेकर नहीं हारी है। अभिषेक एक टी-20 एशिया कप के हाईएस्ट स्कोरर टी-20 एशिया कप के एक ही संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा ने अपने नाम कर लिया है। उन्होंने 6 पारियों में कुल 309 रन बनाए। उनसे पहले 2022 में मोहम्मद रिजवान ने 6 पारियों में 281 रन बनाए थे। इसी साल विराट को. हली ने भी शानदार बल्लेबाज करते हुए 5 पारियों में 276 रन बनाए थे। वहीं अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान ने 2022 में 5 पारियों में 196 रन बनाए थे। अभिषेक ने छठी बार 25 या उससे कम बाल पर फिफ्टी लगाई अभिषेक शर्मा ने टी-20 में भारत के लिए छठी दफा 25 या उससे कम बाल में फिफ्टी लगाई। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 61 रन बनाए। भारत के लिए यह रिकॉर्ड कप्तान सूर्यकुमार यादव के नाम है। उन्होंने 7 बार यह कारनामा किया है। अभिषेक ने रोहित-रिजवान की बराबरी की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार 30 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड तीन खिलाड़ियों के नाम दर्ज है। 2021 में रिजवान ने लगातार 7 पारियों में 30+ रन बनाए।

# शीतल बनीं पैरा विश्व तीरंदाजी चैंपियन

- **तोमन कुमार ने भी जीता खिताब, शीतल ने तुर्की की ओजनुर को 146-143 से हराया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 18 साल की भारतीय तीरंदाज शीतल देवी ने इतिहास रच दिया। बिना हाथों के खेलने वाली इस भारतीय खिलाड़ी ने पैरावर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। शीतल ने तुर्की की विश्व नंबर 1 ओजनुर क्योर गिरदी को 146-143 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। शीतल देवी इस प्रतियोगिता में एकमात्र ऐसी खिलाड़ी थीं जो अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल कर तीर चलाती हैं। यह इस चैंपियनशिप में उनका तीसरा पदक था। इसके अलावा तोमन कुमार ने कंपाउंड पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम किया। एक अन्य भारतीय राकेश कुमार को




तकनीकी दिक्कत के कारण हटने के लिए बाध्य होना पड़ा जिससे वह फाइनल में 20-40 से हार गए। पेरिस पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता राकेश को धनुष में 'पुली' की समस्या के कारण चार शॉट के बाद हटना पड़ा। इससे विश्व चैंपियनशिप में डेब्यू कर रहे तोमन ने चार सटीक तीर के साथ खिताब अपने नाम कर लिया। शीतल ने इससे पहले कंपाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा में तोमन कुमार के साथ मिलकर कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने ग्रेट ब्रिटेन की जोड़ी जोडी ग्रिनहैम और नाथन को 152-149 से हराया। महिला कंपाउंड ओपन टीम स्पर्धा में शीतल और सरिता की जोड़ी को फाइनल में तुर्की से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत से संतोष करना पड़ा।

# मोर्कल ने हार्दिक और अभिषेक की फिटनेस चिंताओं को किया खारिज



- **हार्दिक श्रीलंका की पारी का पहला ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए थे**

**दुबई, वार्ता।** भारत के बॉलिंग कोच मॉर्ने मोर्कल ने हार्दिक पांड्या और अभिषेक शर्मा की फिटनेस को लेकर उठ रहे सवालों को पूरी तरह से नकार दिया है। रविवार को दुबई में पाकिस्तान के खलिाफ एशिया कप फाइनल से पहले हार्दिक और अभिषेक की फिटनेस को लेकर सवाल उठे थे लेकिन गेंदबाजी कोच के बयान के बाद सब कुछ साफ हो गया।

हार्दिक ने शुक्रवार को श्रीलंका की पारी का पहला ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उनके हैमस्ट्रिंग में समस्या हो रही थी। उसी ओवर में उन्होंने कुसल मेंडिस को आउट किया था। इसके बाद वे पूरी पारी में मैदान पर वापस नहीं आए। मोर्कल ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हार्दिक को क्रैम्प्स आ रहे थे। आज रात और कल सुबह उनकी जांच होगी, उसके बाद ही निर्णय लिया जाएगा। भारत के बॉलिंग कोच ने वही कहा जो कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मैच प्रेजेंटेशन के दौरान कहा था। इस बीच अभिषेक भी श्रीलंका की पारी के दौरान पहले 10 ओवर के बाद मैदान से बाहर रहे। नौवें ओवर में फील्डिंग करते हुए, उन्होंने अपने दाहिने पैर की जांघ को पकड़कर असहजता जताई और 10वें ओवर में मैदान छोड़कर बाहर चले गए। उसी समय पथुम निसंका के एक सिक्सर को डेड बॉल करार दिया गया था, क्योंकि अभिषेक गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के रन-अप शुरू करने से पहले मैदान से बाहर नहीं गए थे। हार्दिक की तरह अभिषेक का भी बाकी पारी में बर्फ और पिकल जूस से क्रैम्प का इलाज किया गया। रिंकू सिंह, शिवम दुबे और जितेश शर्मा अलग-अलग मौकों पर सब्स्टिट्यूट फील्डर के रूप में मैदान पर आए। एक समय तिलक वर्मा भी थोड़ी देर के लिए बाहर गए, लेकिन हाइड्रेशन ब्रेक लेने के बाद वह मैदान पर लौट आए।

# यह टीम बहुत आगे तक जा सकती है: जयसूर्या

**दुबई, वार्ता।** श्रीलंका के मुख्य कोच सनत जयसूर्या को विश्वास नहीं हो रहा था कि श्रीलंका ने दुबई में भारत के खलिाफ एशिया कप सुपर फोर मैच आखरिी ओवर में गंवा दिया है। उनकी यह हार जुलाई 2024 की यादों को ताजा कर गई, जब उन्होंने भारत के खिलाफ एक आसान सी दिख रही जीत को गंवा दिया था। पल्लेकेल स्टेडियम में खेले गए उस मैच में श्रीलंका को छह विकेट शेष रहते दो ओवरों में सिर्फ नौ रन चाहिए थे। फिर भी वे रिंकू सिंह और सूर्यकुमार यादव की गेंदबाजी के सामने लड़खड़ा गए और मैच सुपर ओवर में चला गया, जहां वे केवल एक रन ही बना पाए, जिसे सूर्यकुमार ने एक ही गेंद में हासिल कर लिया था। शुक्रवार को, श्रीलंका को जीतने के लिए आखरिी ओवर में 12 रन चाहिए थे, जबकि छह विकेट शेष थे और शतकवीर पथुम निसंका क्रीज पर मौजूद थे। लेकिन वह आखिरी ओवर की पहली ही गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद दसुन शनाका ने मैच को आगे बढ़ाया और आखरिी गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। लेकिन आखिरी गेंद पर वह सिर्फ दो ही रन बना पाए। और मैच सुपर



- **कोई भी कप्तान या कोच सुपर ओवर में नहीं जाना चाहता, दुर्भाग्य से दासुन तीसरा रन पूरा नहीं कर पाए**

ओवर में चला गया, जहां भारतीय टीम ने बाजी मार ली। जयसूर्या ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैं चाहता था कि हम मैच को सामान्य तरीके से ही जीत लें।

कोई भी कप्तान या कोच सुपर ओवर में नहीं जाना चाहता। दुर्भाग्य से दासुन तीसरा रन पूरा नहीं कर पाए। हालांकि ऐसा नहीं है कि भारत के खलिाफ हम किसी मानसिक अवरोध के साथ खेलते हैं। हमारी बल्लेबाजी लाइन-अप मजबूत है। 200 (203) का पीछा करना कभी आसान नहीं होता, लेकिन हमने लगभग उस स्कोर को हासिल कर लिया था, जो हमारी बल्लेबाजी की गुणवत्ता को दर्शाता है। श्रीलंका की क्लास या गुणवत्ता पर कोई संदेह नहीं है, और निसंका इसका बेहतरीन उदाहरण हैं। 2021 में टेस्ट बल्लेबाज के रूप में पहचान बनाने के बाद, वह अब एक जबरदस्त व्हाइट-बॉल खिलाड़ी बन गए हैं। पिछले ही हफ्ते ग्रुप स्टेज के बाद निसंका ने जयसूर्या के प्रभाव और कोच द्वारा उन्हें एक अलग पहचान विकसित करने की स्वतंत्रता देने की खुलकर प्रशंसा की थी। शुक्रवार को उन्होंने बेहतरीन खेल दिखाया और 58 गेंदों पर 107 रन की शानदार पारी खेली। जयसूर्या ने निसंका और परेरा की पारी के बारे में कहा कि जब आप 202 (203) का पीछा कर रहे होते हैं, तो आपको लगातार बाउंड्री तलाशनी होती है। उनकी साझेदारी काफी महत्वपूर्ण थी। जब हमने विकेट खोना शुरू किया, तो मोमेंटम दूसरी ओर चला गया। चेज में ऐसा होना स्वाभाविक है क्योंकि किसी न किसी को जोखिम लेना पड़ता है। दुख की बात है कि पथुम गलत समय पर आउट हो गए, और बाद में गेंद ज्यादा टर्न होने लगी। फिर भी यह एक बहुत अच्छा मैच था।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स में भारतीय धाविका दीप्ति फाइनल में पहुंची

- **दो स्वर्ण के साथ नीदरलैंड शीर्ष पर, दीप्ति ने 400 मी. स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन शनिवार को प्रातकालीन सत्र नीदरलैंड दो स्वर्ण के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर वहीं पोलैंड भी एक स्वर्ण और एक कांस्य सहित दो पदक दूसरे स्थान पर है।

भारतीय धाविका दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी-20 स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। चीन, कोलंबिया, जापान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भी एक-एक स्वर्ण पदक अपने नाम किए। चीनी पैरा एथलीट वेन शियाओयान ने महिलाओं की लंबी कूद टी37 फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपने पांचवें प्रयास में 5-32 मीटर की छलांग लगाई। चैंपियनशिप के पहले दिन के प्रात:कालीन सत्र में कुल सात पदक स्पर्धाएं हुईं। जापान के केन्या करासावा ने पिछले वर्ष के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ब्राजील के येल्तसिन जैक्स को हराकर इस स्पर्धा में अपने देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पुरुषों की 5000 मीटर टी-11 दौड़ 15:23:38 के समय के साथ पूरी की। भारतीय दल के लिए सबसे खास बात महिलाओं की 400 मीटर टी-20 स्पर्धा के फाइनल में धाविका दीप्ति जीवनजी का पहुंचना रहा। उन्होंने दूसरी हीट में प्रथम स्थान प्राप्त कर मेडल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। वह पहले दिन शाम के सत्र में फाइनल में प्रतिस्पर्धा करके भारत को इस उच्च-ऑक्टेन स्पर्धा का पहला पदक दिला सकती हैं। महिलाओं की 100 मीटर टी-71 स्पर्धा में, संयुक्त अरब अमीरात की थेकरा अलकाबी ने 19.89 अंक के साथ विश्व रिकॉर्ड और एशियाई रिकॉर्ड बनाया।

# जूनियर महिला हॉकी टीम दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 से 0-5 से हारी

**कैनबरा, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को शनिवार को कैनबरा के नेशनल हॉकी सेंटर में चल रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 टीम से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। मेजबान टीम के लिए मकायला जोन्स (10वें, 11वें, 52वें मिनट), सामी लव (38वें मिनट), मिगालिया हॉवेल (50वें मिनट) ने गोल किए। भारत, जिसे कल अपने पहले मैच में 2-3 से मामूली हार का सामना करना पड़ा था, वापसी करने के लिए बेताब था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने शुरू से ही आक्रामक रुख दिखाया। मेजबान टीम ने मकायला जोन्स के जरिए लगातार दो गोल दागे। ये दोनों मैदानी गोल 10वें और 11वें मिनट में हुए, जिससे भारत मुकाबले की शुरुआत में ही पिछड़ गया। दूसरे क्वार्टर में भारतीय रक्षा पंक्ति ने फिर से संगठित होकर अपनी लाइन को मजबूत किया और हाफ टाइम से पहले ऑस्ट्रेलिया को और मौके नहीं दिए। गोलकीपर और डिफेंडरों ने मिलकर लगातार दबाव बनाए रखा, जबकि भारत ने भी कुछ आक्रामक हमले करके आगे बढ़ने का प्रयास किया, हालांकि वे सर्कल में अपने मौकों को भुना नहीं पाए। दूसरे हाफ में, ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दबाव बनाए रखा और मौकों का पूरा फायदा उठाया। सामी लव (38वें मिनट) ने मैदानी गोल करके बढ़त को और मजबूत किया और स्कोर 3-0 कर दिया। भारत ने तेज जवाबी हमले किए लेकन वे विफल रहे। चौथे क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने मिगालिया हॉवेल (50वें मिनट) के गोल के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया, जिसके दो मिनट बाद मकायला जोन्स (52वें मिनट) ने अपनी हैट्रिक पूरी करके परिणाम को संदेह से परे कर दिया।

## काउंटी में राहुल चाहर का जलवा एक ही पारी में झटके सात विकेट

**लंदन, वार्ता।** हैम्पशायर काउंटी चैंपियनशिप के डिविजन 1 से बाहर होने की कगार पर पहुंच गया है। यूटिलिटा बाउल में सरे के लेग-स्पिनर चाहर की फरिकी ने हैम्पशायर को एक ऐसी स्थिति पर ला दिया है, जहां होने की उम्मीद वह कभी नहीं करेंगे। भारत के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी चाहर ने स्पिन लेती पिच का पूरा फायदा उठाते हुए 45 रन देकर 7 विकेट लिए और हैम्पशायर की पारी को 61/0 से 148/9 पर पहुंचा दिया। यह चाहर की पहली काउंटी चैंपियनशिप है। दक्षिणी तट की यह टीम डिविजन वन में बने रहने के लिए हार से बचना चाहती है, लेकिन 181 के लक्ष्य का पीछा करते हुए वह 148/9 तक ही पहुंच पाई है।

# मैदान के बाहर के विवादों से प्रभावित हुआ सूर्या का प्रदर्शन

- **इस साल 10 पारियों में भारत के टी-20 कप्तान ने 110 की स्ट्राइक रेट से तीन शून्य के साथ 99 रन बनाए**

**दुबई, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव ने शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ मैदान पर आखिरी बार कवर्स में पंच मारकर भारत को सुपर ओवर में जीत दिलाई थी। लेकिन अंत में हुए इस नाटक के शुरू होने से बहुत पहले ही, ऐसा लग रहा था कि वह एक छोटे से खराब प्रदर्शन से प्रभावित होने लगे हैं।

भारत के पहले बल्लेबाजी करते समय, जब वह पगबाधा की अपील पर रिव्यू लेने का फैसला किया, तो शायद यह जानते हुए कि वह पगबाधा आउट हो चुके हैं, यह इस बात की पुष्टि करता है कि टी-20 क्रिकेट के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक, एक साधारण बल्लेबाज था, जिसने पिछले तीन मैचों में 12, 5 और 0 के स्कोर बनाए थे। ये स्कोर के एक व्यापक समूह का हिस्सा हैं जो ज्यादा आक्रामक हैं। इस साल दस पारियों में, भारत के टी-20 कप्तान ने 110 की स्ट्राइक रेट से तीन शून्य के साथ सिर्फ




99 रन बनाए हैं। अगर आप थोड़ा और पीछे जाएं, जून 2024 में भारत की टी-20 विश्व कप जीत के ठीक बाद से लेकर अब तक, तो ये आंकघ्े थोड़े ही बेहतर होते हैं: 19 पारियों में दो अर्द्धशतकों के साथ 329 रन। सूर्यकुमार के ऊंचे मानक उनके इस फॉर्म को खोखला कर देते हैं। और ऐसा किसी स्पष्ट कमजोरी या बड़ी खामियों की वजह से नहीं है, हालांकि उनकी पूर्व-योजना बनाने की आदत - जैसे कि वह पिक-अप फ्लिक जिसे वह ज्यादातर बेपरवाही से खेलते हैं - इस एशिया कप में ही कई बार उनके पतन का कारण बनी है। सूर्यकुमार के लिए, यह खराब प्रदर्शन ऐसे समय में आया है जब अलग-अलग कारणों से सुर्खियां उन पर बनी हुई हैं-उनके हाव-भाव, टिप्पणियां, प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुटकुले और सबसे बड़ी बात, हाथ मिलाने का मामला। इसके अलावा अनुशासनात्मक सुनवाई और बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल भी हुए हैं। इसके बावजूद भारत का अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंचना उन्हें राहत दे रहा है। सूर्यकुमार के मामले में विरोधाभास साफ दिखाई देता है क्योंकि उन्होंने मैच के दिनों की चकाचौंध से दूर, बल्लेबाजी को कितनी सहजता से किया है। एशिया कप के पहले हाफ में ट्रेनिंग के दौरान, उन्होंने किसी भी बल्लेबाज की तरह ही शानदार बल्लेबाजी की, जिससे यह साबित होता है कि वह एक खतरनाक ऑलराउंड बल्लेबाज क्यों हैं। हालांकि, मैच के दिनों में, उनकी बेरुखी और कभी-कभी, कुछ खास शॉट लगाने की बेताबी साफ दिखाई देती है। शुक्रवार को, सूर्यकुमार को एक बेजान मैदान में अपनी लय हासिल करने का मौका मिला।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक आग से झुलसा परिवार वालों ने लगाया जलाने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के मझोला थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में आग से झुलस गया, युवक के परिवार के लोगों का आरोप है कि कुछ लोगों ने युवक को जलाकर मारने का प्रयास किया है, फिलहाल गंभीर हालत में युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है,मामले की जानक. ारी लगते ही मझोला थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।युवक के आग से जलने की इस घटना से क्षेत्र के लोगों में हड़कंप का मचा रहा। बताया जा रहा है कि मझोला थाना क्षेत्र के नया मुरादाबाद का रहने वाला रितिक सिंह पुत्र विश्वदीप सिंह, झांकी और फोटोग्राफी का काम करता है।

शनिवार को रितिक सिंह संदिग्ध परिस्थितियों में नया मुरादाबाद इलाके में ही आग से झुलस गया, मामले की जानकारी लगते ही परिवार के लोग आनन फानन में युवक रितिक को झुलसी हालत में लेकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है। युवक के आग से जलने की सूचना लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। युवक रितिक की बहन ने आरोप लगाया है कि उसके भाई को कुछ लोगों ने पेट्रोल डालकर जलाया है, युवक के परिजनों की शिकायत पर मझोला थाना पुलिस ने फिलहाल मामले की छानबीन शुरू कर दी है।



# विवाहिता को ससुराल पक्ष के लोगों ने लगाई फांसी, इलाज के दौरान मौत

■ मृतका के भाई ने दर्ज कराया था पति सास, ससुर पर मुकदमा

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मल्लपुर जन्नू में विवाहिता को फांसी लगाकर हत्या करने का प्रयास किया। इस मामले में भाई ने कोतवाली में पति सास ससुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

विवाहिता की इलाज के दौरान मौत हो जाने पर पुलिस ने सास और ससुर को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। जिला संभल के थाना असमोली के गांव नगला नीडर के रहने वाले छत्रपाल सिंह पुत्र बसंत सिंह ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था कि 19 सितंबर को करीब 11 बजे के वक्त उसकी बहन सोनाली को दहेज के लिए प्रत्याड़ित किया गया और जान से मारने की को. शिश भी की गई। विवाहिता को फांसी पर लटका का जान से करने का प्रयास किया।

इस मामले में पुलिस ने पति योगेंद्र के अलावा सास शीला, ससुर खानचन्द के विरुद्ध दहेज के लिए प्रत्याडिघ्त करने और हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था। 26 सितंबर को सोनाली की मुरादाबाद में इलाज के दौरान मौत हो गई श। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सास शीला तथा ससुर खानचंद को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया जबकि पति योगेंद्र की तलाश चल रही है।

## एक नजर

## नृपेंद्र कसाना ने सफाई कर्मियों को राशन वितरित कर पत्रकारों को किया सम्मानित



**कांठ( शाह टाइम्स )** बेगमपुर गांव के रहने वाले नृपेंद्र कसाना ने समाज सेवा को आगे बढाते हुए आज नगर पंचायत कांठ के सफाई कर्मचारियों को वैश्य विश्नोई मंदिर के पास बाजार में राशन का वितरण किया और पत्रकारों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सभी सफाई कर्मियों से कहा कि सफाई कर्मी हमारे समाज का अहम हिस्सा होते हैं।

उन्हीं के द्वारा हम स्वच्छ वातावरण में रह पाते हैं उन्होंने सभी सफाई कर्मियों को राशन वितरण कर समाज सेवा की एक मिसाल कायम की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को भी सम्मानित करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं और इनका सम्मान करना समाज का सम्मान करना है इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## नवरात्रों में पांच गांव की परिक्रमा कर निकाली कलश यात्रा



**सुरजननगर।** सुरजननगर चौकी क्षेत्र के बलिया में गत वर्ष की भांति इस वर्ष नवरात्रों में पांच गाँव की परिक्रमा कर कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा बिजनोर जिले के गांव जयनगर में बहती राम गंगा के तट से 101 महिलाओं व कन्याओ द्वारा अपने अपने कलश में जल भर पुजा अर्चना कर शुरू की जयनगर, सुरजननगर बहापुर ,नाजर पट्टी ,बल्लमगढ़ बलिया आदि मार्गो से होती हुई अपने गंतव्य चामुण्डा मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में महिलाएं लाल चुन्नी पहनकर सर पर कलश धारण कर सड़कों पर निकली। शोभा यात्रा के दौरान माता के स्वरूप भी बनाए गए जिन्हें देखकर माहौल भक्तिमय हो गया। इस पावन अवसर पर राजपाल सिंह अशोक चंद्रपाल ओम प्रकाश भावना संगीता अर्चना कमलेश लीलावती सहित काफी भीड़ मौजूद रही। सुरक्षा के लिए कलश यात्रा में सुजन नगर पुलिस चौकी प्रभारी ओमकार सिंह वह अन्य पुलिसकर्मी भी व्यवस्था बनाते दिखाई दिये।

# मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** को उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति अभियान 5.0 के पांचवें चरण के अंतर्गत विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश कुमारी ने विद्यालय के छात्र व छात्राओं को बालिकाओं एवं महिलाओ के साथ होने वाली घरेलू हिंसा, बच्चों के साथ होने वाली हिंसा , यौन उत्पीड़न ,बाल श्रमिक आपराधिक, दहेज संबंधित अपराध ,एसिड अटैक जैसे अपराधिक घटनाओं से संबंधित हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। साथ ही बालिका सुरक्षा हेतु पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया । स्लोगन व पोस्टरों के माध्यम से समाज में फैली सामा. जिक बुराइयों को दूर करने की अपील की गई तथा समाज को इन बुराइयों से मुक्त करके एक स्वस्थ राष्ट्र बनाने की बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका रेणुका ने किया । बालिका सुरक्षा हेतु पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन रेणुका व प्रीति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9 की छात्रा रूबीना तथा कक्षा 10 की छात्रा मीनाक्षी को शक्ति परी के रूप में चयन किया गया। साथ ही शक्ति मंच की स्थापना भी की गई। जिसमें स्वाति सैनी ,रिमशा ,उजमा, रहनुमा कौसर ,निशा, अलकाशिया, अलीशा, अलफिजा , इरम रानी ,जहरा खातून ,जसी ,अतूफा जैनब प्राची, प्रतीक्षा, गुलनिशा अनुराधा, कनिका ,मेहरिन, मिस्बाह ,सिद्रा आदि उपस्थित रही।



# रामरतन इंटर कॉलेज में संकुल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** रामरतन इंटर कॉलेज के मैदान में संकुल स्तरीय प्रतियोगिता के द्वितीय दिन भारी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। राम रतन इंटर कॉलेज के मैदान में द्वितीय दिन 800 मी सीनियर वर्ग में अभिषेक यादव डॉक्टर देवेंद्र पाल सरस्वती इंटर कॉलेज से प्रथम स्थान, सुमित कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज से द्वितीय स्थान,विपिन मौर्य राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट से तृतीय स्थान पर रहे, 800 मिटर जूनियर वर्ग में मुकुल यादव डॉ देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज से प्रथम स्थान,मनोज कुमार राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट से द्वितीय स्थान, सतीश कुमार कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज से तृतीय स्थान पर रहे, 600 मिटर जूनियर वर्ग में रेशु यादव कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज से प्रथम स्थान, विनय कुमार डॉ देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज से द्वितीय स्थान तथा सुयास लक्ष्मण सरस्वती विद्या मंदिर से तृतीय स्थान पर रहे, 1500 मी सीनियर वर्ग में राजीव कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज से प्रथम स्थान पर ऋतिक डॉ देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर से द्वितीय स्थान तथा शिवम कुमार सरस्वती मीरा अग्रवाल इंटर कॉलेज से तृतीय स्थान पर रहे ,1500 मिटर जूनियर वर्ग में वैभव कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज से प्रथम स्थान, मुकेश सरस्वती मीरा अग्रवाल इंटर कॉलेज अमरपुर काशी द्वितीय स्थान, वैभव डॉ देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से तीर्थ स्थान पर रहे, 3000 मी सीनियर वर्ग में राजीव कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज से प्रथम स्थान पर हिम्मत सिंह सरस्वती इंटर कॉलेज से द्वितीय स्थान पर विवेक राजकीय इंटर कॉलेज तृतीय स्थान पर रहे, 3000 मीटर जूनियर वर्ग में वैभव कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज से प्रथम स्थान, बलविंदर डॉक्टर देवेंद्र पाल सरस्वती इंटर कॉलेज से द्वितीय स्थान तथा नितिन आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से तृतीय स्थान पर रहे। ऊंची कूद सीनियर वर्ग में उमेश सरस्वती शिशु मंदिर बिलारी से प्रथम स्थान , रितिक डॉक्टर देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज से द्वितीय स्थान तथा मुकेश सरस्वती मीरा अग्रवाल इंटर कॉलेज से तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में वैभव डॉ देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज से प्रथम स्थान पर तथा अवनीश कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज से द्वितीय स्थान पर रहे, सव जूनियर वर्ग ऊँची कूद में दीपक कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज से प्रथम स्थान पर जीवेश द्वितीय स्थान पर तथा। रमन मीरा अग्रवाल इंटर कॉलेज अमरपुर काशी से तृतीय स्थान पर रहे।

इस अवसर पर रघुपति देव प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट,रामकृष्ण प्रधानाचार्य राम रतन इंटर कॉलेज बिलारी, आशीष जादौन प्रधानाचार्य कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज अमरपुर काशी,राम रतन इंटर कॉलेज से पुष्पेंद्र, रामवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, योगेंद्र वर्मा, आनंद कुमार, खेल प्रभारी रणविजय सिंह मौजूद रहें।



## एनएसएस इकाई ने स्वछता की दिलाई शपथ



**मुरादाबाद।** हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज की एन एस एस इकाई द्वारा स्वछता पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यालय के छात्रों एवं स्टॉफ को भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से स्वच्छता का महत्त्व समझाया गया। हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज की एन एस एस इकाई द्वारा स्वछता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वछता की शपथ दिलाई गयी। अपने आस पास गंदगी न होने दें इस अवसर पर कॉलेज स्टॉफ के साथ साथ अन्य व्यक्ति भी मौजूद रहे, तथा कार्यक्रम अधिकारी श्री मुशाहिद हुसैन के निमंत्रण पर ष्न्दकमत म्कनबंजपवदंस क्मेपहदपदह ॅमसंितम ज्तनेजष्की अध्यक्ष श्रीमती पूनम गुप्ता एवं उनकी सहायक कुं. दिव्या शर्मा ने ष्स्वदेशी उधमिता प्रोत्साहन ष्के साथ साथ स्वच्छता के बारे मे जानकारी दी.और बताया कि हम सब का यह कर्तव्य है कि हर जगह हर समय हमें स्वच्छ रहने एवं रखने की शिक्षा देनी हैं। कार्यक्रम का संचालन एन एस एस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी मुशाहिद हुसैन ने किये।

## वायरल बुखार से तीन मौतों के बाद गांवों के अंदर चला सफाई अभियान



**मूंढापांडे।** शनिवार को विकास खण्ड मूंढापाण्डे की सात संवेदनशील ग्राम पंचायतों से मछरिया ,गोविंदपुर कलां ,डिलरा,रायपुर ,सिरसखेड़ा ,बरबारा खास ,सरकड़ा खास एवं मोहम्मदपुर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया जिसमें सफाई कर्मचारियों के समूह व ट्रेक्टर ट्रोली लगाकर गांवों में नाला-नालियों की सफाई, जलाशयों सफाई, जल भराव वाले स्थानों की सफाई, कूड़ा करकट वाले स्थानों की सफाई, झड़ियों की कटाई, ग्रामीण क्षेत्रों में एण्टीलार्वा का छिड़काव, फॉगिंग आदि कार्य कराये गये ,सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) देवेश कन्हैया के द्वारा ग्राम पंचायतो का निरिक्षण किया गया व रात्रि में सभी ग्राम पंचायतो में फोगिंग करने के लिए ग्राम पंचायत सचिवो को निर्देशित भी किया गया,लालाटीकर, रसूलपुर नगली में साफ सफाई नहीं होने की वजह से और बाढ़ के पानी जमा होने के कारण मच्छर पैदा हो गए जिसके कारण वायरल बुखार की वजह से तीन मौतें हो गई थी, जिसके बाद मुरादाबाद सीएमओ ने खुद दोनों गांवों के अंदर डेरा डाला था और मरीजों की जांच कराकर दवाई दी गई थी।

# पंचायत भवन सभागार में महिलाओं के सम्मान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिलाओं के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन शहर के सिविल लाइन्स क्षेत्र पंचायत भवन सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।पंचायत भवन सभागार में मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में नारी उत्थान केन्द्र के काउंसलरों को उत्कृष्ट कार्य करने पर स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआईजी मुनिराज जी ने मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत आयोजित विभिन्न नाटकों के सुन्दर प्रस्तुती देने पर छात्राओं को बधाई दी।उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा बहुत सारे हेल्प नम्बर संच. ालित किए गये हैं, महिलाओं के लिए थाने स्तर पर महिला हेल्प डेस्क स्थापित किये गये हैं, जिसके अन्तर्गत थाने पर आने वाली महिलाओं की शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उसका त्वरित व सम्यक् निस्तारण कराया जाता है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत आज यहां कार्यक्रम आयोजित कर फेज-1 से 5.0 तक की प्रगति के संबंध में अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा एवं उत्थान हेतु पुलिस सदैव तत्पर है।जिला पंचायत अध्यक्ष डा शेफाली सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य नारी सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण को मजबूत करना है, जिसमें महिलाओं के समग्र विकास के लिए सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक आत्मनिर्भरता पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है, यह पहल महिलाओं के लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करती है और समाज में उनकी सकारात्मक भागीदारी को बढ़ावा देती है।कार्यक्रम में बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं तथा नन्हीं चिड़ियां संस्था की संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता, कौशल्या इंटर कालेज की प्रधानाचार्या डा. मधुवाला त्यागी, काउं. सलर डा. पूनम बंसल, नीलू मेहरोत्रा, सत्यवती सक्सेना, डा. जी कुमार, डा. संगीता चौहान, डा. एम.पी. सिंह, डा. वबिता, डा.रुचि तथा डा.संतोष आनंद ने मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए नारी सुरक्षा, नारी सम्मान नारी स्वावलंबन पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम का संच. ालन रितु नारंग ने किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह,सीओ कोतवाली सुनीता दहिया सहित विभिन्न स्कूलों की छात्राएं उपस्थित रहीं।



## जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप लगाकर कराई जांच



**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव कुकरझुंडी (मझरा लालपुर पुरोहित) में गांव के अफजाल पुत्र खलील ने गांव में कुछ नंबरों की जमीन पुरानी प्रति, कबीर पंथी आदि नंबरों पर अवैध कब्जे का आरोप लगा कर पी आई एल कोर्ट में डाला था जिसकी जांच करने राजस्व विभाग की टीम में तहसीलदार, कानूनगो, विजेंद्र सिंह,लेखपाल अंकुश सिंह आदि की राजस्व टीम जांच करने आई थी। जिसने शिकायती रकबे की मौके पर नापतोल कर जांच की। इस मौके पर राजस्व टीम के साथ शांति व्यवस्था बनाने के लिये पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।बही दबी जुबान से बुजुर्ग ग्रामीणों का कहना है हमारे गांव में पूर्वजों से ऐसा कोई विवाद नहीं है ये सिर्फ गांव में शांति व्यवस्था भंग करने के लिये किया जा रहा है यहां सभी धर्म के लोग शांति के साथ रहते हैं।

# आईएफटीएम में 'विश्व पर्यटन दिवस' के अवसर पर 'स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता' का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के होटल मैनेजमेंट विभाग एवं स्टूडेट्स डेवलेपमेंट सेल की ओर से 'विश्व पर्यटन दिवस' के अवसर पर ऑनलाइन 'स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिवस बताता है कि पर्यटन न सिर्फ यात्राओं तक सीमित है, बल्कि यह समृद्धि और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का साधन भी है। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने में प्रभावशाली स्लोगन की विशेष भूमिका होती है तथा अच्छे स्लोगन का पर्यटकों के मन मस्तिष्क पर विशेष प्रभाव पड़ता है। वहीं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने इस प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने में इस तरह की प्रतियोगिताओं का अत्यधिक महत्व होता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के मंच युवाओं को प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बनने की भावना का विकास में विशेष भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह जानकारी भी दी कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 80 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज की बी.एससी- बीएड, तृतीय वर्ष की छात्रा ओजस्वी प्रथम तथा स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के बी.कॉम, प्रथम वर्ष की छात्रा अनन्या त्यागी द्वितीय स्थान पर रहीं। इस मौके पर स्कूल की निदेशिका डॉ. अग्रवाल ने विजेता छात्राओं के साथ ही अन्य सभी प्रतिभागियों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु कामना करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में हार जीत लगी रहती है, लेकिन निरंतर आगे बढ़ते रहने का प्रयास करने से सफलता के शिखर तक पहुंचा जा सकता है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में स्टूडेंट्स डेवलेपमेंट सेल की समन्वयिका डॉ. आरती गर्ग के अलावा डॉ. मेघा भाटिया, डॉ. स्वाति राय अक्षय आदि फैकल्टी मैम्बर्स की विशेष भूमिका रही।

## खेत की मेढ़ को लेकर विवाद ग्रामीणों ने लगाई पुलिस से गुहार

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरनगर में खेत की मेढ़ को लेकर दो पक्षों में विवाद खड़ा हो गया है। गांव के काश्तकार छत्रपाल सिंह और हरि सिंह का आरोप है कि उनके पड़ोसी ओमप्रकाश सिंह और उसके पुत्र पप्पू व सोनू ने उनकी खेत की मेढ़ काटकर अपने खेत में मिला ली और 12 सितंबर को उसमें चना बो दिया।प्रार्थियों का कहना है कि उन्होंने इसका विरोध किया तो विपक्षियों ने गाली-गलौज कर दी और जान से मारने की धमकी दी। उनका आरोप है कि विपक्षी लोग बदमाशी के बल पर उनकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी पैमाइश कराई जा चुकी थी और विपक्षियों के मकान की नींव उसी के अनुसार भरी गई थी, लेकिन अब वे उनकी जमीन में घुसपैठ कर रहे हैं। गांव के सम्मानित लोगों ने समझाने की को. शिश की, मगर कोई असर नहीं हुआ।पीड़ितों ने थाना दिवस पर पुलिस और प्रशासन से मांग की है कि हल्का लेखपाल की मौजूदगी में पुलिस बल के साथ पैमाइश कराकर मेढ़ को सही स्थान पर सीधा कराया जाए और वही पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## अब महानगर में गूंजे आई लव महादेव और आई लव योगी, मोदी के नारे



**मुरादाबाद।** हाल के दिनों में देशभर में आई लव मुहम्मद और आई लव महादेव लिखे पोस्टर्स का चलन तेजी से बढ़ा है। इसी क्रम में मुरादाबाद के लाजपत नगर क्षेत्र में शनिवार को एक अलग ही नजारा देखने को मिला, जब आई लव मोदी और आई लव योगी के नारे भी गूंजने लगे।

कार्यक्रम का नेतृत्व बीजेपी पार्षद विवेक शर्मा ने किया। लाजपत नगर स्थित नारायण मंदिर परिसर के बाहर आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने हाथों में आई लव महादेव, आई लव मोदी और आई लव योगी लिखे पंपलेट्स लेकर नारे लगाए। तिरंगे झंडों के साथ लोगों ने माहौल को देशभक्ति और धार्मिक उत्साह से भर दिया। मंदिर परिसर में गूंजते नारों ने पूरे क्षेत्र का वातावरण जीवंत कर दिया।इस मौके पर पार्षद विवेक शर्मा ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है।

जहाँ सभी धर्मो को समान आदर और प्रेम दिया जाता है। उन्होंने कहा कि उनके इष्ट महादेव हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आधुनिक समय के महापुरुष और संत समान हैं। उन्होंने कहा कि इन नारों और पंपलेट्स के जरिए लोगों ने सिर्फ अपना प्रेम और सम्मान प्रकट किया है।स्थानीय निवा. सियों का कहना था कि इस तरह के आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और धर्म एवं राष्ट्र के प्रति एकजुटता की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## शंकर सहाय हर सहाय इंटर कॉलेज में संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**बिलारी।** 22 से 24 सितम्बर तक तीन दिवसीय संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता बालिका वर्ग का आयोजन शंकर सहाय हर सहाय इंटर कॉलेज बिलारी में किया गया। जिसमें आर पी वी एम इं कालेज स्योंडारा की ओर से विभिन्न खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए सब जूनियर 100 मीटर की दौड़ में दसवीं कक्षा की मंजू ने तथा 800 मीटर में नवी कक्षा की किरन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 400 मीटर की दौड़ सब जूनियर में दसवीं कक्षा की पूनम यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में 800 मीटर दौड़ में कक्षा ग्यारहवीं की निशा कुमारी,400 मीटर दौड़ में दसवीं कक्षा की रीना ने भी तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग की ही गोला फेंक प्रतियोगिता में कक्षा बारहवीं की लल्तेश ने तृतीय स्थान एवं जूनियर वर्ग भाला प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा की भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां।बालक वर्ग प्रतियोगिता में भी कक्षा दसवीं के नितिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की प्रभारी कालेज की प्रवक्ता डॉ अनुपम गुप्ता एवं सह क्रीड़ा प्रभारी पूजा यादव रहीं। बालक वर्ग के प्रभारी सुदेश कुमार रहे। प्रधानाचार्य ने छात्राओं को मैडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर मनोबल बढ़ाया।

# पाक पीएम के यूएन में बयान बेतुके: भारत

## भारतीय राजनयिक पेटल गहलोत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा: जले हुए एयरबेस जीत हैं, तो जश्न मनाएं

**वाशिंगटन।** भारत ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने और झूठ बोलने का आरोप लगाया है। भारतीय राजनयिक पेटल गहलोत ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में कहा कि पाकिस्तान के पीएम ने बेतुके नाटक किए। वे आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं, जो उनकी विदेश नीति का हिस्सा है। कोई भी ड्रामा या झूठ सच को नहीं छिपा सकता। गहलोत ने शरीफ के मई संघर्ष के दावों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि 9 मई तक पाकिस्तान भारत पर हमले की धमकी दे रहा था।

10 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस को नष्ट कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने जंग रोकने की गुहार लगाई। अगर जले हुए हवाई अड्डे जीत हैं, तो पाकिस्तान इसका जश्न मनाए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को यूएन में भारत को दुश्मन बताया। साथ ही दावा किया कि भारत के साथ हुए संघर्ष में पाकिस्तान की जीत हुई थी और भारत के 7 विमान गिराए थे। गहलोत ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सभी मुद्दे द्विपक्षीय बातचीत से हल होंगे। इसमें किसी तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान के शांति के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनका देश नफरत में डूबा है। भारत ने साफ किया कि वह आतंकवाद के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति अपनाएगा। गहलोत ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के बहावल. पुर और मुरीदके में मारे गए आतंकियों का जिक्र किया और कुख्यात आतंकवादियों को श्रद्धांजलि और सम्मान देने का भी आरोप लगाया। गहलोत ने आगे कहा कि एक तस्वीर हजार शब्द बयां करती है और हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहावलपुर और मुरीदके के आतंकी परिसरों में मारे गए आतंकवादियों की कई तस्वीरें देखीं। जब पाकिस्तानी सैन्य और अधिकारी खुलकर आतंकवादियों को श्रद्धांजलि देते हैं, तो क्या इससे शासन पर संदेह नहीं होगा? लश्कर के आतंकी ठिकाने मुरीदके में पाकिस्तानी सैनिकों के लोग आतंकियों के नमाज-ए-जनाजा में शामिल हुए थे। तस्वीर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की है। कोर कमांडरों को जनाजे में शामिल होने और वर्दी में उसकी सुरक्षा करने के लिए कहा गया था।

गहलोत ने जोर देकर कहा कि सच्चाई यह है कि पहले की ही तरह, पाकिस्तान भारत में बेगुनाहों पर आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार है। हमने अपने लोगों की रक्षा करने और जवाब देने के अधिकार का प्रयोग किया है, साथ ही अपराधियों को न्याय के कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने पाकिस्तान से तुरंत सभी आतंकवादी शि. विरों को बंद करने और सभी आतंकवादियों को सौंपने की मांग की। गहलोत ने चेतावनी दी कि भारत 'परमाणु ब्लैकमेल' के आगे झुके बिना आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों दोनों को जवाबदेह ठहराएगा। गहलोत ने बताया कि इस साल अप्रैल में पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक आतंकी संगठन को बचाया था।



■ पीएम शरीफ ने कहा था भारत से हुए संघर्ष में पाक की जीत हुई थी, भारत के सात विमान गिराए थे

### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों का एक्शन, 17 टीटीपी आतंकवादी ढेर, हथियार भी जब्त

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े 17 आतंकवादियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारी शहबाज इलाही के अनुसार, यह कार्रवाई शुक्रवार को फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) और पुलिस की संयुक्त खुफिया जानकारी पर आधारित ऑपरेशन थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार करक जिले में मिली विश्वसनीय सूचना के आधार पर यह अभियान चलाया गया था। इलाके में टीटीपी और नजीर ग्रुप से जुड़े आतंकवादी मौजूद थे। ऐसे में जब सुरक्षा बल आतंकवादियों के करीब पहुंचे, तो आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में 17 आतंकवादी मारे गए और उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ।



हैदराबाद। भारी बारिश के बाद उफनती मुसी नदी पर बना पुल पानी में डूबा हुआ

### अमेरिका की चीन का मुकाबला करने के लिए ड्रोन तैनात करने की योजना लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका की चीन का मुकाबला करने के लिए हजारों अत्याधुनिक ड्रोन तैनात करने की योजना अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल अखबार ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक इस पहल में चीन का मुकाबला करने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हज़ारों ड्रोन खरीदना और तैनात करना शामिल था। दो साल पहले शुरू किया गया रेप्लिकेटर कार्यक्रम फरवरी-अगस्त 2025 में लागू होना था। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी सैन्य कर्मियों को यह समझने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा कि इस कार्यक्रम की कुछ प्रणालियों का ज़मीनी स्तर पर कैसे उपयोग किया जाए।

# इजरायली हमलों में 38 लोगों की मौत

## युद्धविराम की मांगों को नेतन्याहू ने किया नजरअंदाज



**गाजा।** इजरायल द्वारा गाजा में बीती रात किए गए हवाई हमलों में कम से कम 38 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिक. ारियों ने बताया कि भले ही इजरायल पर युद्धविराम को लेकर अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हमले जारी रखने पर अड़े हुए हैं। शनिवार तड़के मध्य और उत्तरी गाजा में हुए हमलों में कई लोग अपने घरों में मारे गए।

इनमें नुसेरात शरणार्थी शि. विर में एक ही परिवार के नौ सदस्य शामिल थे। उनके शव अल-अवदा अस्पताल लाए गए हैं। शनिवार सुबह गाजा सिटी के तुफाह इलाके में एक घर पर किए गए हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। जिनमें आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे थे। शरणार्थी शिविर में हुए एक और हवाई हमले में चार और लोगों की मौत हुई। गाजा सिटी के अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र ढहने की कगार पर हैं। लगभग दो हफ्ते से जारी हमलों में दो क्लिनिक पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं। दो अस्पताल क्षतिग्रस्त होकर बंद हो गए और बाकी अस्पताल दवाओं, उपकरणों, भोजन और ईंधन की कमी से जूझ रहे हैं। कई डॉक्टरों और नर्सों को अस्पताल छोड़ना पड़ा है। जिससे केवल कुछ ही लोग गंभीर मरीजों और बच्चों की देखभाल कर पा रहे हैं। शुक्रवार को 'डॉक्टर्स विदआउट बॉर्डर्स' ने गाजा सिटी में अपनी सेवाएं निलंबित कर दीं। संगठन ने बताया कि इजरायली टैंक उनके स्वास्थ्य केंद्रों से आधा मील दूर तक पहुंच गए हैं और उनके कर्मचारियों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। उत्तरी गाजा में खाद्य संकट की स्थिति और बिगड़ गया है। इजरायल ने 12 सितम्बर से यहां राहत सामग्री की आपूर्ति रोक दी थी और संयुक्त राष्ट्र की बार-बार की गई अपीलों को भी खारिज कर दिया था।

# यूएन में नेतन्याहू के भाषण का बायकॉट

**वाशिंगटन।** इजरायली पीएम नेतन्याहू के भाषण का संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में बायकाट किया गया। नेतन्याहू ने शुक्रवार को जैसे ही यूएन महासभा में स्पीच देना शुरू किया, 50 देशों के सौ डिप्लोमैट्स हाल से बाहर चले गए। वाकआउट करने वाले देशों में ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा, आस्ट्रेलिया सहित वे देश शामिल थे जिन्होंने हाल ही में फलस्तीन को मान्यता दी है। अमेरिका और ब्रिटेन के प्रतिनिधि कक्ष में मौजूद रहे, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों की जगह जूनियर राजनयिक बैठे थे। हालांकि, नेतन्याहू ने भाषण जारी रखा। नेतन्याहू ने कहा कि पिछले एक साल में हालात बदल गए हैं।

## इजरायली पीएम बोले: सभी दुश्मनों को खत्म किया



■ गिरफ्तारी से बचने को पांच देशों का एयरस्पेस छोड़कर नेतन्याहू अमेरिका पहुंचे

■ नेतन्याहू ने फलस्तीन को देश की मान्यता देने का विरोध किया

इजरायल ने अपने सभी दुश्मनों को खत्म कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि इजरायल ने यमन में हूती, गाजा में हमास, लेबनान में हिजबुल्लाह, सीरिया में असद और सबसे अहम ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को तबाह कर दिया। नेतन्याहू के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट का वारंट जारी है, ऐसे में वे आज यूएन में बैठक में शामिल होने के लिए रास्ता बदलकर न्यूयार्क पहुंचे। नेतन्याहू 5 यूरोपीय देशों के एयरस्पेस से बचते हुए 600 किमी एक्स्ट्रा ट्रैवल करके अमेरिका पहुंचे। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान का बैलिस्टिक मिसाइल और परमाणु प्रोग्राम सिर्फ इजरायल को खत्म करने के लिए नहीं है, बल्कि उसका मकसद अमेरिका को धमकाना और दुनियाभर के देशों पर दबाव बनाना भी है। नेतन्याहू ने कहा कि जब वे पिछली बार यूएन में खड़े हुए थे, तब ईरान अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ा रहा था और उसके समर्थक हमास और हिजबुल्लाह, इजरायल को लगातार निशाना बना रहे थे। लेकिन अब इजरायल इन खतरों को मिटा चुका है। नेतन्याहू ने बताया कि ईरान के साथ-साथ अल कायदा, हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठन अमेरिकी और यूरा. पीय लोगों की हत्या में शामिल थे। नेतन्याहू ने मिडिल ईस्ट की फोटो दिखाकर बताया कि इजरायल ने किन-किन दुश्मनों को खत्म कर दिया है।

नेतन्याहू ने भाषण के दौरान क्यूआर कोड वाला बैज पहना था। यह क्यूआर कोड 7 अक्टूबर, 2023 के हमास हमले से जुड़ी एक वेबसाइट से लिंक करता है। नेतन्याहू ने कहा कि गाजा युद्ध मिडिल ईस्ट में शांति लाएगा और इससे अब्राहम अकार्ड मजबूत होगा। इसके साथ ही उन्होंने कई पश्चिमी देशों की तरफ से फलस्तीन को देश की मान्यता देने का विरोध किया। उन्होंने इसे गलत बताते हुए कहा कि इससे हमास जैसे समूहों को बढ़ावा मिलेगा और यहूदी व अन्य लोगों पर हमले बढ़ेंगे। उन्होंने 7 अक्टूबर, 2023 के हमले की तुलना अमेरिका के 11 सितम्बर, 2001 के हमले से की।

# नाइजीरिया में सोने की खदान धंसी, 100 की मौत

## एक स्थानीय निवासी ने बताया: अब तक 13 शव निकाले गए, जिसमें उनका चचेरा भाई भी शामिल है

**मईडुगुरी।** नाइजीरिया के जाम्फारा राज्य में सोने की खदान धंसने से कम से कम 100 मजदूरों के मारे जाने की आशंका है। घटना कदौरी खदान स्थल, मरू स्थानीय प्रशासन क्षेत्र में बृहस्पतिवार को हुई, जब दर्जनों खनिक भूमिगत होकर काम कर रहे थे।

स्थानीय निवासी सानुसी आउवाल ने बताया कि अब तक 13 शव निकाल लिए गए हैं, जिनमें उनका चचेरा भाई भी शामिल है। बचने वाले मजदूर इस हादसे से गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है। बता दें कि जाम्फारा खनिक संघ के मुहम्मदू ईसा ने बताया कि बचावकर्मी भी दम घुटने से प्रभावित हुए। अवैध खनन इस क्षेत्र में आम है और अक्सर सशस्त्र गिरोह खानों पर नियंत्रण रखते हैं, जिससे दुर्घटनाओं और हिंसा का खतरा बढ़ जाता है। पुलिस प्रवक्ता



याजिद अबुबाकर ने अभी तक घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की। पिछले सप्ताह नाइजीरिया के एक संवेदनशील इलाके में हथियारबंद लोगों ने घात लगाकर हमला किया था। इसमें 14 नाइजरियाई सैनिक मारे गए। यह जानकारी देश के रक्षा मंत्री ने एक बयान में दी। इस पश्चिमी अफ्रीका देश में बढ़ते बढ़ते चरमपंथी हमलों में यह ताजा हमला है। यह हमला बुधवार को तिल्लाबेरी क्षेत्र में हुआ, जो पहले से ही हिंसा और उग्रवाद के लिए कुख्यात है। सरकारी टेलीविजन आरटीएन पर शनिवार रात प्रसारित एक बयान में बताया गया कि यह हमला उस समय हुआ जब सेना की एक इकाई को तिल्लाबेरी के बाहरी इलाके में तैनात किया गया था। उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि कुछ हथियारबंद लोग मोटरसाइकिलों पर सवार होकर डकैती कर रहे हैं। रक्षा मंत्री सालिफू मोदी ने कहा, यह डकैती की कोशिश वास्तव में एक जाल था, जिससे सैनिकों को घात में फंसाया गया। उन्होंने यह नहीं बताया कि हमले के पीछे किस समूह का हाथ है। नाइजीरिया में कई उग्रवादी समूह सक्रिय हैं, जो आम नागरिकों और सेना दोनों को निशाना बनाते हैं। इनमें इस्लामिक स्टेट से जुड़े संगठन भी शामिल हैं।

### पाकिस्तान के पंजाब में बाढ़ से 42 लाख लोग प्रभावित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मानसूनी बाढ़ से 42 लाख से जयादा लोग प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (यूएनओसीएचए) ने अपने आकलन में यह जानकारी दी। आकलन रिपोर्ट के मुताबिक प्रांतीय सरकार के साथ आठ से 18 सितम्बर तक संयुक्त रूप से किए गए इस सर्वेक्षण में 18 बाढ़ प्रभावित ज़िलों के लगभग 2,000 गांव शामिल थे।लगभग 28 लाख लोग विस्थापित एवं लगभग 161700 घर क्षतिग्रस्त हुए और स्वास्थ्य एवं शिक्षा के बुनियादी ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार 26 जून से 19 सितम्बर के बीच देश भर में लगभग 30 लाख लोगों को बचाया गया।

### बांग्लादेशी प्रवासी बोले: यूनुस पाकिस्तानी हैं, पाकिस्तान वापस जाओ

**वाशिंगटन।** बांग्लादेशी प्रवासियों ने शुक्रवार को न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र हेडक्वार्टर के बाहर मुख्य सलाहाकार मोहम्मद यूनुस के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने यूनुस को पाकिस्तानी करार देते हुए 'यूनुस इज पाकिस्तानी' और 'गो बैक टु पाकिस्तान' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारी बोले यूनुस बांग्लादेश को 'तालिबान जैसा देश' बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

■ बांग्लादेश को तालिबान जैसा देश बना रहे, हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का आरोप लगाया

उन्होंने कहा कि यूनुस इस्लाम-वादी ताकतों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने यूनुस पर अगस्त 5, 2024 में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से हटने के बाद अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूनुस के सत्ता में आने के बाद से मानवाधिकारों की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। कई लोग देश छोड़ने पर मजबूर हुए हैं। एक प्रदर्शनकारी ने एएनआई से कहा कि हम हिंदू, बौद्ध, ईसाई और अन्य अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के खिलाफ हैं। हम हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई की मांग करते हैं, जिन्हें यूनुस ने गैरकानूनी ढंग से जेल में कैद कर रखा है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शेख हसीना की सरकार को गैरकानूनी ढंग से हटाया गया। उनकी सरकार लो. कतांत्रिक थी। यूनुस ने सत्ता हड़प ली और अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए। प्रदर्शनकारी बोले: यूनुस के सत्ता में से कई लोग देश छोड़ने पर मजबूर हुए हैं।

# यमन में कबायली नेता की गोली मारकर हत्या

**अदन।** यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन में शुक्रवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक प्रमुख आदिवासी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। एक सुरक्षा अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

■ सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी हमलावरों की तलाश जारी

स्थानीय सुरक्षा अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रसिद्ध कबायली और साम. ुदायिक व्यक्ति शेख मेहदी अकरबी पर बेर अहमद क्षेत्र में गोलीबारी की गई, जब वे शुक्रवार की नमाज के लिए पास की मस्जिद जा रहे थे। अधिक. ारी के अनुसार, अकरबी बिना किसी सुरक्षाकर्मी के अकेले घूम रहे थे तभी हमलावरों ने उन पर गोलियां चला दीं, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अदन के एक अस्पताल ले जाया गया लेकिन बाद में उनकी मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। किसी भी समूह ने घटना की ज़िम्मेदारी नहीं ली है। निवा. सियों ने बताया कि हत्या के बाद, अकरबी के प्रति वफादार दर्जनों सशस्त्र कबायली लोग अदन के विभिन्न हिस्सों में तैनात हो गए, उन्होंने चौकियां स्थापित कर दीं और शहर में तनाव बढ़ गया।

### यूक्रेन आतंकियों को कामिकेज ड्रोन का आपूर्तिकर्ता बना: माली

**कीव।** माली के प्रधानमंत्री अब्दुलाये माइगा ने कहा है कि यूक्रेन पूरी दुनिया के आतंकवादी समूहों को कामिकेज ड्रोन का मुख्य आपूर्तिकर्ता बन चुका है। माइगा ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि यूक्रेनी शासन पूरी दुनिया के आतंकवादी समूहों को कामिकेज़ ड्रोन की आपूर्ति करने वाले प्रमुख देशों में से एक बन गया है। इसके मद्देनजर पश्चिमी देशों को यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति बंद कर देनी चाहिए क्योंकि इससे अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के प्रसार का खतरा है। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि यूक्रेन ने जुलाई 2024 में तिनजाउटेन में माली के सुरक्षा बलों पर हुए हमले में अपनी संलिप्तता की बात खुले तौर पर स्वीकार की थी।

# UNSC ईरान परमाणु समझौते को बढ़ाने में विफल

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद शुक्रवार को 2015 के ईरान परमाणु समझौते (जेस. ीपीओए) को छह महीने तक बढ़ाने वाला प्रस्ताव पारित करने में असफल रही जिससे ईरान को कूटनीति के लिए कुछ समय मिल जाता।

■ यह प्रस्ताव ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों की 'स्नैपबैक' प्रक्रिया को भी रोक देता

यदि यह मसौदा प्रस्ताव पारित हो जाता है तो यह ईरान और छह शक्तिशाली देशों ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, जर्मनी, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच हुए परमाणु समझौते को छह महीने के लिए और बढ़ा देता। साथ ही इसे समर्थन देने वाली सुरक्षा परिषद के संकल्प 2231 को भी विस्तार दे देता। यह ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों की 'स्नैपबैक' प्रक्रिया को भी रोक देता। चीन और रूस द्वारा प्रस्तुत मसौदा प्रस्ताव को चार वोट पक्ष में (अल्जीरिया, चीन, पाकिस्तान, रूस), नौ वोट विरोध में और दो तटस्थ मत (गुयाना, दक्षिण कोरिया) प्राप्त हुए। इसे पारित होने के लिए नौ सकारात्मक वोटों की आवश्यकता थी। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी (ई3) ने 28 अगस्त को ईरान के 'महत्वपूर्ण गैर-प्रदर्शन' का हवाला देकर स्नैपबैक तंत्र को सक्रिय करने का दावा किया था। हालांकि, ई3 की कार्रवाई की वैधता पर सवाल उठे हैं, क्योंकि उन्होंने विवाद समाधान तंत्र (डीआरएम) का पालन नहीं किया, जो जेसीपीओए और संकल्प 2231 के तहत विवाद सुलझाने के लिए 35 दिन का समय देता है। यह परिणाम 19 सितम्बर को दक्षिण कोरिया द्वारा प्रस्तुत एक समान प्रस्ताव की विफलता के अनुरूप है, जो प्रतिबंधों में राहत को जारी रखता। संकल्प 2231, जो जेस. ीपीओए को समर्थन देता है, 18 अक्टूबर, 2025 को समाप्त हो जाएगा। इसके बाद ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध के लिए अप्रासंगिक हो जाएंगे। चीन के उप स्थाई प्रतिनिधि गेंग शुआंग ने मतदान के परिणाम पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि संवाद और कूटनीति ही ईरान परमाणु मुद्दे का एकमात्र समाधान है। उन्होंने सभी पक्षों से शांति और संयम बरतने का आग्रह किया। रूस के प्रथम उप स्थाई प्रतिनिधि दिमित्री पोल्यांस्की ने कहा कि स्नैपबैक तंत्र लागू नहीं हुआ है और न ही होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि 2015 से पहले के प्रतिबंधों को फिर से शुरू करने की कोई कोशिश शून्य और अमान्य होगी। ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने स्नैपबैक को अस्वीकार करते हुए कहा कि ई3 ने जेसीपीओए और संकल्प 2231 का उल्लंघन किया है, जिसके कारण वे 'गैर-प्रदर्शन' का दावा करने का अधिकार खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 18 अक्टूबर, 2025 के बाद प्रतिबंधों का कोई भी विस्तार मान्य नहीं होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### डेटा केंद्र में आग लगने के बाद रोकी ऑनलाइन सेवाएं

**सोल।** दक्षिण कोरिया की सरकार ने राष्ट्रीय डेटा केंद्र में आग लगने के बाद ऑनलाइन सेवा पर रोक लगा दी है। योनहप समाचार एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मध्य शहर डेजॉन स्थित राष्ट्रीय सूचना संसाधन सेवा में शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात 08:20 बजे (11:20 जीएमटी) आग लग गई। आग इमारत की पांचवीं मंजिल पर स्थित कंप्यूटर कक्ष में लिथियम-आयन बैटरी में विस्फोट के कारण लगी थी। आग लगने के कारण 647 सरकारी ऑनलाइन सेवाओं और प्रणालियों का संचालन स्थगित कर दी गई।

### दक्षिण कोरिया में हुए गैस विस्फोट दुर्घटना में 28 लोग घायल

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में शनिवार को हुई गैस विस्फोट दुर्घटना में 28 लोग घायल हो गए। यह जानकारी योनहाप समाचार एजेंसी ने दी। यह विस्फोट स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10:17 बजे (0117 जीएमटी) ग्योंगगी प्रांत के यांगजू में एक सूखे वाष्पकक्ष में हुआ। घायलों में ग्राहक और कर्मचारी दोनों शामिल हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। विस्फोट के कारण आग तो नहीं लगी लेकिन दर्जनों ग्राहकों को बाहर निकलना पड़ा। अग्निशमन अधिकारियों ने बचाव कार्य के लिए 42 कर्मियों और 17 उपकरणों को भेजा। अधिकारी दुर्घटना के वास्तविक कारण की जांच कर रहे हैं।

### उत्तर-पश्चिमी चीन के गांसु में 5.6 तीव्रता का भूकंप

**लान्चो।** चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने शनिवार को कहा कि उत्तर-पश्चिम चीन के गांसु प्रांत के डिग्शी शहर के लोंगक्सी काउंटी में आज सुबह 5:49 बजे 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में 34. 91 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 104.58 डिग्री पूर्वी देशांतर में था। भूकंप का झटका डिग्शी शहर के लोंग्शी काउंटी, झांग्शियन काउंटी, वेइयुआन काउंटी और लिटाओ काउंटी तथा तियानशुई शहर के वुशान काउंटी में महसूस किया गया। स्थानीय सरकार के अनुसार, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### फ्रांस साहेल में आतंकियों का समर्थन जारी रखे हुए: माइगा

**पेरिस/बामाको।** माली के प्रधानमंत्री अब्दुलाये माइगा ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से मदद मांगने की उनकी कोशिशों के बावजूद फ्रांस साहेल क्षेत्र में आतंकवादियों का समर्थन जारी रखे हुए है। माइगा ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा को बताया संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के प्रति निष्ठावान, माली ने 15 अगस्त, 2022 को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से परिषद की एक बैठक बुलाने का अनुरोध किया।


# अरशद की भागवत जल्द होगी रिलीज

**मुंबई।** फिल्म भागवत में अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार काम करते नजर आएंगे। जी 5 ने अपनी आने वाली ऑरिजिनल फिल्म, भागवत की घोषणा की। फिल्म भागवत को बावेजा स्टूडियोज और डॉग एन बोन पिक्चर्स के सहयोग से जियो स्टूडियोज़ ने प्रोड्यूस किया है। सच्चाई और धोखे के बीच जबरदस्त जंग को दिखाने वाली यह क्राइम थ्रिलर जज्बातों से भरी और सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसका प्रीमियर सिर्फ इसी प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा।

अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार की मुख्य भूमिका वाली फिल्म भागवत की कहानी, इंस्पेक्टर विश्वास भागवत (अरशद वारसी का किरदार) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक महिला के गुमशुदा होने के मामूली से दिखने वाले मामले में उलझ जाता है।

लेकिन मामले की तहकीक.ात जल्द ही ध्रेब, छिपे हुए राज़ और संदिग्ध तस्करी के काले साए वाले भयावह जाल में फंस जाती है। इस उथल-पुथल के बीच, मीरा और प्रोफेसर समीर जितेंद्र कुमार का किरदार के बीच प्यार का बेहद नाजुक रिश्ता विकसित होने लगता है। दोनों के बीच की बढ़ती नजदीकियां इस कहानी में सोच से परे रोमांस और जज़्बातों का रंग घोलती है, जो इस कहानी में लगातार बढ़ रहे तनाव भरे माहौल से एकदम जुदा है।

अक्षय शेरे के निर्देशन में बनी फिल्म, भागवत में दो दमदार कलाकारों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिलेगा, जो यकीनन दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखने वाला है। उत्तर प्रदेश के रॉबर्ट्सगंज के भयावह माहौल पर आधारित, यह फिल्म अनसुलझे रहस्यों, जज्बातों और ड्रामा का शानदार मेल है, जो दर्शकों को स्ट्रीमिंग का यादगार अनुभव प्रदान करने वाला है। फिल्म भागवत की स्ट्रीमिंग जल्द ही जी 5 पर होगी।



सच्चाई और धोखे के बीच जबरदस्त जंग को दिखाने वाली यह क्राइम थ्रिलर जज्बातों से भरी और सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसका प्रीमियर सिर्फ इसी प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा। अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार की मुख्य भूमिका वाली फिल्म भागवत की कहानी, इंस्पेक्टर विश्वास भागवत (अरशद वारसी का किरदार) के इर्द-गिर्द घूमती है।



# फराह ने दीपिका की कथित शिफ्ट डिमांड का मजाक उड़ाया



**मुंबई।** फराह खान अपने लेटेस्ट व्लाग के लिए कुक दिलीप के साथ एक्टर रोहित सराफ के घर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने इंडस्ट्री में दीपिका पादुक.ोण की कथित आठ घंटे की शिफ्ट की मांग को लेकर मजाक उड़ाया। व्लाग में जब दिलीप ने पूछा कि दीपिका कब उनके शो में आएंगी, तो फराह ने मजाक में कहा, जिस दिन तू गांव चला जाएगा, उस दिन शो में आएंगी। उन्होंने आगे कहा, दीपिका अब सिर्फ आठ घंटे शूट करती हैं, इसलिए उनके पास शो में आने का समय नहीं है। दिलीप ने तुरंत जवाब दिया, अब से मैं भी शो के लिए दिन में आठ घंटे शूट करूंगा। फराह ने कहा, तुम अभी केवल दो घंटे शूट करते हो, अब से तुम भी आठ घंटे शूट करोगे। रोहित सराफ जल्द फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में दिखाई देंगे। बता दें कि एक्ट्रेस दीपिका संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट से बाहर हुई थीं। कथित तौर से दीपिका की तरफ से आठ घंटे की शिफ्ट, मोटी फीस, प्राफिट में हिस्सा और तेलुगु में डायलाग न बोलने जैसी डिमांड शामिल थी। दीपिका 2024 के सितम्बर में मां बनी हैं इसलिए वो कथित तौर से हफ्ते में बस 5 दिन आठ घंटे की शिफ्ट चाहती थीं। एक्ट्रेस की इन सारी मांगों से संदीप खुश नहीं थे। जिसके बाद उनको फिल्म से बाहर किया गया था। हाल ही में फराह खान ने उस वायरल वीडियो को लेकर रिएक्ट किया था, जिसमें सोशल मीडिया पर उन्हें और करण जौहर को आयुष शर्मा को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया गया था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एक्टर आयुष शर्मा, सलमान खान की बहन अर्पिता के पति हैं। इसमें दिख रहा था कि फराह और करण आयुष के पास से गुजर रहे थे। कुछ यूजर्स का कहना था कि फराह ने आयुष को नजरअंदाज किया। जिस पर फराह खान ने कहा, ष्कृपया बकवास लिखना बंद करें। मैं कभी किसी को नजरअंदाज नहीं कर सकती, खासकर आयुष को नहीं। मैंने उनके और अर्पिता के साथ व्लाग शूट किया है। बस जल्दी में उन्हें नहीं देखा। इसे खराब दिखाने के लिए इसे द्धवीडियोत्रः स्लो मोशन में बनाया गया।

# बिग बॉस के घर में मना तान्या का जन्मदिन

**मुंबई।** टीवी शो शबिग बासश के इस हफ्ते के वीकेंड का वार के प्रोमो में सलमान खान तान्या को सरप्राइज देते हुए नजर आ रहे हैं। वह कहते हैं, ओह! ओह! ओह! बॉस का जन्मदिन है। तान्या, बिग बास की टीम ने आपके लिए कुछ भेजा है। अभिषेक बजाज और शाहबाज तान्या के लिए एक तोहफा लेकर आते हैं। अभिषेक कहते हैं कि यह दुबई का बकलवा है। तान्या कहती हैं, मुझे उम्मीद है कि यह दुबई से होगा। सलमान कहते हैं, हां, यह दुबई से है, डांडा से थोड़ा पहले। जिस पर सभी घरवाले हंसने लगते हैं। वहीं, नेहल ने तान्या, जीशान और बशीर पर निशाना साधा। नेहल ने तान्या को लेकर कहा कि तान्या ने एक नहीं, दो नहीं, बल्कि 100 मुखौटे पहन रखे हैं। वहीं, जीशान कादरी के बारे में कहा कि वह अपने ग्रुप के लोगों पर बहुत नेगेटिव कमेंट करते हैं। इसके अलावा, उन्होंने बशीर के बारे में कहा कि उनकी इमोशनल मैच्योरिटी जीरो है। शो में एक्ट्रेस गौहर खान आएंगी।

# महेश भट्ट ने फिल्म तू मेरी पूरी कहानी से अरहान को किया लॉन्च



**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार महेश भट्ट और निर्देशक सुहृता दास ने अरहान पटेल को फिल्म तू मेरी पूरी कहानी से लॉन्च किया है। मध्य प्रदेश के सीहोर की खेतों से लेकर बॉलीवुड की चमचमाती दुनिया तक, अरहान पटेल का सफर सपनों की ताकत का असली सबूत है। किसान पिता के बेटे अरहान ने संघर्ष और धैर्य के वर्षों बाद महेश भट्ट की फिल्म तू मेरी पूरी कहानी से अब बड़े पर्दे पर बतौर लीडिंग मैन डेब्यू किया है। अरहान ने कहा, सुहृता मैम की हमारी अधूरी कहानी एक बेहद काव्यात्मक और आत्मा को छू लेने वाली फिल्म है। उसी फिल्म के बाद उन्होंने मुझमें वह क्षमता और चिगारी देखी, जिसकी वजह से मुझे यह ब्रेक मिला। उन्होंने ही सोचा कि मैं रोहन के किरदार में फिट बैठ सकता हूं। वे एक कमाल की स्टोरीटेलर हैं और मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे अपनी पहली फिल्म में उनके मार्गदर्शन और महेश भट्ट जैसे निर्माता के साथ काम करने का मौका मिला। अरहान के करियर के इस बड़े मौके को गढ़ने में महेश भट्ट और निर्देशक सुहृता दास की अहम भूमिका रही है। भट्ट कैंप का नया टैलेंट खोजने का लंबा इतिहास रहा है। सीहोर के छोटे-से कस्बे से निकलकर बॉलीवुड का हीरो बनने का अरहान पटेल का सफर, देशभर के सपने देखने वालों के लिए एक प्रेरणा है: मेहनत, जज्बे और सही मार्गदर्शन से कोई भी सपना हकीकत में बदला जा सकता है। फिल्म तू मेरी पूरी कहानी 26 सितम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी है।

# एमी अवाड्र्स नॉमिनेशन पर गर्व है: इम्तियाज



**मुंबई।** हाल ही में फिल्ममेकर इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला को इंटरनेशनल एमी अवार्ड के दो कैटेगरी को लिए नामिनेशन मिला है। दिवंगत पंजाबी संगीतकार अमर सिंह चमकीला के जीवन पर आधारित इस फिल्म को बेस्ट मिनी-सीरीज और फिल्म के लीड हीरो दिलजीत दोसांझ को बेस्ट एक्टर कैटेगरी में नामिनेट किया गया है। इस पर अब इम्तियाज ने अपना रिएक्शन दिया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए अली ने कहा कि उन्हें गर्व है कि साल 2024 में नेटफ्लिक्स पर आई इस फिल्म को क्रिटिक्स की प्रशंसा मिली और उसने भारत को अंतर्राष्ट्रीय दिग्गजों के साथ खड़ा कर दिया है। इम्तियाज ने कहा- हम अभी डिनर से वापस आए ही थे कि हमें यह खबर मिली। यह एक आशीर्वाद की तरह है, जो चमकीला की कहानी के माध्यम से हमारे पास आई है। मुझे बहुत खुशी है कि इस फिल्म को आवाज मिल रही है और इसे देखा जा रहा है। हमें बहुत गर्व है कि हम भारत को उस मंच पर ला पाए, जहां इतने सारे अंतर्राष्ट्रीय दिग्गज खड़े हैं।

# सोनी टीवी पर वापसी कर रहा इंडियन आइडल

**मुंबई।** भारत का सबसे पॉपुलर सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल एक बार फिर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर नए सीज़न के साथ आ रहा है।

इस बार शो यादों और संगीत की खास धुन अपने दिल को छू लेने वाले थीम यादों की प्लेलिस्ट: जहां आवाज़ें आज वाली और गाने आप वाले के साथ लाया है। आज के टैलेंट को पुराने गानों के साथ मिलाने का वादा करते हुए, यह सीज़न इंडियन म्यूजिक के पुराने गानों का एक संगीतपूर्ण जश्न होने वाला है। इस तरह से यह सीज़न इमोशंस, यादों और शानदार टैलेंट्स का एक जबरदस्त सफर होने वाला है।

# गरबा सीखने के लिए खूब मेहनत करती हैं आशी सिंह



**मुंबई।** सोनी सब के शो उफ्फ यह लव है मुश्किल में काम कर रही आशी सिंह का कहना है कि गरबा उन्हें बहुत आकर्षित करता है और वह इसे सीखने के लिए खूब मेहनत करती हैं। सोनी सब के उफ्फ यह लव है मुश्किल में आशी सिंह, कैरी शर्मा का किरदार निभा रही हैं। कैरी एक जीवंत, संवेदनशील और सहज युवती है, जिसकी यात्रा प्यार की जटिलताओं को दर्शाते हुए रोज़मर्रा की जिंदगी की मास.ूमियत और खूबसूरती को सामने लाती है। आशी अपनी बारीक अदाकारी से कैरी के किरदार को जीवंत बना देती हैं, जिससे दर्शक तुरंत उससे जुड़ जाते हैं। नवरात्रि के माहौल में डूबी हुई पूरी देशभर की रौनक के बीच, आशी सिंह ने इस त्योहार के महत्व और अपने अनोखे जुड़ाव के बारे में बात की। उनके लिए नवरात्रि का उत्सव उनकी जड़ों और रंगीन परंपराओं का खूबसूरत संगम है। आशी सिंह ने कहा, मैं उत्तर भारत से हूं और वहां नवरात्रि का मतलब हमेशा माता का जागरण, पूजा और सारे रीति-रिवाज होते थे। लेकिन मुझे हमेशा गरबा और डांडिया ने आकर्षित किया।